★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ पटना संस्करण

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 36 ★ अंक: 833 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, मंगलवार, 25 अगस्त 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com




दिल्ली से पटना आ रही फ्लाइट में बर्ड हिट, 164 यात्री सेफ

## टीआरई-4 में दो चरणों में होगी शिक्षक भर्ती परीक्षा

**टीआरई-4 की परीक्षा दिसंबर-जनवरी में, अक्टूबर में जारी होगी तिथि**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में चौथे चरण की शिक्षक बहाली यानी टीआरई-4 को लेकर एक तरफ अभ्यर्थियों का आंदोलन चल रही है। वहीं दूसरी तरफ बीपीएससी ने परीक्षा की प्रक्रिया और संभावित समय-सारणी को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें स्पष्ट कर दी हैं।

***टीआरई-4 में दो स्तरीय परीक्षा ही होगी*** : बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अब आयोग की सभी परीक्षाएं दो स्तरों पर आयोजित की जा रही हैं। ऐसे में टीआरई-4 के लिए भी प्रीलिम्स और मेंस दोनों परीक्षाएं होंगी। उन्होंने साफ किया कि पहले किसी एग्जाम में एक स्तर की परीक्षा हुई है, इसलिए आगे भी उसी व्यवस्था को जारी रखा जाए, यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता। राजेश कुमार सिंह ने कहा कि टीआरई-4 की परीक्षा दिसंबर के अंत से जनवरी के बीच आयोजित किए जाने की तैयारी है। परीक्षा की तारीख अक्टूबर के मध्य तक जारी कर दी जाएगी। टीआरई-4 में फिलहाल करीब 34 हजार पद हैं, लेकिन 30 सितंबर को आवेदन की अंतिम तारीख तक शिक्षा विभाग की ओर से जितनी अतिरिक्त सीटों की अधियाचना भेजी जाएगी, उन्हें भी इसी भर्ती में जोड़ दिया जाएगा। यानी अंतिम वैकेंसी की संख्या बढ़ सकती है। अभ्यर्थियों के आवेदन पूरे होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कितने उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होंगे और उसी के आधार पर परीक्षा की विस्तृत व्यवस्था तय की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक यदि अभ्यर्थियों की संख्या 5 लाख तक रहती है तो आयोग एक दिन में परीक्षा कराने में सक्षम है। इससे अधिक अभ्यर्थी होने की स्थिति में परीक्षा दो बार आयोजित करनी पड़ सकती है। इसके अलावा कक्षा और शिक्षक श्रेणी के अनुसार अलग-अलग दिनों और अलग-अलग शिफ्ट में परीक्षा कराने की व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा की तारीख और शिफ्ट से जुड़ा अंतिम फैसला अभ्यर्थियों की वास्तविक संख्या सामने आने के बाद लिया जाएगा। बीपीएससी परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि टीआरई-4 में बड़ी संख्या में पद होने के कारण प्रीलिम्स में वैकेंसी की संख्या से ढाई गुना से अधिक अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी किए जाने की तैयारी है। इसके बाद सफल अभ्यर्थी मेंस परीक्षा में शामिल होंगे। खास बात यह है कि मेंस परीक्षा में भी वस्तुनिष्ठ प्रश्न ही होंगे। यानी अभ्यर्थियों को दोनों चरणों में ऑब्जेक्टिव प्रश्नों का सामना करना होगा। टीआरई-4 में नेगेटिव मार्किंग को लेकर भी राजेश कुमार सिंह ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि आयोग की अब सभी परीक्षाओं में नेगेटिव मार्किंग लागू है और शिक्षक चयन जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में इसका होना बेहतर है। इससे अभ्यर्थी केवल अनुमान लगाकर यानी तुक्का लगाकर उत्तर देने से बचेंगे। गलत उत्तर देने पर उन्हें नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि यह नियम सभी अभ्यर्थियों के लिए समान है, इसलिए इससे किसी को अलग तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## विवादित बयान पर बीपीएससी परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह के विवादित बयान को लेकर मचे बवाल के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्रवाई का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी से बात कर सामान्य प्रशासन विभाग को उनके निलंबन की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सोमवार को बीपीएससी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अभ्यर्थियों से जुड़े सवाल पर परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने कहा था, "हाथी चले बाजार, कुत्ता भौंके हजार।" बयान का वीडियो सामने आने के बाद अभ्यर्थियों और राजनीतिक दलों की ओर से विरोध शुरू हो गया। मामला बढ़ने पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी से बात की और कार्रवाई का निर्देश दिया। विवाद बढ़ने के बाद राजेश कुमार सिंह ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने एक कहावत का इस्तेमाल किया था, जिसे सोशल मीडिया पर अलग संदर्भ में पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि उनका किसी व्यक्ति या समूह की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। यदि उनकी बात से किसी को ठेस पहुंची है तो उन्होंने खेद जताया।

## श्रावणी मेला : सावन की आखिरी सोमवारी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** सावन की आखिरी सोमवारी के मौके पर देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखी। आखिरी सोमवारी को लेकर भगवान बैद्यनाथ मंदिर का पट सुबह 4:30 बजे खोला गया। पट खुलते ही हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ के शिवलिंग पर जलार्पण शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित तरीके से मंदिर तक पहुंचाने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई थी। मंदिर के सरदार पंडा गुलाब नंद झा ने कहा कि सावन का महीना भगवान भोलेनाथ के लिए बेहद खास माना जाता है और सावन की सोमवारी का अपना विशेष धार्मिक महत्व है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ के लिए बेलपत्र, जल



और सच्ची आस्था सबसे महत्वपूर्ण है। सोमवार के दिन बाबा पर जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है, इसी आस्था के साथ बड़ी संख्या में भक्त बाबा धाम पहुंच रहे हैं। देवघर के उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने बताया कि पिछली सोमवारी की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वहीं देवघर के एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। रात से ही पुलिसकर्मी और पदाधिकारी श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराने में जुटे हुए हैं। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। आखिरी सोमवारी के मौके पर आम श्रद्धालुओं के साथ कई गणमान्य लोग भी बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। राज्य की डीजीपी तदाशा मिश्रा भी देवघर पहुंची और बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। सुबह से उमड़ी भीड़ को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि सावन की आखिरी सोमवारी पर देर रात तक करीब साढ़े तीन लाख श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण कर सकते हैं। प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं का कहना है कि सावन की आखिरी सोमवारी उनके लिए बेहद खास है। इसी आस्था के साथ वे बाबा बैद्यनाथ के दरबार पहुंचे हैं और जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

## 12 सैटेलाइट टाउनशिप के लिए किसानों से सीधे बात करेगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में प्रस्तावित 12 सैटेलाइट टाउनशिप के लिए जमीन जुटाने को लेकर कुछ इलाकों में किसानों और जमीन मालिकों के विरोध को देखते हुए सरकार अब उनसे सीधे बातचीत करेगी। जमीन देने के लिए उन्हें विभिन्न विकल्प और उनसे मिलने वाले लाभ की जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास विभाग की टीम किसानों और रैयतों के बीच जाएगी। टीम उन्हें टाउनशिप के लिए जमीन देने की प्रक्रिया, उपलब्ध विकल्प और उनके फायदे आसान भाषा में समझाएगी। सरकार की पहली कोशिश किसानों की सहमति से लैंड पूलिंग के जरिए अधिक से अधिक जमीन जुटाने की है। जरूरी सड़क, नाली, पार्क और अन्य सुविधाओं के लिए जमीन उपलब्ध नहीं होने पर नियमों के तहत खरीद या अधिग्रहण का विकल्प भी अपनाया जा सकेगा। टाउनशिप की सीमाएं पहले ही तय की जा चुकी हैं। पाटलिपुत्र टाउनशिप की योजना का प्रारूप भी सामने आ चुका है। इसे कुल 30 सेक्टर में विकसित करने की योजना है। फिलहाल पाटलिपुत्र टाउनशिप के सामाजिक और आर्थिक असर का अध्ययन कराया जा रहा है। अध्ययन पूरा होने के बाद जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। जमीन देने को लेकर रैयतों के विरोध के बीच विभाग की टीम उनसे सीधे बातचीत करेगी। उन्हें बताया जाएगा कि जमीन देने के कौन-कौन से रास्ते हैं, किस विकल्प में क्या लाभ मिलेगा और प्रक्रिया किस तरह आगे बढ़ेगी।

**पहला विकल्प** : लैंड पूलिंग। किसानों की सहमति से लैंड पूलिंग के तहत रैयत टाउनशिप योजना के लिए जमीन देंगे। इसके बाद संबंधित क्षेत्र में सड़क, नाली, पार्क और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जमीन के विकास के बाद तैयार जमीन का 55 प्रतिशत हिस्सा जमीन मालिक को वापस दिया जाएगा। यह जमीन टाउनशिप के विकसित क्षेत्र में किसी भी स्थान पर दी जा सकती है।

**दूसरा विकल्प** : खरीद या अधिग्रहण। सड़क, नाली, पार्क, स्कूल, कॉलेज और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए जमीन की जरूरत होने पर पहले संबंधित किसानों से जमीन बेचने के लिए कहा जाएगा। रैयत के तैयार नहीं होने पर तय नियमों और प्रक्रिया के तहत जमीन का अधिग्रहण किया जा सकता है।

**तीसरा विकल्प** : अतिरिक्त लाभ। आपसी सहमति के आधार पर जमीन देने वाले किसानों को अतिरिक्त लाभ देने का प्रावधान होगा। इनमें अतिरिक्त फ्लोर एरिया रेशियो, ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स और विकास शुल्क में छूट जैसे प्रावधान शामिल हैं।

## ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत, हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर थाना क्षेत्र के सद्भावना चौक स्थित मेट्रो हॉस्पिटल में रविवार को ऑपरेशन के दौरान 40 वर्षीया गीता देवी की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की और कर्मियों के साथ मारपीट की। सूचना पर नगर थाना समेत आसपास के कई थानों की पुलिस और पुलिस लाइन से स्वॉट टीम मौके पर पहुंची। नगर सर्किल इंस्पेक्टर पंकज कुमार झा और थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने भीड़ को शांत कराया। उपद्रव के आरोप में करीब दर्जन भर लोगों को हिरासत में लिया गया।

## सड़क हादसे में चार की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में रविवार देर रात सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सोमवार को इलाज के दौरान एक अन्य की मौत हो गई। हादसे में दो लोग घायल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अमनौर थाना





क्षेत्र के सुल्तानगंज गांव निवासी फारूक मियां परिजनों को चिकित्सक से दिखाकर गड़खा थाना क्षेत्र से ई-रिक्शा से लौट रहे थे। सोनहो टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित 18 चक्का ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में फारूक मियां, शहीदा खातून और शना खातून की मौके पर मौत हो गई। वहीं, इलाज के दौरान सोमवार को अर्श आलम ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## जलबोझी के दौरान नदी में डूबे दो युवक, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुशहरी थाना क्षेत्र स्थित आथर घाट पर सोमवार की सुबह जलबोझी के दौरान नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों अंतिम सावन की सोमवारी पर जलबोझी के लिए आथर घाट से पवित्र गंगाजल लेने पहुंचे थे। ग्रामीणों के अनुसार, जलबोझी के दौरान एक युवक का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख वहां मौजूद दूसरा युवक बचाने के लिए नदी में आगे बढ़ा, लेकिन तेज धारा में दोनों बह गए। देखते ही देखते दोनों काफी दूर निकल गए।



घटना की सूचना मिलने पर मुशहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों, मछुआरों व गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश शुरू कराई। तलाश अभियान के दौरान एक युवक को अधमरी हालत में नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस उसे मुशहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की सांस चलती देख पुलिस उसे एसकेएमसीएच लेकर गई, लेकिन वहां डॉक्टरों ने भी उसकी मौत की पुष्टि कर दी। कुछ देर बाद गोताखोरों ने दूसरे युवक का शव भी नदी से बरामद कर लिया। मृतकों की पहचान मनियारी थाना क्षेत्र के मनियारी भगवानपुर टोला निवासी राम स्वरूप के 17 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार और राकेश चौधरी के 14 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। दोनों बाबा दूधनाथ धाम मंदिर में जलाभिषेक के लिए आथर घाट से पवित्र गंगाजल लेने गए थे। देवव्रत कुमार सहनी ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बड़ी संख्या में कांवरिया और श्रद्धालु आथर घाट से जलबोझी करते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाते हैं। उनका कहना है कि घाट पर सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था होती तो हादसा रोका जा सकता था। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मेहता ने बताया कि सूचना मिलने

## मुख्यमंत्री ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण, फरक्का बराज के सभी गेट खुले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को जिले के नवगछिया अनुमंडल के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों और क्षतिग्रस्त काजीकोरैया-राघोपुर तटबंध का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद हवाई अड्डे पर आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में तत्परता बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित लोगों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आपात स्थिति से निपटने और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की पूरी तैयारी रखी जाए। उन्होंने दियारा क्षेत्रों में संवेदनशीलता के साथ राहत कार्य चलाने और एसओपी के





तहत मदद पहुंचाने पर जोर दिया। श्री चौधरी ने क्षतिग्रस्त तटबंधों की तत्काल मरम्मत और संवेदनशील स्थलों की निरंतर निगरानी के निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए। उन्होंने प्रशासनिक व तकनीकी विभागों को आपसी समन्वय से जलस्तर के उतार-चढ़ाव पर नजर बनाए रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद फरक्का बराज के सभी गेट खोल दिए गए हैं। इससे भागलपुर समेत अन्य जिलों में जलस्तर का दबाव कम हो रहा है और जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक (अभियान) कुंदन कृष्णन, जल संसाधन सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार, जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।


Adiva Living with Tradition | पलाश | IIM CALCUTTA INNOVATION PARK

## झारखण्ड इनक्यूबेटर

झारखण्ड की स्वयं सहायता समूह (SHG) आधारित महिला उद्यमियों को गैर-कृषि क्षेत्रों में व्यवसाय बढ़ाने, राजस्व में वृद्धि करने और आजीविका मजबूत करने के लिए सशक्त बनाना







**मुख्य लाभ**

**कुल 150 महिला उद्यमियों का चयन किया जाएगा**

- **₹10 लाख** तक अनुदान / **ब्याज-मुक्त ऋण** के रूप में वित्तीय सहायता।
- **आईआईएम कोलकाता इनोवेशन पार्क** द्वारा व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण।
- **ब्रांडिंग एवं व्यवसाय** के विकास में सहायता।
- **उपकरणों, प्रौद्योगिकियों एवं व्यावसायिक** प्रक्रियाओं की जानकारी।
- **नेटवर्किंग, बाजार संपर्क (Market Linkages)** तथा **सरकारी योजनाओं** तक पहुँच में सहायता।

**पात्रता**

- ऐसे उद्यमी जिनका स्वामित्व सखी मंडल की सदस्यों, उनके परिवारों अथवा निकट संबंधियों के पास हो।
- पंजीकृत बड़े उद्यमी, समूह उद्यमी अथवा व्यक्तिगत उद्यमी।
- विनिर्माण (Manufacturing) एवं सेवा (Services) क्षेत्र में कार्यरत उद्यमी।



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

ऑनलाइन आवेदन लिंक: nipjharkhand.iimcip.net

अंतिम तिथि: 30 सितंबर 2026

झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

PR. 388262 (Jharkhand State Livelihood Promotion Society) 26-27

# जीविका दीदियों की पहल से इलाज सुलभ

## 45 स्वास्थ्य सहायता केंद्रों के जरिए गरीब परिवारों को मिल रहा बड़ा संबल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जानकारी के अभाव में अक्सर इधर-उधर भटकना पड़ता है। उनकी इस समस्या का समाधान बनकर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं जीविका दीदियां सामने आई हैं। राज्य सरकार और जीविका (बिहार ग्रामीण जीविका प्रोत्साहन समिति) के साझा प्रयासों से अस्पतालों में संचालित कुल 45 जीविका स्वास्थ्य सहायता केंद्र (हेल्प डेस्क) पर तैनात स्वास्थ्य मित्र के रूप में ये दीदियां लोगों को न सिर्फ बीमारी से संबंधित डॉक्टर बल्कि जांच और दवा केंद्र तक पहुंचने में बखूबी मदद कर रही हैं। जीविका के पहले स्वास्थ्य सहायता केंद्र की स्थापना 5 सितंबर 2022 को भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जेएलएनएमसीएच) में की गई थी। यहां अलग-अलग शिफ्टों में तैनात स्वास्थ्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित यह दीदियां शिफ्ट के अनुसार लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में मदद करती हैं। ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों से पहुंचने वाले लोगों को यह दीदियां बिना किसी भटकाव सीधे डॉक्टर का चेंबर और जांच, दवा केंद्र तक पहुंचाने में मदद करती हैं। इस पहल की सफलता को देखते हुए इसका राज्य भर में तेजी से विस्तार किया गया। वर्तमान आंकड़ों के मुताबिक राज्य में स्थापित 45 केंद्रों में से 35 सहायता केंद्र राज्य के बड़े सरकारी/जिला अस्पतालों में और 10 सहायता केंद्र प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालयों (मेडिकल कॉलेजों) एवं अस्पतालों में क्रियान्वित हैं। सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेजों में संचालित सहायता केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) द्वारा स्वास्थ्य मित्रों का चयन किया जाता है। प्रशिक्षण के बाद अस्पतालों में अलग-अलग शिफ्टों में तैनात ये स्वास्थ्य मित्र मरीजों की सहूलियत के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हैं। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़े सदस्यों या उनके परिजनों के अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में स्वास्थ्य मित्र निर्धारित प्रपत्र (फॉर्म) में मरीजों का पूरा विवरण दर्ज करते हैं और उनकी आवश्यकतानुसार हर संभव मदद सुनिश्चित करते हैं। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को परामर्श, बीमारियों की जांच, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, रक्त (ब्लड) एवं ऑक्सीजन का प्रबंध के साथ मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था कराने में जीविका दीदियां (स्वास्थ्य मित्र) सीधे तौर पर सहयोग करती हैं।



राज्य के अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में हेल्प डेस्क जैसी व्यवस्था का सीधा लाभ हमारे गरीब और ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को मिल रहा है। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि इलाज के लिए आने वाले हर व्यक्ति को त्वरित और सहज सहायता मिले, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई या बिचौलियों का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य सेवाओं में यह सुधार जनता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**श्रवण कुमार**
**(मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग)**

# बदलते तकनीकी परिवेश में अंकेक्षण व्यवस्था को भी आधुनिक एवं तकनीक-सक्षम बनाया जाना आवश्यक : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पटना स्थित एल.एन. मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज में सहकारी अंकेक्षण सेवा के अधिकारियों के लिए छह दिवसीय क्षमता निर्माण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंकेक्षकों के कार्य-कौशल, तकनीकी दक्षता एवं पेशेवर क्षमताओं को सुदृढ़ करना तथा उन्हें आधुनिक अंकेक्षण पद्धतियों एवं तकनीकी नवाचारों से परिचित कराना है। प्रशिक्षणार्थियों में कुल पच्चीस जिला अंकेक्षण पदाधिकारी एवं पांच उप मुख्य अंकेक्षक सम्मिलित हैं। प्रशिक्षण के उद्देश्यों के बारे में सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने में गुणवत्तापूर्ण अंकेक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। बदलते तकनीकी परिवेश में अंकेक्षण व्यवस्था को भी आधुनिक एवं तकनीक-सक्षम बनाया जाना आवश्यक है। अंकेक्षकों की क्षमता निर्माण के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटल तकनीकों का प्रभावी उपयोग सहकारी क्षेत्र में सुशासन को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर सहकारिता सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि पदाधिकारियों के कार्य-कौशल एवं दक्षता में निरंतर वृद्धि के लिए विभाग द्वारा नियमित अंतराल पर क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सहकारिता क्षेत्र तेजी से विस्तार एवं परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में प्रौद्योगिकी आधारित ऑनलाइन सिस्टम ऑडिट, आधुनिक अंकेक्षण पद्धतियों तथा समवर्ती अंकेक्षण को प्रभावी ढंग से अपनाया जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीकों एवं उनके व्यावहारिक उपयोग से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया जा रहा है। सहकारी समितियों के लेखांकन में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करना अंकेक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अंकेक्षण का उद्देश्य केवल वित्तीय अभिलेखों की जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संस्थागत सुशासन को भी मजबूत किया जाना है। इस अवसर पर निबंधक, सहयोग समितियां रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि अंकेक्षक सहकारिता विभाग की आंख और कान हैं।

# सम्राट भैया की सरकार में महिलाओं का सफर सुरक्षित, पिंक बसों ने बदली तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 'शहर की भीड़भाड़ के बीच महिलाओं के लिए अलग बस सेवा शुरू करना सरकार का एक संवेदनशील और सराहनीय फैसला है। यह पहल महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।' बेली रोड से स्टेशन तक सफर कर रही पूजा बताती है। बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य के प्रमुख शहरों में पिंक बस सेवा संचालित की जा रही है। इन बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकर और पैनिक बटन लगाए गए हैं। बसों में टिकट और परिचालन के लिए मुख्य रूप से महिला कंडक्टर तैनात की जाती है। ये बसें एसी युक्त, लो-फ्लोर और बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक बसें हैं। इनमें मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और आरामदायक सीटों की सुविधा भी उपलब्ध है। हाल ही में रक्षाबंधन के अवसर पर प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत पटना और आसपास के क्षेत्रों के लिए आधुनिक एसी इलेक्ट्रिक पिंक बसों का भी संचालन शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत मिली इन पांच इलेक्ट्रिक बसों का संचालन पटना और आसपास के इलाकों में किया जा रहा है। सभी बसें लो-फ्लोर, बैटरी चालित और एसी युक्त हैं। बीएसआरटीसी के अनुसार दो बसें पटना-पालीगंज, दो पटना-बेली रोड कमरूट और एक बस पटना-बिहटा मार्ग पर चल रही है। इससे महिलाओं को आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन की सुविधा मिलेगी।

# स्टार्टअप्स की फंडिंग, ग्रोथ और बाजार तक पहुंच पर स्टेकहोल्डर डायलॉग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत बनाने तथा स्टार्टअप्स की जरूरतों के अनुरूप सपोर्ट सिस्टम विकसित करने के उद्देश्य से उद्योग विभाग की ओर से स्टार्टअप बिहार स्टेकहोल्डर डायलॉग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक प्रतिनिधियों, स्टार्टअप सेल, इनक्यूबेशन सेंटर, इन्वेस्टर्स एवं विभिन्न स्टार्टअप्स ने सक्रिय भागीदारी की। इस दौरान फंडिंग, कैपिटल मार्केट एक्सेस, एसएमई लिस्टिंग, इन्वेस्टर रेडीनेस, टेक्नोलॉजी, इनक्यूबेशन और बैंकिंग सपोर्ट सहित स्टार्टअप्स की फंडिंग, ग्रोथ और बाजार तक पहुंच से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एमएसएमई निदेशक अमन समीर ने कहा कि स्टार्टअप और एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए शुरुआती चरण से लेकर विस्तार तक जरूरी मार्गदर्शन और संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि इनोवेटिव आइडियाज को सस्टेनेबल एंटरप्राइजेज में बदला जा सके। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवा अपने आइडियाज को सफल स्टार्टअप में परिवर्तित करें और राज्य में रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर सृजित हों, यही विभाग का उद्देश्य है। उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता ने कहा कि उद्योग विभाग बिहार में मजबूत और सक्षम स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। स्टार्टअप्स को केवल वित्तीय सहायता ही नहीं, बल्कि बेहतर तकनीकी, संस्थागत और बाजार संबंधी सहयोग उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इवैल्यूएशन प्रोसेस को एआई आधारित बनाया जा रहा है, जिससे मानवीय हस्तक्षेप कम होगा और लगभग 15 से 20 दिनों के समय की बचत होगी। इससे स्टार्टअप्स को तेज, पारदर्शी और प्रभावी सपोर्ट उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में बीएसई पटना रीजन के डिप्टी मैनेजर गगन कुमार सिंह, सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह, एसटीपीआई के निदेशक संजय कुमार, आईसी आईआईटीपी के जनरल मैनेजर जोसेफ पॉल तथा एआईसी-बिहार विद्यापीठ फाउंडेशन के चेयरमैन-कम-सीईओ विजय प्रकाश ने कैपिटल मार्केट, इनक्यूबेशन, टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप ग्रोथ से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान स्टार्टअप बिहार ऐप पर चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। स्टार्टअप्स से ऐप और स्टार्टअप बिहार की विभिन्न पहलों को लेकर फीडबैक एवं सुझाव लिए गए,

# आपदा प्रबंधन की दिशा में पहल : लोक प्रशासन विभाग ने तैयार की आपदा किट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्नातकोत्तर लोक प्रशासन विभाग के सेमेस्टर 3 के विद्यार्थियों ने आपदा किट तैयार किया। इस आपदा किट में आपातकालीन परिस्थितियों में आवश्यक उपयोगी सामग्रियों को शामिल किया गया है, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल राहत एवं प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि आपदा प्रबंधन में पूर्व तैयारी का विशेष महत्व है। आपदा किट जैसी पहल लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि जागरूकता और तैयारी के माध्यम से आपदा से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। लोक प्रशासन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कविता राज ने बताया कि आपदा किट का उद्देश्य आपदा के समय आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा लोगों में आपदा के प्रति सजगता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

# केवाइपी केंद्रों के भविष्य पर बढ़ा आक्रोश, आज धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में संचालित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के नवीनीकरण, लंबित भुगतान एवं प्रशिक्षण कार्य तत्काल शुरू करने की मांग को लेकर केवाईपी केंद्र संचालकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। केंद्र संचालकों ने सामूहिक बैठक कर 25 अगस्त को पटना में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। केंद्र संचालकों के अनुसार लंबे समय से केवाईपी केंद्रों के नवीनीकरण और प्रशिक्षण कार्य को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से केंद्र संचालकों के सामने गंभीर परेशानी उत्पन्न हो रही है। वहीं, प्रशिक्षण कार्य बाधित रहने से केवाईपी से जुड़ने वाले युवाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**तीन मांगों को लेकर होगा आंदोलन :** केंद्र संचालकों ने सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखने का निर्णय लिया है। इनमें सभी केवाईपी केंद्रों का तत्काल नवीनीकरण, लंबित भुगतान का अविलंब जारी किया जाना तथा केवाईपी प्रशिक्षण तत्काल प्रारंभ करना शामिल है। केंद्र संचालकों का कहना है कि केवाईपी बिहार के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने वाला महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसलिए केंद्रों के भविष्य को लेकर जल्द निर्णय लेने के साथ प्रशिक्षण प्रक्रिया भी बिना किसी और देरी के शुरू की जानी चाहिए।

**25 अगस्त को गर्दनीबाग में जुटेंगे संचालक**

निर्णय के अनुसार 25 अगस्त को प्रातः 10 बजे गर्दनीबाग, पटना में केवाईपी केंद्र संचालक धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा। केंद्र संचालकों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को उठाएंगे और केवाईपी केंद्रों के नवीनीकरण, लंबित भुगतान तथा प्रशिक्षण शुरू होने तक अपनी आवाज मजबूती से उठाते रहेंगे। केंद्र संचालकों का कहना है 'केवाईपी बचाओ, रोजगार बचाओ और बिहार के युवाओं का भविष्य बचाओ।'

# पाटलिपुत्र उप डाकघर के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन

## देशभर में 14 नवीनीकृत डाकघरों का वर्चुअल लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक सेवाओं को आधुनिक, सुगम, प्रभावी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों के तहत पाटलिपुत्र उप डाकघर, पटना के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन सोमवार को किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय डाक विभाग द्वारा देशभर में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़ा रहा। इस अवसर पर देशभर में नवीनीकृत किए गए 14 डाकघरों के भवनों का वर्चुअल लोकार्पण संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा किया गया। बिहार में पाटलिपुत्र उप डाकघर का नवीनीकृत भवन भी इस राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा बना। कार्यक्रम के दौरान रिवैम्प्ड डाक सेवा ऐप एवं रिवैम्प्ड डाक मित्र ऐप का भी शुभारंभ किया गया। इन दोनों डिजिटल पहलों का उद्देश्य डाक सेवाओं को अधिक आधुनिक, सुगम, प्रभावी, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाना तथा नागरिकों को डिजिटल माध्यम से बेहतर सेवा अनुभव उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारतीय डाक को देश के सबसे व्यापक एवं भरोसेमंद जनसेवा नेटवर्क में से एक बताते हुए डाक सेवाओं के निरंतर आधुनिकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक अवसंरचना और नई तकनीक के समुचित उपयोग के माध्यम से डाकघरों को बदलती नागरिक आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक सक्षम, प्रभावी एवं नागरिक-केंद्रित बनाया जा रहा है। उन्होंने भारतीय डाक की डिजिटल परिवर्तन यात्रा को और गति देने तथा 'डाक सेवा, जन सेवा' की भावना को मजबूत करने पर भी बल दिया। संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि भारतीय डाक केवल पत्र एवं पार्सल पहुंचाने वाली संस्था नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों को विभिन्न सेवाओं से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण जनसेवा नेटवर्क है। उन्होंने आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्रणालियों और बेहतर सेवा वितरण के माध्यम से नागरिकों को तेज, पारदर्शी एवं विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। सीता साहू, महापौर, पटना नगर निगम ने पाटलिपुत्र उप डाकघर के नवीनीकरण का स्वागत करते हुए कहा कि डाक विभाग लंबे समय से आम नागरिकों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराता रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त नवीनीकृत डाकघर नागरिकों को बेहतर सेवा अनुभव प्रदान करेगा तथा पारंपरिक और डिजिटल डाक सेवाओं के बेहतर समन्वय में सहायक होगा।

# हरे परिधानों में सजी महिलाओं ने सावन मिलन समारोह में बिखेरी खुशियां



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश जयसवाल सर्ववर्गीय महिला महासभा के बैनर तले दिनकर गोलंबर स्थित पॉपुलर रेजीडेंसी, पटना में जयसवाल परिवार सावन मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। सावन के रंग में रंगी इस विशेष संध्या में जयसवाल समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महिलाएं हरे रंग के आकर्षक परिधानों में सुसज्जित होकर पहुंचीं और पूरे परिसर में सावन की हरियाली व उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गेम, गीत-संगीत और खान-पान की विशेष व्यवस्था की गई थी। सावन के पारंपरिक गीतों और मधुर धुनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं।

# रेलवे ने पानी की टंकियों और फिल्टरों की सफाई के लिए विशेष अभियान शुरू

## क्षेत्रीय रेलवे को पेयजल अवसंरचना का व्यापक निरीक्षण और सुधार करने की सलाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नयी दिल्ली/पटना।** भारतीय रेलवे ने स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पानी की टंकियों और फिल्टरों की सफाई और उन्हें कीटाणु मुक्त बनाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। यह पहल भारतीय रेलवे में पेयजल गुणवत्ता प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए बनाई गई व्यापक कार्य योजना का हिस्सा है। इस कार्य योजना में संपूर्ण पेयजल प्रणाली के नियमित निरीक्षण और रखरखाव पर जोर दिया गया है। इसमें पाइपलाइन के अंत में जल परीक्षण के साथ स्रोत और उपभोग स्थल दोनों पर जल गुणवत्ता परीक्षण करने पर भी बल दिया गया है। क्षेत्रीय रेलवे इस अभियान के दौरान जल स्रोतों, उपचार एवं निस्पंदन संयंत्रों, भूमिगत और ओवरहेड टैंक, पीवीसी टैंक, जल बूथ, नलों और जल वितरण बिंदुओं का व्यापक निरीक्षण करेगी। सभी पानी की टंकियों को खाली करके उनकी सफाई के बाद कीटाणुरहित किया जाएगा। इसके अलावा वेंट और ओवरफ्लो बिंदुओं को पक्षियों, जानवरों और शैवाल से बचाने के लिए उचित सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे। इस अभियान के दौरान सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता वाली कमियों की पहचान भी की जाएगी। क्षतिग्रस्त टैंक, पाइपलाइन और फिल्टर की मरम्मत की जाएगी या आवश्यकतानुसार उन्हें बदला जाएगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पीने योग्य और गैर-पीने योग्य जल प्रणालियों के बीच कोई क्रॉस-कनेक्शन न हो। पीने के पानी की आपूर्ति में शामिल सभी पाइपों से रिसाव की जांच की जाएगी और पानी की बर्बादी को रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाएंगे। उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां पीने के पानी के लिए हैंडपंप और बोरवेल का उपयोग किया जा रहा है। क्षेत्रीय रेलवे यह सुनिश्चित करेगा कि इनसे प्राप्त जल पीने के लिए सुरक्षित हो। इस कार्य योजना में रेलवे कॉलोनियों और कार्यस्थलों में पेयजल अवसंरचना के लिए भी इसी तरह के उपायों की परिकल्पना की गई है जिससे सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल पर ध्यान यात्री क्षेत्रों से परे भी विस्तारित हो सके। भारतीय रेलवे इन समन्वित उपायों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रणाली में निवारक निरीक्षण, बुनियादी ढांचे के रखरखाव, सफाई, जल गुणवत्ता परीक्षण और सुधारात्मक कार्रवाई तंत्र को मजबूत कर रहा है।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर मनोकामना मंदिर में हुई रुद्र आरती, बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सावन मास की अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर राजधानी पटना के जक्कनपुर स्थित मनोकामना मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। शिववास के शुभ अवसर पर आयोजित भगवान रुद्र आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने भगवान रुद्र की आरती में शामिल होकर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने सावन के अंतिम सोमवार के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव की आराधना मनुष्य को आध्यात्मिक शक्ति, धैर्य और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान शिव के बताए मार्ग पर चलने और समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव एवं सेवा की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

# ट्रांसमिशन कंपनी की तत्परता से 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र डुमरांव के माध्यम से बक्सर जिले में विद्युत आपूर्ति बहाली सुनिश्चित

## उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युतापूर्ति के लिए बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्रतिबद्ध : प्रबंध निदेशक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/ बक्सर।** बीते दिन ग्रिड उपकेंद्र डुमरांव में स्थापित 80 एमभीए पावर ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से बक्सर जिले के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई। बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. नवल किशोर चौधरी (भा.प्र.से.) ने बताया कि ग्रिड उपकेंद्र में तकनीकी समस्या को पहचान कर तुरंत सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिया गया। उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था स्थापित कर बक्सर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल की जा रही है। आपात स्थिति से निपटारे के लिए बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की टीमों को त्वरित रूप से मौके पर भेजा गया। इसके परिणामस्वरूप वैकल्पिक व्यवस्था के अनुसार ग्रिड उपकेंद्र डुमरांव (नया) से डुमरांव तक की 132केवी डबल सर्किट लाइन के माध्यम से 33 केवी पर लगभग 30 एमडब्लू विद्युत की आपूर्ति के साथ ग्रिड उपकेंद्र डुमरांव (नया) के 33 केवी फीडर से अतिरिक्त 15 मेगावाट की आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड प्रतिबद्ध है। हमारी तकनीकी टीम ने त्वरित निरीक्षण और समन्वय के माध्यम से समस्या की पहचान कर ली है और वैकल्पिक आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। निर्माता कंपनी द्वारा तकनीकी मरम्मत के कार्य के साथ आवश्यक टेस्टिंग तेजी से की जा रही है। इसके साथ ही सामानांतर रूप से 80 एमवीए के एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर को डुमरांव ग्रिड उपकेंद्र पर अधिष्ठापित करने की भी कार्रवाई की जा रही है। स्थिति पूरी तरह स्थिर होते ही सामान्य रूटीन आपूर्ति पुनः चालू कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# 'बिहार के पर्यावरण स्तंभ' का विमोचन बिहार विधान परिषद सभागार में आज

**पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधान परिषद के सभापति डॉ अवधेश नारायण सिंह करेंगे**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति प्रेम एवं बिहार की पर्यावरणीय चेतना को समर्पित महत्वपूर्ण पुस्तक बिहार के पर्यावरण स्तंभ का विमोचन समारोह 25 अगस्त को बिहार विधान परिषद सभागार, पटना में आयोजित किया गया है। पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के सभापति डॉ अवधेश नारायण सिंह करेंगे। इस पुस्तक के लेखक हैं निशांत रंजन, अदिति रॉय एवं अमित कुमार पाण्डेय। पुस्तक का प्रकाशन अनन्य प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा किया गया है। पुस्तक में बिहार के पर्यावरण, वन्यजीवों, नदी, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण में जुटे लोगों के योगदान को विस्तार से रेखांकित किया गया है। मौके पर पुस्तक में शामिल बिहार के पर्यावरणविद, पर्यावरण प्रेमी, साहित्यकार, पत्रकार एवं बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थित रहेगी।

# उत्साह और उमंग के साथ मना सावन मिलन समारोह, गीत-संगीत और पारंपरिक धुनों में झूमीं महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सावन की हरियाली, पारंपरिक परिधान और गीत-संगीत की मधुर धुनों के बीच एआरएल होटल में सावन मिलन समारोह का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सावन के उल्लास को एक-दूसरे के साथ साझा किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी अनामिका सिंह रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित सभी महिलाओं को सावन की शुभकामनाएं दीं। उनके आगमन से समारोह की रौनक और बढ़ गई। सावन मिलन समारोह में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गेम्स, डांस, गीत-संगीत, हंसी-मजाक और मस्ती के कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। पारंपरिक सावन गीतों और संगीत ने पूरे वातावरण को और भी खुशनुमा बना दिया। आयोजकों ने कहा कि सावन केवल एक मौसम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा, प्रेम और उल्लास का पर्व है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य महिलाओं को एक साथ जोड़ना, उन्हें मनोरंजन का अवसर प्रदान करना और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखना है।

# चौथी सोमवारी पर गुप्ता धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## मौसम खराब रहने से हेलीकॉप्टर नहीं भर सका उड़ान, नहीं हो पाई पुष्प वर्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** रोहतास और कैमूर पहाड़ी की गोद में स्थित गुप्ता धाम में सावन की चौथी और अंतिम सोमवारी पर बाबा गुप्तेश्वर नाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार से ही कांवरियों और श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सीता कुंड में स्नान करने के बाद गुफा में स्थित पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। गुप्ता धाम परिसर और पहाड़ी के रास्ते हर-हर महादेव, बोल बम और बाबा एक सहारा है के जयकारों से गूंजते रहे। दूर-दराज से पहुंचे कांवरियों ने विभिन्न रास्तों से



होकर धाम पहुंचकर बाबा गुप्तेश्वर नाथ का दर्शन किया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

**भीड़ वाले स्थानों पर तैनात रहे पुलिस जवान**

प्रशासन ने भीड़ के दबाव वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां पुलिस पदाधिकारी और जवानों की तैनाती की थी। गुप्ता धाम जाने वाले विभिन्न मार्गों पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। पुलिस प्रशासन और गुप्ता धाम विकास कमेटी के सदस्य श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर दर्शन कराने में जुटे रहे। धाम परिसर में सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया। चौथी सोमवारी के अवसर पर सुबह सात बजे हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की योजना थी। हालांकि मौसम खराब होने के कारण हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। इस वजह से गुप्ता धाम में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा नहीं हो पाई। इस संबंध में वीडियो के माध्यम से जानकारी देते हुए बीडीओ प्रियंका कुमारी ने बताया कि मौसम खराब होने के चलते हेलीकॉप्टर को उड़ान की अनुमति नहीं मिल सकी जिसके कारण पुष्प वर्षा नहीं हो पाई। गुप्ता धाम विकास कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गुफा के अंदर बिजली, ऑक्सीजन गैस, पानी और खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था की गई थी। प्रशासन और विकास कमेटी के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से दर्शन कराने के लिए लगातार निगरानी रखी। चौथी और अंतिम सोमवारी पर बाबा गुप्तेश्वर नाथ के दर्शन और जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# ट्रेन में 51.69 लाख रुपये नकद लेकर जा रहा यात्री आरपीएफ के हत्थे चढ़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन ने गाड़ी संख्या 22308 डाउन बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति के कब्जे से 51 लाख 69 हजार 450 रुपये नकद बरामद किया है। यात्री नकद राशि के संबंध में मौके पर संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और न ही कोई वैध साक्ष्य प्रस्तुत कर पाया। बरामद नकदी को जब्त कर यात्री को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी डिहरी ऑन-सोन के सुपुर्द कर दिया गया। मामले की सूचना आयकर विभाग, पटना को भी दी गई है। जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, डीडीयू दिनेश सिंह तोमर के निर्देशन में गाड़ी संख्या 22308 डाउन के मार्गरक्षण दल के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक शरद चंद्र सिंह यादव से मिली सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन सोन



एवं जीआरपी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक राज किशोर कछवाहा एवं जीआरपी थानाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में टीम ने डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-4 पर ट्रेन के पहुंचते ही ए-1 कोच को अटेंड किया। इस दौरान एक यात्री को मैरून रंग के पिट्ठू बैग के साथ उतारा गया। पूछताछ में यात्री ने अपना नाम किरण बाला साहेब जाधव (27 वर्ष), निवासी खरातबाड़ी, शिवने, सोलापुर, महाराष्ट्र बताया। बैग में नकदी होने की बात सामने आने पर उससे रुपयों के स्रोत और ले जाने के उद्देश्य के संबंध में पूछताछ की गई। यात्री ने बताया कि वह नकदी वाराणसी के मैदागिन से लेकर डीडीयू के रास्ते वर्धमान, पश्चिम बंगाल ले जा रहा था। हालांकि वह अपने पास रखी इतनी बड़ी नकद राशि के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और न ही कोई वैध दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत कर पाया। इसके बाद मौके पर वीडियोग्राफी कराते हुए यात्री से ही बैग खुलवाकर उसकी तलाशी ली गई। गिनती करने पर बैग से कुल 51,69,450 नकद बरामद हुआ। बरामद नकदी को जीआरपी डिहरी ऑन सोन द्वारा जब्त कर लिया गया तथा यात्री किरण बाला साहेब जाधव को भी जीआरपी थाना लाया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और इसकी सूचना आयकर विभाग, पटना को दे दी गई है।

# बाबा गणिनाथ जयंती को लेकर नई पूजा कमेटी का गठन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा एवं श्री श्री बाबा गणिनाथ जी महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्वजातीय बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर आगामी बाबा गणिनाथ जी महाराज वार्षिक पूजन उत्सव को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने की, संचालन नंदन कुमार गुप्ता ने किया। सर्वसम्मति से संरक्षक मंडल का गठन किया गया जिसमें गोपाल प्रसाद गुप्ता, डॉ. रामेश्वर गुप्ता, संजय प्रसाद गुप्ता, संदीप कुमार, मोहन प्रसाद सहित वरिष्ठजन शामिल हैं। संरक्षक मंडल ने युवाओं पर विश्वास जताते हुए नई पूजा कमेटी बनाई। राजन कुमार गुप्ता को अध्यक्ष और राजू कुमार को सचिव मनोनीत किया गया। कमेटी में विकास गुप्ता विक्की, पवन गुप्ता विक्की, आशीष, अमित, गोविंद, आकाश गुप्ता सहित अन्य युवा शामिल हैं। बैठक में सैकड़ों वैश्य बंधु उपस्थित थे।

# अंतिम सोमवारी पर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सावन की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को शहर व आसपास के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अहले सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की कतार लग गई। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। प्रख्यात झारखंडी महादेव मंदिर में अहले सुबह चार बजे श्रद्धालुओं के लिए बाबा का दरबार खोला गया। इसके बाद भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिसकर्मियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर मंदिर में प्रवेश कराया। विधायक राजीव रंजन सिंह



उर्फ सोनू सिंह, अरुण शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया। मंदिर में बाबा के श्रृंगार के बाद मंगल आरती मंदिर के पुरोहित पुरुषोत्तम ओझा ने कराई। दिनभर श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। किसी की जुबान पर बोल बम तो किसी के गले से हर-हर महादेव का जयघोष सुनाई दे रहा था। शाम को बाबा का रुद्राभिषेक एवं आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर की व्यवस्था में प्यारे लाल ओझा, विनायक ओझा, पवन अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार, कुंदन कुमार, ललन सिंह गदर और राहुल सिंह सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। वहीं सुरेंद्र ट्रेडर्स की ओर से मोनू गुप्ता एवं गोलू गुप्ता और कोका-कोला हब की ओर से श्रद्धालुओं के बीच कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया गया। इधर, गोडैला पहाड़ी स्थित प्रसिद्ध बाबा तिलेश्वर महादेव मंदिर में भी अंतिम सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

# नवपदस्थ एसपी से अभियोजन अधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज से सोमवार को जिला अभियोजन पदाधिकारी रमन कुमार सहित अभियोजन विभाग के अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान अभियोजन कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान प्रभारी अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी मोहन कुमार, अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार पांडेय तथा अभियोजन पदाधिकारी आलोक चौबे मौजूद रहे। अधिकारियों ने पुलिस एवं अभियोजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान लंबित मामलों के प्रभावी निष्पादन, अभियोजन कार्य में समन्वय तथा न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए बेहतर कार्यसमन्वय की उम्मीद जताई।

# दिनारा के अंशुमान तिवारी ने रेसलिंग में जीता नेशनल गोल्ड पदक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड के लाल अंशुमान तिवारी ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे बिहार का मान बढ़ाया है जिसके बाद अब उनका चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है और वे जल्द ही थाईलैंड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनारा निवासी अंशुमान तिवारी ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित रेसलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वर्ग में सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया, उनकी इस जीत से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे दिनारा प्रखंड और



रोहतास जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। अंशुमान की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया है जिसके तहत वे अब थाईलैंड में होने वाली अंतरराष्ट्रीय रेसलिंग प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ओर से रिंग में उतरेंगे और देश के लिए पदक की दावेदारी पेश करेंगे। बताया जाता है कि अंशुमान बचपन से ही कुश्ती में रुचि रखते थे और कड़ी मेहनत व निरंतर अभ्यास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों में सुदामा पाण्डेय, गुप्तनाथ पाण्डेय, अरविंद दुबे, लवजी पाण्डेय, सोनू तिवारी उर्फ चन्द्रशेखर आजाद सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी है और थाईलैंड में भी स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगा लहराने की कामना की है। लोगों का कहना है कि अंशुमान जैसे युवा बिहार के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

# बिहार के मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले छात्र इंटरैक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म के जरिए ले सकेंगे बेहतर शिक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सहज शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में राज्य के 700 सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालयों में 'बिहार विद्या साथी' नामक 24 गुणे 7, 1:1 इंटरैक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया। इस पहल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिजेन्द्र प्रसाद यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री, शिक्षा विभाग मिथिलेश तिवारी ने की। मौके पर जिलाधिकारी रोहतास, विशेष कार्य पदाधिकारी विनय प्रताप, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा एवं शेरशाह सूरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं सहित शिक्षक-शिक्षिका वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बिहार विद्या साथी विशेष रूप से कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान आवश्यक शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराना तथा उनकी सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, व्यक्तिगत और तकनीक-सक्षम बनाना है।

# ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

## शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला(रोहतास)।** जिले में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के पावन अवसर पर मनाए जाने वाले ईद मिलाद-उन-नबी पर्व को लेकर अकोढ़ी गोला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि थाना क्षेत्र के दो स्थानों-बांक गांव और अकोढ़ी गोला बाजार पर यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रशासन द्वारा जुलूस के लिए समय निर्धारित किया गया है। जानकारी के अनुसार 26 तारीख को बांक गांव में सुबह 9 बजे से



दोपहर 1 बजे तक तथा अकोढ़ी गोला बाजार में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में थानाध्यक्ष ने सभी समुदाय के लोगों से शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन कुमार, एसआई कोमल कुमारी सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग एवं दोनों समुदाय के लोग अकबर, कलामुद्दीन, मुमताज, निजाम, शाकिर आदि उपस्थित रहे।

# सावन मिलन समारोह में महिलाओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सावन के पावन अवसर पर महिला चेतना मंच के तत्वावधान में मोहन बिगहा स्थित कुशवाहा सभा भवन में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शकुंतला देवी ने की। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनसेवक अनुज कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अनुज कुशवाहा ने कहा कि सरकार महिलाओं को जागरूक एवं सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से देश और राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने समारोह में महिलाओं के उत्साह और सहभागिता को देखते हुए महिला चेतना मंच की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में हरसंभव



सहयोग एवं प्रोत्साहन देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मीरा चौधरी ने किया। समारोह में महिलाओं ने सावन के गीत, पारंपरिक कार्यक्रमों और आपसी मेल-मिलाप के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर सोनी कुशवाहा, काजल देवी, रंजू देवी, सुमन देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# ताईदों ने हड़ताल वापस ली, अवर निबंधन कार्यालय में कामकाज होगा सामान्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज की पहल पर रविवार 24 अगस्त 2026 को अवर निबंधन कार्यालय, बिक्रमगंज में आयोजित विशेष बैठक के बाद दस्तावेज लेखकों (ताईदों) की जारी हड़ताल समाप्त हो गई है और कल से कार्यालय में निबंधन से जुड़े सभी कार्य सुचारू रूप से संचालित होंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने ताईदों की लंबित मांगों, कार्य प्रणाली में आ रही कठिनाइयों और हड़ताल के कारणों पर विस्तार से चर्चा की तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने ताईदों और संबंधित पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और उनकी जायज मांगों के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए नए ई-निबंधन पोर्टल की विशेषताओं, उससे होने वाले लाभों, पारदर्शिता और कार्य में तेजी से होने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी और बताया कि नई प्रणाली से न केवल ताईदों का कार्य आसान होगा बल्कि आम लोगों को भी निबंधन में कम समय और कम परेशानी का सामना करना पड़ेगा।


झारखण्ड सरकार
पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गुमला
दूरभाष–06524–223092,(मो0)9431706376,
E-mail Id- sp-gumla@jhpolice.gov.in

(गुमशुदा की तलाश)



उम्र–17 वर्ष, वर्तमान उम्र–29 वर्ष, लंबाई–करीब 100 से.मी., वजन–करीब 34 कि.ग्रा. बाल–लम्बा एवं काला, आँख–सामान्य, रंग–साँवली,शारीरिक बनावट–पतला,पहनावा–सफेद शर्ट एवं लाल फराक

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि पीड़िता अंजु कुमारी, उम्र 17 वर्ष पे0 इग्नासियुस एक्का, ग्राम फसिया ढोढरीटोली, थाना+जिला गुमला (झारखण्ड) जो वर्ष 2014 में अंतिम बार दिल्ली में देखा गया था। जिसके संबंध में अहतु थाना कांड सं0–10/19 दिनांक 27.07.19 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त लापता लड़की के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4. थाना प्रभारी, अहतु गुमला – 8986604606

PR 388280 Police Wireless Headquarter(26-27).D

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,गुमला

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 | CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091


# सरैया में निकली अनोखी गंगा जलार्पण यात्रा, चारों दिशाओं में भोलेनाथ का अभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** श्रावण मास की अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के सरैया गांव में इस वर्ष एक अनूठी एवं भव्य गंगा जलार्पण यात्रा का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, परंपरा और भक्ति के इस अद्भुत संगम में हजारों की संख्या में माताएं-बहनें, श्रद्धालु भक्त एवं ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पूरे गांव में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से वातावरण शिवमय बना रहा। यात्रा की शुरुआत बक्सर के ऐतिहासिक रामरेखा घाट से लाए गए पवित्र गंगाजल से हुई। विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ गंगा आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के जल पात्रों में गंगाजल का वितरण किया गया, ताकि सभी श्रद्धालु इस पवित्र जल से सरैया गांव के चारों दिशाओं में स्थित बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक



कर सके। गंगाजल लेकर श्रद्धालुओं का जत्था छठ घाट से निकला और सबसे पहले शिव मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद यात्रा गांव के पारंपरिक मार्गों से होती हुई अति प्राचीन राधे-कृष्ण मंदिर पहुंची जहां मंदिर परिसर में स्थित बाबा भोलेनाथ पर श्रद्धालुओं ने गंगाजल अर्पित कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके पश्चात श्रद्धालुओं का कारवां मुख्य चौक पहुंचा जहां गांव की आराध्य इंद्रासन देवी को गंगाजल से सिंचित किया गया।


कार्यालय–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त, गढ़वा के ज्ञापांक– 193/जि0यो0 दिनांक–13.07.2026 के आलोक में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा स्वीकृत राशि से गढ़वा जिले के सरकारी विद्यालयों में **STEM Lab** एवं **Bench-Desk (Three-Seater Bench–Desk)** की आपूर्ति हेतु GeM पोर्टल पर निविदा आमंत्रित किया गया है। जिसका **GeM ID-** क्रमशः **GEM/2026/B/7916540, GEM/2026/B/7895503** है। उक्त निविदा में किसी फर्म/निविदादाता के द्वारा जेम पोर्टल पर की गई आपत्ति के उपरान्त दिनांक– 24.08.2026 को तकनीकी निविदा खुलने की निर्धारित तिथि विस्तार (**Extension**) हो गई है। उक्त कारण से दिनांक– 24.08.2026 को तकनीकी निविदा नहीं खुल सकेगी। **तकनीकी निविदा खुलने की अगली तिथि निम्नवत् निर्धारित की गई है:–**

| Sl | Item Name/Service | GeM BID No | Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | STEM Lab | GEM/2026/B/7916540 | 01.09.2026 at 11:30 AM |
| 2 | Bench-Desk (Three-Seater Bench–Desk) | GEM/2026/B/7895503 | 02.09.2026 at 11:30 AM |

उक्त सूचना जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर भी उपलब्ध है।

**निविदा के अन्य शर्तें यथावत रहेंगें।**

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 388325 (Human Resource Developement)26-27*D



स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

राज्य के चिकित्सा / दन्त चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट/ ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- BCECEB/Health(SR)/2026(II)/02 दिनांक- 24.08.2026

स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के चिकित्सा / दन्त चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर (तीन वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर तथा बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती, नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली-2008 संशोधित नियमावली 2013 एवं संशोधन नियमावली, 2026 के अंतर्गत पैनल निर्माण हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में Online आवेदन आमंत्रित किया जाता है। Online आवेदन भरने की प्रक्रिया, पदों की संख्या, आवेदन शुल्क, शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा, आरक्षण इत्यादि हेतु विवरण पुस्तिका / सूचना विज्ञापन संख्या BCECEB/ Health(SR)/2026II/01 दिनांक- 24.08.2026 के माध्यम से पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति - 2026(II) से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तिथियाँ :-

(i) Online Registration Starting Date : **25.08.2026**
(ii) Online Registration Closing Date : **08.09.2026 (10.00 P.M.)**
(iii) Last date of payment through Net Banking / Debit Card / Credit Card / UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **08.09.2026 (11.59 P.M.)**
(iv) Online Editing of Application : **09.09.2026 (11.59 P.M.)**
(v) Date of Publishing of Document Verification programme : **11.09.2026**

नोडल पदाधिकारी

# जनसुनवाई में 14 परिवादों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित किए जाने की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन अपर समाहर्ता, नवादा मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों द्वारा कुल 14 शिकायतें दर्ज कराई गईं। अपर समाहर्ता द्वारा परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना वारिसलीगंज, ग्राम हैवतपुर के सुनील रविदास द्वारा नाली निर्माण, थाना कौआकोल, ग्राम जोगाचक के जयप्रकाश यादव द्वारा ट्रांसफार्मर स्थापित करने, थाना रोह, ग्राम मरूई टोला के अर्जुन यादव द्वारा भूमि विवाद तथा थाना मुफस्सिल, ग्राम माधो बिगहा की माधुरी देवी द्वारा जमीन की राशि के भुगतान से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं प्रस्तुत की गईं। अपर समाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# मुख्यमंत्री ने की 'बिहार विद्या साथी' इंटरैक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा**। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 38 जिलों के 700 सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालयों में 24x7, 1:1 इंटरैक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म 'बिहार विद्या साथी' का शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में प्रभारी जिला पदाधिकारी नीलिमा साहू, जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल की छात्राओं की उपस्थिति में किया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 'बिहार विद्या साथी' के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई और अधिक आसान एवं सुगम होगी। विद्यार्थियों के लिए 24x7 ऑनलाइन शिक्षक उपलब्ध रहेंगे। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क लाइव शिक्षा के साथ अपनी पसंद के शिक्षक से पढ़ने की सुविधा मिलेगी।
उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के 700 मॉडल विद्यालयों में अध्ययनरत करीब 3 लाख विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। 24x7 वन-टू-वन लाइव ट्यूटर सपोर्ट के लिए करीब 75 हजार शिक्षक उपलब्ध रहेंगे। पढ़ाई के दौरान पाठ से संबंधित किसी भी समस्या का निःशुल्क एवं त्वरित समाधान, अनलिमिटेड पढ़ाई तथा AI टूल्स के माध्यम से कॉन्सेप्ट लर्निंग की सुविधा भी विद्यार्थियों को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बिहार विद्या साथी' के माध्यम से बिहार बोर्ड की पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट की तैयारी तथा एआई आधारित डिजिटल अध्ययन सामग्री की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर शैक्षणिक संसाधनों तक सहज पहुंच सुनिश्चित होगी। समाहरणालय सभाकक्ष में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला पदाधिकारी नीलिमा साहू ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई इस महत्वपूर्ण पहल का सभी विद्यार्थी भरपूर लाभ उठाएं। उन्होंने छात्राओं को 'बिहार विद्या साथी' के माध्यम से उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का नियमित उपयोग करते हुए अपनी पढ़ाई को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल की छात्राएं उपस्थित थी।

## एक नजर

### पीओएसबी खाता खोलो अभियान में दक्षिण अनुमंडल का जलवा, शीर्ष तीन पर नवादा और राजौली के एसपीएम

**नवादा**। डाक विभाग द्वारा दिनांक 17 से 22 अगस्त 2026 तक चलाए गए विशेष पीओएसबी अकाउंट ओपेनिंग ड्राइव में दक्षिण अनुमंडल ने शानदार प्रदर्शन किया है। वित्तीय समावेशन को घर-घर तक पहुँचाने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले टॉपर राजेश्वर कुमार समेत टॉप -3 रैन्कर्स को विभाग की ओर से सम्मानित किया गया है। इस अभियान में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों की सूची में प्रथम स्थान पर राजेश्वर कुमार एसपीएम पार नवादा एसओ, दक्षिण अनुमंडल कुल 1183 पीओएसबी खाते खोलकर इन्होंने पूरे ड्राइव में पहला स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर संतोष कुमार एसपीएम, राजौली एसओ, दक्षिण अनुमंडल 1060 खाते खोलकर इन्होंने दूसरा स्थान हासिल किया एवं तृतीय स्थान पर राजेश कुमार एसपीएम, नेमदारगंज एसओ, दक्षिण अनुमंडल 915 खाते खोलकर रहे। विभागीय अधिकारियों ने तीनों विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि "आपकी मेहनत, हमारी पहचान है।" उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों ने जिस जोश और समर्पण के साथ काम किया है, वह अन्य सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

### राज आर्यन को मॉडर्न शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ अनुज सिंह ने किया सम्मानित



**नवादा/पटना**। नवादा जिले के नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी राज आर्यन ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। हाल ही में पटना में आयोजित सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बिहार बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में 5 से 9 अगस्त 2026 के बीच पटना में आयोजित इस प्रतियोगिता के मेंस डबल्स वर्ग में राज आर्यन और अमृत की जोड़ी ने शानदार जीत दर्ज कर बिहार विजेता का खिताब अपने नाम किया। इससे पूर्व भी राज आर्यन ईस्ट जोन नेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट सहित कई अन्य प्रतिस्पर्धाओं में पदक व ट्रॉफियां जीतकर बिहार और नवादा जिले का नाम देश भर में रोशन कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के निदेशक अनुज सिंह ने उन्हें अपने स्तर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया है। साथ ही, उन्होंने राज आर्यन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक पदक जीतकर नवादा का गौरव बढ़ाएंगे।

### 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' आज

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार दिनांक 25 अगस्त 2026, मंगलवार को नवादा जिले के सभी राजकीय एवं अंगीभूत शिक्षण संस्थानों एवं छात्रावासों में 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थी सहयोग शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों की शिक्षा एवं छात्रहित से संबंधित विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को प्राप्त कर उनके नियमानुसार एवं समयबद्ध समाधान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु उनके शिक्षण संस्थान एवं छात्रावास स्तर पर ही आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना है। शिविर में विद्यार्थियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विद्यार्थी हितकारी योजनाओं, छात्रवृत्ति, प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों, शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य/प्रभारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया है कि वे शिविर का सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों की समस्याओं को संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ सुनते हुए उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें। जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे कल आयोजित होने वाले 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी शिक्षा एवं छात्रहित से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों को संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष रखें।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल**। सावन की चौथी एवं अंतिम सोमवारी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बेलपत्र, फूल आदि अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। प्रखंड के रानीबाजार स्थित शिव पर्वत मंदिर में सैकड़ों शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर शिव-पार्वती मंदिर कमिटी की ओर से श्रद्धालुओं के बीच खीर का महाप्रसाद वितरित किया गया। कमिटी के अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में सदस्य बिपिन चौरसिया, संजीव साव, शैलेन्द्र कुमार, सिंटू चौरसिया सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्था में सहयोग किया। वहीं महादेव मठ भोरमबाग, एकदण्ड महादेव सोखोदेवरा, बम्बेश्वरनाथ मंदिर सहित प्रखंड के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। सोमवारी को लेकर मंदिरों की विशेष साफ-सफाई के साथ आकर्षक साज-सज्जा भी की गई थी। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति एवं उत्साह का माहौल बना रहा।

# मामलों के निपटारे को लेकर बीपीआरओ ने की न्याय सचिवों एवं न्यायमित्रों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल**। प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में ग्राम कचहरी के सभी न्याय सचिवों एवं न्यायमित्रों के साथ बैठक की। बैठक में ग्राम कचहरी के माध्यम से संचालित न्यायिक कार्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ आगामी लोक अदालत में निपटाए जाने वाले मामलों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान न्याय सचिवों एवं न्यायमित्रों से ग्राम कचहरी में लंबित मामलों की जानकारी ली गई तथा लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन कराने पर जोर दिया गया। संबंधित मामलों के पक्षकारों को लोक अदालत के लाभ एवं प्रक्रिया की जानकारी देने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से छोटे-छोटे विवादों का त्वरित एवं सरल तरीके से समाधान संभव है। इससे लोगों को अनावश्यक रूप से न्यायालय का चक्कर लगाने से राहत मिलती है और आपसी सौहार्द भी कायम रहता है। बैठक में ग्राम कचहरियों के नियमित संचालन, लंबित मामलों के निष्पादन, अभिलेखों के संधारण, न्यायिक कार्यों में पारदर्शिता तथा आम लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने सभी न्याय सचिवों एवं न्यायमित्रों को अपने-अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन करने तथा ग्राम कचहरी से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

# मेंहदी प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने-अपने हाथों में उकेरी कलाकृतियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा**। प्रखंड के कुम्हरावां गांव स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मेहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अपने अपने हाथों में तरह तरह के आकर्षक तस्वीर बनाया, जिसे देखकर निर्णायक मंडल भी मंत्रमुग्ध हो गए। यूं कहिए तो बच्चों ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया। प्रतियोगिता में 20 से अधिक प्रतिभागी लड़कियों ने हिस्सा लिया। सभी विजयी प्रतिभागियों को समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अविनाश निराला ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक व पारिवारिक ज्ञान बच्चों को देना जरूरी ही नहीं अनिवार्य है। इसी क्रम में मेहंदी प्रतियोगिता बच्चों के कौशल विकास के लिए एक अहम और महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य निवोदिता सिन्हा, रजनीश कुमार, अनीता देवी, प्रताप कुमार, पिंटू कुमार, रवि कुमार सिंह, विकास कुमार, लक्ष्मी कुमारी, शायमा खातून, रेहाना खातून, संजना भारती, नंदनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## नालंदा

# भोभी में पांच एकड़ जमीन पर डिग्री कॉलेज बनाने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नगरनौसा**। नगरनौसा प्रखंड में डिग्री कॉलेज के स्थायी भवन निर्माण को लेकर भोभी गांव के ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी को आवेदन भेजा है। आवेदन के माध्यम से भोभी में उपलब्ध करीब पांच एकड़ भूमि पर नगरनौसा डिग्री कॉलेज का स्थायी भवन बनाने की मांग की गई है।ग्रामीणों ने बताया कि भोभी में कॉलेज निर्माण के लिए उपलब्ध भूमि का नगरनौसा अंचलाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण किया जा चुका है। सरकारी स्तर पर भूमि का सत्यापन कर उसकी उपयोगिता से संबंधित रिपोर्ट भी वरीय अधिकारियों को भेजी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उपलब्ध पांच एकड़ भूमि कॉलेज के स्थायी भवन निर्माण के लिए उपयुक्त है। ग्रामीणों के अनुसार, भोभी में डिग्री कॉलेज बनने से नगरनौसा प्रखंड की पांच पंचायतों के अलावा हिलसा प्रखंड की चार, थरथरी की दो तथा करायपरसुराय प्रखंड की एक पंचायत के हजारों छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा का लाभ मिलेगा। भोभी की भौगोलिक स्थिति और बेहतर सड़क संपर्क को भी ग्रामीणों ने कॉलेज निर्माण के पक्ष में महत्वपूर्ण बताया है। यह क्षेत्र पटना-बिहारशरीफ, पटना-हिलसा तथा नूरसराय-हिलसा मुख्य मार्ग से जुड़ा हुआ है।ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में डिग्री कॉलेज खुलने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों में जाने की मजबूरी कम होगी। इससे शिक्षा के साथ रोजगार, सामाजिक जागरूकता और क्षेत्र के समग्र विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर भूमि का स्थल निरीक्षण एवं अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर भोभी में कॉलेज के स्थायी भवन निर्माण की कार्रवाई शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

# फलाहारी कांवरियों के बीच समाजसेवियों ने बांटे फल, रातभर की सेवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। सावन माह की अंतिम सोमवारी के पूर्व रविवार को नालंदा के समाजसेवियों ने कांवरियों की सेवा कर मिसाल कायम की। बांका जिले के कटोरिया में निःशुल्क नालंदा जिला कांवरिया सेवा शिविर के माध्यम से सुल्तानगंज से जल लेकर पैदल देवघर जा रहे कांवरियों और डाक बम की सेवा की गई। शाम होते ही शिविर में कांवरियों को चाय, पानी, छोला, पूड़ी-बुंदिया सहित भोजन कराया गया। फलाहार करने वाले श्रद्धालुओं के बीच केला, सेब और अनार सहित विभिन्न फल वितरित किए गए। इसके अलावा ड्राई फ्रूट, एनर्जी ड्रिंक और अन्य जरूरी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। थकान से परेशान कांवरियों के पैरों में दर्द निवारक स्प्रे लगाने के साथ समाजसेवियों ने हाथ-पैर दबाकर राहत पहुंचाई। सिर पर शीतल तेल से मसाज भी किया गया। चलने में असमर्थ कांवरियों को कंधे का सहारा देकर दो से तीन किलोमीटर तक आगे पहुंचाया गया। परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक सह समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि कांवरियों की सेवा उनके लिए सामाजिक जिम्मेदारी के साथ भगवान भोलेनाथ की भक्ति का भी एक रूप है। समाजसेवी प्रदीप कुमार और गुड़िया देवी ने कहा कि शिवभक्तों की यात्रा आसान बनाना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही सेवा का उद्देश्य है। मौके पर पल्लवी कुमारी, सौरभ कुमार, विजय प्रसाद, अमृता कुमारी, नीरज सिंह, सुनीता देवी, चिक्कू सिंह, कमलेश प्रसाद, पीयूष आनंद,मंटू कुमार, बिकास कुमार, लवकुश, टिंकू कुमार, गुरमीत पासवान, रविरंजन, पिंटू कुमार,बखोरी, लल्लू, दुर्गेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### न स्टैंड मिला, न चार्जिंग प्वाइंट, फिर भी टोटो-टेंपो से रोजाना वसूली

**बिहारशरीफ**। शहर में टोटो-टेंपो की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन चालकों के लिए स्थायी पार्किंग स्टैंड और चार्जिंग प्वाइंट की व्यवस्था अब तक पूरी नहीं हो सकी है। शहर में पांच हजार से अधिक टोटो-टेंपो के संचालन का दावा किया जा रहा है। चालकों का आरोप है कि पर्याप्त स्टैंड की सुविधा नहीं मिलने के बावजूद उनसे प्रतिदिन 10 से 15 रुपये तक पार्किंग शुल्क वसूला जाता है। मजबूरी में चालक सड़क किनारे वाहन खड़ा करते हैं, जिससे प्रमुख चौक-चौराहों पर जाम की समस्या बढ़ रही है।सोहसराय, कारगिल चैक, देवीसराय, रामचंद्रपुर बस स्टैंड, अंबेर चैक और खंदकपर समेत कई स्थानों पर टोटो-टेंपो स्टैंड और चार्जिंग प्वाइंट विकसित करने की योजना बनी थी। जमीन चिह्नित करने की बात भी सामने आई थी, लेकिन वर्षों बाद भी योजना धरातल पर नहीं उतर सकी।अस्पताल मोड़, देवीसराय सहित कई व्यस्त इलाकों में सड़क किनारे टोटो की कतार लगी रहती है। चालक रमेश कुमार, अवधेश कुमार, मोहम्मद फिरोज, जहांगीर आलम और अमन कुमार ने बताया कि स्टैंड नहीं होने के कारण सड़क किनारे वाहन खड़ा करना मजबूरी है। उनका कहना है कि जब पार्किंग की व्यवस्थित सुविधा नहीं है तो शुल्क किस सुविधा के एवज में लिया जा रहा है, यह समझ से परे है।नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने और जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जाती है, लेकिन स्थायी व्यवस्था नहीं होने से समस्या दोबारा उत्पन्न हो जाती है। वहीं, चार्जिंग प्वाइंट नहीं होने के कारण चालक निजी स्थानों या सड़क किनारे वाहन चार्ज करने को मजबूर हैं।नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन ने कहा कि स्टैंड और चार्जिंग प्वाइंट की पूर्व योजना की जांच कराई जाएगी। साथ ही टोटो-टेंपो के लिए व्यवस्थित व्यवस्था विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

### अनियंत्रित ऑटो ने बाइक में मारी टक्कर, युवक जख्मी

**इस्लामपुर**। खुदागंज-राजगीर मुख्य सड़क मार्ग पर खुदागंज थाना क्षेत्र के सैफाबाद गांव के समीप सोमवार को ऑटो और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सरबहदा स्थित निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी चिंताजनक स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया।घायल युवक की पहचान गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी अकलु प्रसाद के पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बिट्टू कुमार बाइक से राजगीर की ओर से आ रहा था। इसी दौरान सैफाबाद गांव के समीप एक अनियंत्रित ऑटो चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### ट्रेन की चपेट में आने से आंगनबाड़ी सुपरवाइजर गंभीर, पटना रेफर

**हिलसा**। डियावां में सोमवार को करीब 11 बजे रेलवे लाइन पार करने के दौरान बिजली मरम्मत करने वाले रेल वाहन की चपेट में आने से आंगनबाड़ी सुपरवाइजर ज्योति वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने उनकी हालत नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना हाई सेंटर रेफर कर दिया।बताया गया कि ज्योति वर्मा डियावां आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने जा रही थीं। इसी दौरान खुले रेलवे फाटक से रेलवे लाइन पार करते समय वह बिजली मरम्मत करने वाले रेल वाहन की चपेट में आ गईं। घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं। आंगनबाड़ी केंद्र की सुपरवाइजर स्वाति कुमारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि ज्योति वर्मा निरीक्षण के लिए डियावां आंगनबाड़ी केंद्र जा रही थीं। हादसे की सूचना मिलते ही विभागीय कर्मियों और पदाधिकारियों में चिंता का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नालंदा विश्वविद्यालय में मानवाधिकार शिक्षा और संस्थागत सर्वोत्तम प्रथाओं पर संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**राजगीर**। नालंदा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर प्रोफेसर कन्हैया त्रिपाठी के आधिकारिक दौरे के दौरान मानवाधिकार शिक्षा, संस्थागत कार्यप्रणाली और समुदाय से विश्वविद्यालय के जुड़ाव को लेकर विस्तृत संवाद हुआ। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलसचिव ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने संकायाध्यक्षों, शिक्षकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, सतत विकास की पहल, सहभागिता कार्यक्रम तथा विभिन्न देशों से आए विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए समावेशी, सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण विकसित करने के प्रयासों को भी साझा किया गया। प्रोफेसर त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, अंतरराष्ट्रीय स्वरूप और विद्यार्थियों की सुरक्षा, समानता एवं कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार शिक्षा के क्षेत्र में नालंदा विश्वविद्यालय संस्थागत अच्छी कार्यप्रणालियों को साझा करने के लिए मॉडल की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय में 'ह्यूमन राइट्स क्लब' शुरू करने तथा मानवाधिकार साक्षरता पर नियमित कार्यशालाएं और संगोष्ठियां आयोजित करने का सुझाव दिया। जेंडर इक्विटी, साइबर सुरक्षा एवं निजता, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, जलवायु परिवर्तन और जल के अधिकार जैसे विषयों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया।संवाद में मानवाधिकार विषय पर शोध पत्रिका शुरू करने, विशेष कार्यशाला आयोजित करने तथा मानवाधिकार एवं समावेशन के क्षेत्र में योगदान के लिए तीन नए पुरस्कार शुरू करने के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई।

# ब्रिलिएंट ग्रुप में नशा मुक्ति अभियान के तहत दिलाई गई शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। स्थानीय भैंसासुर स्थित ब्रिलिएंट ग्रुप के विशाल सभागार में ब्रह्माकुमारीज बिहारशरीफ क्षेत्र के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रतिज्ञा शपथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नशामुक्त समाज और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यशाला में ब्रह्माकुमारीज पूनम दीदी के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी ज्योतिका दीदी, रिमझिम दीदी, राकेश भैया एवं रंजीत भैया ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई।मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी ज्योतिका दीदी ने कहा कि नशे की समस्या से मुक्ति के लिए केवल बाहरी उपचार ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आंतरिक आत्मबल और राजयोग के माध्यम से मन को मजबूत करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशा केवल शारीरिक आदत नहीं, बल्कि मन की बेचैनी, खालीपन और आत्मिक कमजोरी का भी लक्षण है। उन्होंने मूल्य आधारित जीवनशैली अपनाने, नशे से दूरी रखने, शारीरिक ऊर्जा का सदुपयोग करने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। प्राचार्या डॉ. पुष्प लता विद्यार्थी ने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार, समाज और देश को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा, आओ मिलकर अलख जगाएं, इस धरती को नशामुक्त बनाएं।वरिष्ठ शिक्षक रंजय सिंह ने कहा कि नशा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बर्बाद कर देता है। शिक्षक पवन कुमार ने योग, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों को नशे से दूर रहने का प्रभावी माध्यम बताया। इस अवसर पर विजय कुमार, किशोर कुमार पांडेय, राजकुमार सिंह, नाजिम राजा, सतीश कुमार पांडेय, नाजिया खान सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# मोहल्लेवासियों के सहयोग से बनेगा बाबा नीलकंठेश्वर महादेव का भव्य मंदिर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ नगर के वार्ड नंबर 23 स्थित न्यू मगध कॉलोनी में बाबा नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मोहल्ले के लोगों के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने मंदिर निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।मंदिर समिति के सचिव सतीश कुमार ने बताया कि बाबा नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर काफी पुराना है। मंदिर की स्थिति को देखते हुए मोहल्लेवासियों ने सामूहिक रूप से इसके पुनर्निर्माण का निर्णय लिया। भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि लोगों के सहयोग से करीब 75 फीट लंबे भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि मंदिर में करीब 75 फीट ऊंचा गुंबद सहित अन्य आकर्षक संरचनाओं का निर्माण कराया जाएगा। मंदिर निर्माण को लेकर मोहल्ले के लोगों में काफी उत्साह है और सभी अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग कर रहे हैं। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुमार ने कहा कि मंदिर का निर्माण जनसहयोग से कराया जा रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पुजारी टिंकू कुमार सिंह, वंदना सिंह, पंडित मोनू शास्त्री अरुण पांडे, उपाध्यक्ष टिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष नित्यानंद सिंह सहित अनिल कुमार चौधरी, शंभू कुमार, रंजीत कुमार, भोला जी, पवन कुमार, मुन्ना कुमार, पंकज कुमार समेत समिति के सदस्य एवं कई गणमान्य लोग मौजद थे।

# नामजद आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**इसलामपुर**। इसलामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रामा बिगहा गांव में छापेमारी कर हत्या के असफल प्रयास मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी धनराज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने रामा बिगहा गांव में छापेमारी की, जहां से आरोपी धनराज कुमार को गिरफ्तार किया गया।

# पितृ पक्ष मेला की तैयारियों का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** आगामी पितृ पक्ष मेला की तैयारियों को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को गयाजी स्थित सीता कुंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीता कुंड घाट, सीता कुंड द्वार एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान सीता कुंड घाट एवं द्वार की विशेष साफ-सफाई, आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, श्रद्धालुओं के आवागमन तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की ओर आकृष्ट कराया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सीता कुंड गयाजी की प्राचीन धार्मिक एवं आध्यात्मिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। सनातन परंपरा में गयाजी को पितरों के मोक्ष की पावन भूमि माना गया है और सीता कुंड का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता गयाजी आए थे और राजा दशरथ के निमित्त पिंडदान एवं तर्पण किया था। इसी पौराणिक प्रसंग से सीता कुंड की महत्ता जुड़ी हुई है।

उन्होंने कहा कि फल्गु नदी के तट पर स्थित सीता कुंड श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी श्रद्धालु यहां अपने पितरों के निमित्त पिंडदान, तर्पण एवं श्राद्ध कर्म करने पहुंचते हैं। विशेष रूप से पितृ पक्ष के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। पिछले वर्ष पितृ पक्ष मेला के दौरान गयाजी में लगभग 20 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों का आगमन हुआ था। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पितृ पक्ष मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गयाजी की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर है। इसलिए मेला क्षेत्र में स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं बेहतर होनी चाहिए। जिला प्रशासन, नगर निगम एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि पितृ पक्ष मेला सुव्यवस्थित, स्वच्छ, सुरक्षित और श्रद्धालु-अनुकूल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि गयाजी की धार्मिक गरिमा और प्राचीन परंपरा को बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। सीता कुंड जैसे प्राचीन तीर्थ स्थलों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के साथ-साथ इनके ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी आवश्यक है। गयाजी की पहचान बिहार ही नहीं, बल्कि देश और विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक तीर्थस्थलों में है। पितृ पक्ष मेला के माध्यम से गयाजी की इस गौरवशाली परंपरा को और मजबूत करने का अवसर मिलता है। निरीक्षण के दौरान मोहन लाल शर्मा, उमा शंकर, धीरेंद्र धीरू, राजा पाण्डेय, रंजन चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद रहे।

## घर से दो लाख के जेवरात ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गुरारू (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत बलखोरा बिगहा गांव में रविवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी कर ली। पीड़ित रानी देवी पति पूना चंद्रवंशी ने बताया कि हम सभी परिवार के सदस्य घर में सोए हुए थे। चोर घर के पीछे से प्रवेश कर घर में रखे सारे सामान ले गए। चोर लगभग दो लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। घटना के बाद सोमवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बधार से पांच-छह बक्सों को बरामद किया। बक्से टूटे हुए थे और उनमें से जेवरात गायब थे। घटना की सूचना कोंच थाना पुलिस को दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और जल्द ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## बुलडोजर कार्रवाई और वास भूमि के मुद्दे पर भाकपा-माले ने उठाई आवाज, 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** गरीबों के घरों पर बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बुलडोजर कार्रवाई नहीं करने और भूमिहीन परिवारों को वास भूमि उपलब्ध कराने की मांग को लेकर भाकपा-माले (लिबरेशन) ने सोमवार को शेरघाटी में धरना-प्रदर्शन किया। पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को 13 सूत्री मांगपत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। मांगपत्र में कहा गया कि सभी भूमिहीन गरीब परिवारों को पांच डिसमिल वास भूमि का परचा देने के साथ आवास की गारंटी की जाए। वर्षों से जिस जमीन पर गरीब परिवार बसे हुए हैं, उन्हें उसी जमीन का वास भूमि परचा दिया जाए। साथ ही बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए गरीब परिवारों के घरों को नहीं हटाने की मांग की गई। पार्टी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए पांच लाख रुपये देने और जमीन के कागजात की शर्त हटाने की भी मांग उठाई। राशन कार्ड से नाम काटने के फैसले को वापस लेने, कटे हुए नामों को पुनः जोड़ने और नए राशन कार्ड बनाने की मांग की गई। धरना के माध्यम से वृद्धजनों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा पेंशन तीन हजार रुपये करने, ग्रामीण क्षेत्रों में सालभर रोजगार और 700 रुपये दैनिक मजदूरी देने, प्रवासी मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा व सुरक्षित रोजगार की गारंटी देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में होल्डिंग टैक्स लगाने का फैसला वापस लेने की मांग की गई।

## सिहुली मदरसा में मातृका स्वास्थ्य केंद्र की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सिहुली मदरसा में फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सिहुली में स्थिति दारुल उलूम इमाम अहमद रजा में रविवार को शेरघाटी में स्थित मातृका स्वास्थ्य केंद्र की ओर से निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। मदरसा के मोहतमीम मौलाना मो ताहिर रजा ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर हेल्थ चेकअप कैंप में डॉ विद्या ज्योति, डॉ एमडी हुसैन और डॉ राखी कुमारी ने लगभग एक सौ महिला पुरुष रोगियों का इलाज किया। बताया जाता है कि कैंप में मुफ्त दवाएं दी गई और जांच भी किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आमस प्रमुख लड्डन खान और डॉ विद्या ज्योति आदि को शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जद यू नेता मुन्ना खान, मौलाना गुलाम अशरफ, हाफिज आसिफ रजा, कारी अब्दुल कादिर हशमति, बेलाल खान, सरफराज खान, अमीरुद्दीन, अविनाश सिंह, वसीम खान, वजाहत हुसैन, अरमान खान, सलामुद्दीन खान, समरीन नाज, आंसरा नाज और रिफत प्रवीण आदि उपस्थित थीं।

## बिहार राज्य कराटे चैंपियनशिप में 300 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खेल भवन, बाजार समिति में बिहार राज्य कराटे चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया गया। भर ले उड़ान के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में बिहार के 14 जिलों से करीब 300 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने काता और कुमिते सहित विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने मुकाबलों के दौरान अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बिहार के युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना और राज्य स्तर पर उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाना था। कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रा तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## आईएएस जतिन कुमार ने किया शेरघाटी एसडीओ का पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** अनुमंडल के नए एसडीओ के रूप में आईएएस अधिकारी जतिन कुमार ने सोमवार को योगदान देने के साथ ही प्रशासनिक गतिविधियां तेज कर दीं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार की योजनाओं को समय पर और प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। निवर्तमान एसडीओ मनीष कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर नए एसडीओ का स्वागत किया और उन्हें कार्यभार सौंपा। इसके बाद जतिन कुमार ने अनुमंडल कार्यालय स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, आरओ, अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी, एमओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी और कृषि पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे। साथ ही योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाएं। नए एसडीओ ने झारखंड से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों का भी अवलोकन किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना, खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ सही लाभुकों तक पहुंचाना और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में बताया।

## कोंचेश्वर महादेव महोत्सव का आगाज

### प्राचीन मंदिर के विकास पर ध्यान जरूरी : विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच/गया।** कोंच के प्रसिद्ध कोंचेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को दो दिवसीय कोंचेश्वर महादेव महोत्सव का शुभारंभ हुआ। वर्तमान राजद विधायक अजय दांगी और प्रखंड प्रमुख मणी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। महोत्सव को संबोधित करते हुए विधायक अजय दांगी ने कहा कि कोंचेश्वर धाम अति प्राचीन मंदिर है, मान्यता है कि इसकी स्थापना आदि गुरु शंकराचार्य ने की थी। उन्होंने लोगों से महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान मंच पर कुर्सी को लेकर कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं की अधिकारियों से कहासुनी हो गई जिस पर विधायक ने कहा कि बाबा के दरबार में कुर्सी की लड़ाई नहीं होनी चाहिए, सभी मिलजुल कर उत्सव मनाएं। विधायक ने मंदिर परिसर में विकास कार्यों की कमी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मंदिर के ऊपर मधुमक्खियों के छत्ते और पौधे लगे हैं, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है। धार्मिक स्थल पर हजारों श्रद्धालु आते हैं, इसलिए चापाकल, पेयजल और तालाब के किनारे बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए। महोत्सव की पहली शाम सुप्रसिद्ध गायिका इशिता विश्वकर्मा के नाम रही जिन्होंने भक्ति गीतों से समां बांध दिया। यह महोत्सव 25 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम में एसडीओ प्रवीण कुंदन, बीडीओ चंदन कुमार, सीओ ऋतु सोनी, जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, राजद जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, जिला पार्षद टिकारी सुरेश यादव, पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी, डॉ रामाशीष कुमार, मो.आकिब आलम, सुजीत यादव समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु मौजूद थे। बता दें कि कार्यक्रम दोपहर दो बजे से निर्धारित था, लेकिन अतिथियों के विलंब से पहुंचने के कारण एक घंटे देरी से शुरू हुआ।

## सावन की मस्ती के साथ दिखी शिक्षिकाओं और माताओं की प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रुकनपुरा स्थित किड्सजोन-एन एलीमेंट्री स्कूल द्वारा द रेड गार्डन हॉल में सावन के अवसर पर सावन संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, शिक्षिकाओं और माताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। नृत्य, क्विज, रैंप वॉक, मनोरंजक खेल और टैलेंट शो जैसी गतिविधियों ने पूरे आयोजन को खास बना दिया। सावन क्वीन प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया जिसमें सोनाली राज ने सावन क्वीन का खिताब जीता। सावन क्वीन प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में स्कूल की प्राचार्या प्रतिमा सिंह, सीमा प्रभात, मनोज एवं सुजाता मौजूद रहे। शिक्षिकाओं और बच्चों की माताओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुति देकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। बच्चों के लिए क्विज गेम का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा और सामान्य ज्ञान का प्रदर्शन किया। इसके बाद रैंप वॉक में बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी अदाओं का प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। सावन संगम का खास आकर्षण माताओं के लिए आयोजित यूनिक गेम और टैलेंट शो रहा। माताओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का परिचय दिया। स्कूल की प्राचार्या प्रतिमा सिंह ने कहा कि सावन संगम के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और मंच पर अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने की क्षमता को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ माताओं ने भी पूरे उत्साह से इसमें भाग लिया और कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम में रैंप वॉक में पहला स्थान मोहिल की मां ने, दूसरा स्थान मोहिल की मामी ने जबकि तीसरा स्थान सम्यक की मां ने हासिल किया। वहीं सोलो डांस प्रतियोगिता में पहला स्थान अदविका तिवारी की मां, दूसरा अथर्व तिवारी की मां व तीसरा स्थान दक्ष यादव की मां ने हासिल किया। ग्रुप डांस में मोहिल की मां की ग्रुप ने और शिवांश और आरव की मां के ग्रुप ने बाजी मारी। चाइल्ड फोटो एक्टिविटी में आशी की मां को और पंक्चुआलिटी गिफ्ट अदविका की मां को मिला। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिकाओं और माताओं ने संयुक्त रूप से नृत्य की प्रस्तुति देकर समारोह का शानदार समापन किया।

## शिक्षक दिवस को लेकर जन सुराज की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** रविवार को गुरूआ विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज के रहे प्रत्याशी सह पूर्व बिहार विधान परिषद के सदस्य संजीव श्याम सिंह के गया जी शहर स्थित आवास चाणक्यपुरी कॉलोनी में जन सुराज के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आगामी शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जन सुराज पार्टी के सूत्रधार सह बांकीपुर, पटना विधान सभा के सदस्य प्रशांत किशोर के आगमन को लेकर बैठक किया गया। बैठक में कार्यक्रम की सफलता पर विचार-विमर्श किया गया। संजीव श्याम सिंह, जिलाध्यक्ष रवि रंजन दांगी, प्रवक्ता सह अधिवक्ता बालकृष्ण पाठक, कौलेश्वर पासवान, कामता पासवान, दिलीप सिंह, रवि शंकर अवस्थी, प्रोफेसर रामजी सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य शंभू सिंह सरीखे दर्जनों लोग उपस्थित रहे। इस संबंध में संजीव श्याम सिंह ने बताया कि 3 सितम्बर 2026 को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर, संध्या पहर धर्म सभा भवन, पीर मंसूर, गया में प्रशांत किशोर का नागरिक अभिनन्दन एवं जिला के प्रबुद्ध, गणमान्यजनों के साथ बैठक होगा। वहीं रवि रंजन दांगी ने कहा कि विधान सभा में जीरो सीट आने पर जो कार्यकर्ता हतोत्साहित हो गये थे उनमें पुनः नव रक्त संचार हो चुका है।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**

**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**

**Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

पत्रांक 1727 न0प0, दिनांक – 19/08/2026

मतदाता सूची एवं ASDDF संबंधित आम–सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 05.08.2026 से 15.09.2026 तक प्रारूप मतदाता सूची पर दावा एवं आपत्ति दायर करने की अवधि निर्धारित की गई है। उक्त के आलोक में नगर परिशद्, बिश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत मतदाता सूची एवं ASDDF सूची कार्यालय नगर परिशद्, बिश्रामपुर के सूचना पट पर प्रकाशित कर दिया गया है। आमजनों/व्यक्तियों से अपील है कि मतदाता सूची एवं ASDDF सूची में किसी भी प्रकार का त्रुटि/अशुद्धिया सूची में भिन्नता पायी जाने पर आपत्ति/शिकायत दिनांक – 15.09.2026 तक शिकायत निवारण पदाधिकारी (अंचल अधिकारी, बिश्रामपुर) के कार्यालय में दावा/आपत्ति कर सकते है।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर।

PR 388275 District(26-27)D


## जीकेसी प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 4 अक्टूबर को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की बिहार इकाई ने अपने आगामी प्रदेश कार्य समिति की बैठक 4 अक्टूबर को पटना में भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस आशय का निर्णय जीकेसी केंद्रीय कार्यालय में आयोजित बिहार प्रदेश इकाई की एक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष और जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन कर रहे थे। बैठक में तिथि तय होने के बाद कार्यक्रम की रुपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि संगठन को धारदार बनान के लिए जरूरी है कि इसको विस्तार दिया जाए और इसे और मजबूत बनाया जाये। उन्होंने कहा कि समाज हित में संगठन अपने-अपने स्थापना काल से लगातार काम कर रहा है, लेकिन संगठन द्वारा किया गया कार्य समाज में रिफ्लेक्ट भी होना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि हमें एक दूसरे के लिए मदद करने और प्रोत्साहित करने की आदत डालनी चाहिए। मौके पर जीकेसी प्रदेश अध्यक्ष सह ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने कहा कि प्रदेश कार्य समिति की बैठक 4 अक्टूबर को होना है। यह महत्वपूर्ण इसलिए है कि इसके बहाने हम पूरे बिहार में अपने को और मजबूत बना सकते हैं। पूरे प्रदेश भर से लोग इसमें इक्ट्ठा होंगे। हमारी कोशिश होगी कि हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने संगठन से जोड़ सकें। बैठक में मुकेश महान, दीप श्रेष्ठ, निलेश रंजन, रवि सहाय, रवि शंकर प्रसाद सिन्हा, बलराम श्रीवास्तव आदि ने भी अपने विचार रखे। इसके अलावा वहां उपस्थित लोगों में नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मधुकर वर्मा, नितेश कुमार, सुजीत, राजीव कुमार, हरेंद्र कुमार सिन्हा, अजय श्रीवास्तव, निखिल रंजन, लालजी प्रसाद, संतोष कुमार नंदकुलियार, अजीत प्रकाश, पीयुष कुमार श्रीवास्तव, मनिभूषण प्रसाद श्रीवास्तव, प्रसुन्न श्रीवास्तव महत्व पूर्ण थे। इस मौके पर पटना जिला इकाई के नवनियुक्त कार्यकारी जिला अध्यक्ष मधकर वर्मा को ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर मधुकर वर्मा ने जीकेसी का आभार प्रकट करते हुए उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि मेरी कोशिश होगी कि मैं संस्था की उम्मीदों को पूरा कर सकूं।


**MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS NOTIFICATION**

NEW DELHI, Dated the 1st July 2026

**S.O. 3558(E).** - In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 3 of the National Highways Act, 1956 (48 of 1956), the Central Government hereby authorizes the officers mentioned in column (2) of the Schedule annexed here to as the competent authorities to perform the functions of such authorities under the said Act with effect from the date of publication of this notification in the Official Gazette, in respect of the stretch of land specified in the corresponding entry in column (3) of the said Schedule relating to state, districts, taluk and villages mentioned in column (4), (5), (6) and (7) respectively of the said Schedule for upgradation to 2 laning with paved shoulders of km. 109.7 to 155.51 of District Garhwa (NH343) in the State of JHARKHAND.

**SCHEDULE**

Land acquisition on National Highway No. NH343 in the State of JHARKHAND.

| Sl.No. | CALA | Stretch | State | District | Taluk/Mandal | Name of theVillage | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | DLAO, Garhwa | NH343 KM 109.7 TO KM 155.51 | JHARKHAND | GARHWA | Garhwa Sadar | 1 | Nawadih |
| | | | | | | 2 | Nawadih |
| | | | | | | 3 | Narayanpur |
| | | | | | | 4 | Soh |
| | | | | | | 5 | Nimiyadih |
| | | | | | | 6 | Dhangardiha |
| | | | | | | 7 | Panchpadwa |
| | | | | | | 8 | Jargarh |
| | | | | | | 9 | Birbandha |
| | | | | | | 10 | Obra |
| | | | | | | 11 | Loto |
| | | | | | | 12 | Tulabula |
| | | | | | | 13 | Pachkedi |
| | | | | | | 14 | Tandwa |
| | | | | | | 15 | Garhwa |
| | | | | | Ranka | 1 | RankaKhurd |
| | | | | | | 2 | Kanchanpur |
| | | | | | | 3 | Serasam |
| | | | | | | 4 | Kahrdiaha |
| | | | | | | 5 | Daunadag |
| | | | | | | 6 | RankaKala |
| | | | | | | 7 | Bhadua |
| | | | | | | 8 | Chuttia |

{F. No. CENTH/17/26}

SHAIKH AMINKHAN, Director

PR 388266 Land Reforms(26-27)D


## मेहंदी प्रतियोगिता में वंदना कुमारी प्रथम, ज्योति साहू द्वितीय और स्वाती कुमारी तृतीय रहीं

### तैलिक साहू सभा ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया जी।** गया जिला तैलिक साहू सभा की ओर से रविवार को टिकारी रोड स्थित तैलिक भवन में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जी की पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने की जबकि मंच का संचालन अनीता देवी ने की। सावन महोत्सव में महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में पहाड़पुर की वंदना कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चंदौली की ज्योति साहू द्वितीय तथा बरतारा की स्वाती कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं ने सावन की पारंपरिक संस्कृति और उत्सव के रंगों को जीवंत किया है।

**हजारों महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने लिया हिस्सा**

सावन महोत्सव में गया जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, बच्चियां एवं पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम में अन्नू देवी, अनीता देवी, विमला देवी, सरिता देवी, आशा देवी, सरोज देवी, पूनम देवी, अनीता कुमारी, मनोरमा देवी, सराज देवी, लक्ष्मी देवी, रेखा देवी समेत कई महिलाएं उपस्थित रहीं। आयोजकों ने बताया कि सावन महोत्सव का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सावन के गीतों और पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया। आयोजन को लेकर तैलिक समाज की महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। सावन महोत्सव का आयोजन गया जिला तैलिक साहू सभा के जिला अध्यक्ष संजु साव के नेतृत्व में किया गया। संगठन मंत्री सुरेश प्रसाद समेत सभा के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन की व्यवस्था में सक्रिय रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर उपस्थित लोगों ने आयोजकों को बधाई दी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल–48–26, दिनांक 20.08.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** (क) आसनसोल मंडल– 07 स्टेशनों पर 12 लिफ्ट लगाने की व्यवस्था (रानीगंज–01, जसीडीह–01, मधुपुर–01, दुर्गापुर–02, मानकर–04, बासुकीनाथ–02, चित्तरंजन–01)। (ख) लिफ्ट के लिए 02 वर्ष की वारंटी अवधि पूरा होने के बाद 05 वर्ष का व्यापक रखरखाव अनुबंध। (ग) इलेक्ट्रिकल पावर सप्लाई पार्ट। **निविदा मूल्य :** रु. 5,74,33,684.80, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 11,48,700/–, **कार्य के लिए समापन अवधि** : 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 15.09.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-226/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

## चीनी पैदा करने में आगे, फिर मिठास पर पहरा क्यों?




एथेनॉल से भंडारण सीमा तक सवाल विपक्षी दलों की ओर से ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि बीते कुछ समय से एथेनॉल बनाने को लेकर जो अतिरेकी उत्साह देखा जा रहा है, उसकी वजह से चीनी की कमी हुई है और कीमतें बढ़ी हैं।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। यही वजह है कि यहां उत्पादन और खपत को लेकर आमतौर पर एक संतुलित स्थिति कायम रही है।

कारोबारियों के लिए पंद्रह दिन का भंडारण तय करने का सरकारी फैसला पहली नजर में बाजार में चीनी की उपलब्धता और कीमतों को नियंत्रित करने की कोशिश दिखाई देता है। मगर सवाल यह है कि क्या इस कदम से वास्तव में चीनी सस्ती होगी या फिर इसके बावजूद उपभोक्ता को राहत नहीं मिलेगी।

चीनी का बाजार केवल मिलों और व्यापारियों से नहीं चलता। इसके पीछे किसान, परिवहन, थोक विक्रेता, किराना दुकानदार और अंततः वह आम परिवार है, जिसकी रसोई में हर महीने चीनी की जरूरत पड़ती है। जब कीमत बढ़ती है, तो उसका असर केवल चाय की मिठास तक सीमित नहीं रहता, बल्कि मिठाई, बिस्कुट, पेय पदार्थ और अन्य खाद्य वस्तुएं भी महंगी हो जाती हैं।

अगर पंद्रह दिन की भंडारण सीमा का उद्देश्य जमाखोरी रोकना है, तो यह स्वागतयोग्य है। मगर सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि छोटे कारोबारियों पर नियमों का अनावश्यक बोझ न पड़े। बड़े कारोबारी तो नियमों की पेचीदगियों से निकलने का रास्ता निकाल लेते हैं, लेकिन छोटा व्यापारी अक्सर निरीक्षण, कागजी कार्रवाई और प्रशासनिक दबाव का सबसे आसान निशाना बन जाता है। ऐसी स्थिति बाजार को स्वस्थ बनाने के बजाय असंतुलित कर सकती है।

गौरतलब है कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। यही वजह है कि यहां उत्पादन और खपत को लेकर आमतौर पर एक संतुलित स्थिति कायम रही है। ऐसे में यह सवाल लाजिमी है कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों आई कि चीनी की उपलब्धता को लेकर चिंता पैदा हुई और इसकी कीमतों पर नियंत्रण के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ रहे हैं। विपक्षी दलों की ओर से ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि बीते कुछ समय से एथेनॉल बनाने को लेकर जो अतिरेकी उत्साह देखा जा रहा है, उसकी वजह से चीनी की कमी हुई है और कीमतें बढ़ी हैं। अब उसकी भरपाई के लिए चीनी के आयात और भंडारण की सीमा लगाने की बात की जा रही है।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि जनता को आभासी आंकड़े नहीं, राहत की जरूरत होती है। सरकार को पारदर्शी निगरानी व्यवस्था बनानी चाहिए, छोटे व्यापारियों की परेशानियां कम करनी चाहिए और बाजार में चीनी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

# पेपर लीक ने युवाओं के भविष्य पर खड़ा किया बड़ा सवाल

**अपने इस लेख में बता रही हैं कि हमारे देश में सरकारी नौकरी या प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना किसी भयानक और जानलेवा अग्निपरीक्षा से कम नहीं रह गया है। आज भारत में युवाओं का वह भरोसा पूरी तरह से लहूलुहान हो चुका है। दस गुना दस फुट के सीलन भरे कमरे में रातें जागकर काटने वाला युवा जब अखबार में प्रश्नपत्र लीक की खबर पढ़ता है, तो केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि एक पूरा परिवार अंदर से टूट जाता है। हमारे देश में सरकारी नौकरी या प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना किसी भयानक और जानलेवा अग्निपरीक्षा से कम नहीं रह गया है। व्यवस्था की यह क्रूरता केवल किसी एक परीक्षा तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती, झारखंड के लोक सेवा आयोग यानी जेपीएससी और राष्ट्रीय स्तर की यूजीसी-नेट जैसी परीक्षाओं के लगातार लीक होते पर्चों ने युवाओं के भविष्य को मजाक बना दिया है।**

मगर टूटते सपनों की इस आग में सबसे बड़ा विस्फोट हाल ही में नीट-यूजी 2026 के महाघोटाले के रूप में सामने आया। मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की इस सबसे बड़ी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की घटना ने देश के लाखों विद्यार्थियों को एक ऐसा गहरा मानसिक आघात दिया है, जिसकी टीस आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी।

### अवसर बनाम दावेदारी

देश को हिला देने वाले इस घोटाले की शुरुआत तीन मई 2026 को हुई, जब परीक्षा के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर प्रश्नपत्र सब तरफ देखे जाने लगे। सीबीआई जांच में यह शर्मनाक सच सामने आया कि सेंधमारी बाहर से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए के अंदर से ही हुई थी। सुरक्षा की जांच-पड़ताल न होने का फायदा उठाकर गोपनीय कमरों में तैनात विषय विशेषज्ञों ने सवालों को रफ कागज पर लिखकर बाहर भेज दिया। आखिरकार पुख्ता सबूतों और भारी जनदबाव के आगे झुकते हुए एनटीए को 12 मई 2026 को परीक्षा रद्द करनी पड़ी, जिसके बाद 21 जून को दोबारा परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा का जानलेवा तनाव इसके आंकड़ों से स्पष्ट है। हर साल 22-23 लाख विद्यार्थियों के बीच असली जंग केवल 63,000 सरकारी सीटों के लिए होती है, क्योंकि निजी मेडिकल कॉलेज आम विद्यार्थियों की पहुंच से दूर हैं। जब एक सीट पर छत्तीस से अधिक दावेदार हों, तो प्रश्नपत्र लीक जैसी धांधली योग्य विद्यार्थियों की सालों की तपस्या को एक झटके में तबाह कर देती है।

तंत्र की इस भूलभुलैया में आज युवा इस कदर पिस रहा है कि आवेदन करने से लेकर परीक्षा देने, प्रश्नपत्र लीक होने पर सड़कों पर लाठियां खाने और यहां तक कि नियुक्ति पत्र मिलने के बाद भी नौकरी छिन जाने तक का सफर एक अंतहीन यातना बन चुका है। इस पूरी समस्या के मूल में असीमित उम्मीदवार और सीमित अवसरों का वह मकड़जाल है, जो देश की हर प्रमुख परीक्षा को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में लगभग 900-1000 पदों के लिए हर साल 10 से 13 लाख युवा आवेदन करते हैं, जहां सफलता की दर 0.1 फीसद से भी कम है। आइआइटी-जेईई में 17-18 हजार सीटों के लिए लगभग 1.8 लाख मेधावी कतार में होते हैं। राज्य लोक सेवा आयोगों का हाल तो और भी बुरा है, जहां 200 से 500 पदों के लिए लाखों की भीड़ उमड़ती है और यूजीसी नेट में बैठने वाले 7.5 लाख विद्यार्थियों में से जेआरएफ केवल पांच हजार को नसीब होता है। मांग और आपूर्ति के इसी भयावह अंतर और अत्यधिक दबाव का सीधा फायदा परीक्षा माफिया उठाता है।




### दांव पर भविष्य

इस नीतिगत पंगुता का सबसे ताजा और दर्दनाक शिकार झारखंड बना है। जेपीएससी और जेएसएससी-सीजीएल में धांधली के खिलाफ विद्यार्थियों के 26 दिनों के लंबे आंदोलन के बाद सरकार ने आनन-फानन में 2014 से अब तक की 22 भर्ती परीक्षाएं रद्द कर दीं। इस अदूरदर्शी फैसले ने एक मानवीय संकट खड़ा कर दिया, जिसके चलते ईमानदारी से परीक्षा पास कर पुरानी नौकरियां छोड़कर सचिवालय में सेवाएं दे रहे युवा रातों-रात बेरोजगार हो गए। हालांकि झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी। आंकड़े चीख-चीख कर गवाही देते हैं कि यह कोई नई या किसी एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि पिछले करीब एक दशक (2014-2026) की राष्ट्रीय महामारी है। इस दौरान देश के 19 राज्यों में 152 से अधिक परीक्षाओं, नीट-यूजी (22.7 लाख विद्यार्थी) और यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पुलिस, बिहार लोक सेवा आयोग और ओडिशा शिक्षक पात्रता परीक्षा, हरियाणा में एचएसएससी समूह डी तथा सीटेट जैसी कई राज्य-स्तरीय परीक्षाएं प्रश्नपत्र लीक और प्रशासनिक गड़बड़ियों के कारण रद्द हुईं, जिससे करोड़ों विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लग गया।

### तंत्र की भूलभुलैया

साल 2024 से 2026 के बीच राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं ने साबित कर दिया कि एनटीए जैसी सबसे बड़ी संस्थाएं भी सुरक्षित नहीं हैं। इतनी बड़ी सत्ता और मशीनरी होने के बावजूद सरकारों की इस लाचारी के तीन सबसे बड़े कारण हैं। पहला, परीक्षाओं को आउटसोर्स करके टीसीएस जैसी निजी आईटी कंपनियों या स्कूलों को ठेका दे देना, जहां चंद पैसों के लालच में कर्मचारी आसानी से सौदेबाजी कर लेते हैं। दूसरा, पेपर लीक अब कोई छिटपुट घटना नहीं, बल्कि डार्क वेब, ब्लूटूथ और हैकिंग सॉफ्टवेयर जैसी उच्च तकनीकों से लैस हजारों करोड़ का संगठित अखिल भारतीय अपराध बन चुका है। और तीसरा, प्रिंटिंग प्रेस से लेकर ट्रेजरी और परीक्षा केंद्रों तक बैठे तंत्र के 'विभीषण', जिनकी अंदरूनी सरकारी मिलीभगत के बिना कोई पत्ता भी नहीं हिल सकता। यह केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी मानवीय त्रासदी है। जब उम्र सीमा पार होती है और सपने टूटते हैं, तो अवसाद युवाओं को आत्महत्या के अंधेरे कुएं में धकेल देता है। जंतर-मंतर पर हजारों विद्यार्थियों का प्रदर्शन, उन पर बरसती लाठियां और टूटते सपने यह बताते हैं कि यह एक 'असाध्य और जटिल बीमारी' है, जिसे अब किसी एक राजनीतिक पार्टी या राज्य के चश्मे से नहीं देखा जा सकता।

### सख्ती के बावजूद

विद्यार्थियों के राष्ट्रव्यापी आक्रोश के दबाव में 'लोक परीक्षा संशोधन विधेयक, 2026' पारित किया गया, जो 2024 के मूल कानून को और अधिक सख्त बनाता है। इसके तहत व्यक्तिगत दोषियों के लिए पांच से दस साल की जेल और 50 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। वहीं प्रश्नपत्र लीक करने वाले गिरोह और इसमें सहयोग देने वालों पर एक से दस करोड़ रुपये तक का भारी जुर्माना, काली सूची में शामिल किया जाना और त्वरित अदालतों के जरिए साठ दिन के भीतर तुरंत न्याय सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। सख्त कानून और साठ दिन की निश्चित अवधि उम्मीद की किरण हैं, लेकिन सजा बढ़ाने के बावजूद तब तक अपराध नहीं रुकेंगे, जब तक तंत्र के भीतर बैठे भ्रष्टाचारियों पर सीधा प्रहार न हो। सरकारों को यह समझना होगा कि दबाव में 'परीक्षाएं रद्द करना' नाकामी छिपाने का तरीका भर है। परीक्षाओं को आउटसोर्सिंग के चंगुल से निकालकर सौ फीसद सुरक्षित और एआई-आधारित सरकारी ढांचे पर लाना होगा। आज देश का युवा एक ऐसा पारदर्शी तंत्र चाहता है, जहां उसकी योग्यता का फैसला दलालों की 'रेट-लिस्ट' से नहीं, बल्कि उसकी मेहनत से हो। अगर अब भी तंत्र नहीं जागा, तो हम केवल डिग्रियां नहीं, बल्कि एक पूरी होनहार पीढ़ी का भविष्य राख में मिला रहे होंगे।

अध्यात्म

## गुरु की शिष्य को सीख

एक लोक कथा है पुराने समय में एक गुरुकुल में अनेक शिष्य एक साथ रहते थे। आश्रम बहुत बड़ा था और सभी शिष्यों के रहने के लिए अलग-अलग कुटियाएं बनी हुई थीं। हालांकि शिष्य अपनी-अपनी कुटिया में रहते थे, फिर भी वे एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे। पढ़ाई, भोजन, आश्रम की सफाई और दूसरे कामों में सभी एक-दूसरे का सहयोग करते थे। उन्हीं शिष्यों में एक शिष्य ऐसा था जो हर समय अपने साथियों के बीच रहता था। वह मिल-जुलकर काम करता और जरूरत पड़ने पर दूसरों की मदद भी करता था, लेकिन कुछ दिनों बाद उसके व्यवहार में अचानक बदलाव आने लगा। उसने सबसे अलग रहना शुरू कर दिया। वह न किसी से अधिक बातचीत करता और न ही सामूहिक कामों में पहले की तरह उत्साह दिखाता। आश्रम के दूसरे शिष्य हैरान थे। उन्होंने अपने गुरु को उसके बारे में बताया। गुरु ने कोई तुरंत सलाह नहीं दी। एक शाम वे चुपचाप उस शिष्य की कुटिया में पहुंचे।

सर्दियों के दिन थे। कुटिया के अंदर कुछ लकड़ियां जल रही थीं और शिष्य उनके पास बैठा था। गुरु आए तो शिष्य ने सामान्य रूप से उनका अभिवादन किया। गुरु भी उसके पास बैठ गए। दोनों काफी देर तक बिना कुछ कहे शांत बैठे रहे। कुछ समय बाद गुरु उठे। उन्होंने जलती हुई लकड़ियों में से एक लकड़ी निकाली और उसे थोड़ी दूरी पर अलग रख दिया। शिष्य चुपचाप यह देखता रहा। कुछ ही देर में वह लकड़ी ठंडी होकर बुझ गई। उसमें आग की एक चिंगारी भी बाकी नहीं रही।

गुरु ने फिर वही लकड़ी उठाई और उसे जलती हुई लकड़ियों के बीच रख दिया। थोड़ी ही देर में वह लकड़ी दोबारा जलने लगी और पहले की तरह गर्म हो गई।

गुरु बिना कुछ कहे कुटिया से बाहर जाने लगे। तभी शिष्य ने हाथ जोड़कर कहा, 卐गुरुदेव, आपका संदेश मैं समझ गया हूं।

गुरु मुस्कुराए। शिष्य बोला, जब तक लकड़ी बाकी लकड़ियों के साथ थी, तब तक वह जलती रही। अकेली होते ही बुझ गई। मनुष्य भी ऐसा ही है। संगठन और सहयोग से हमें शक्ति मिलती है। अकेले रहकर हम छोटी-छोटी कठिनाइयों से भी कमजोर पड़ सकते हैं। उस दिन शिष्य को समझ आया कि आत्मनिर्भर होना अच्छी बात है, लेकिन दूसरों से जुड़ाव, सहयोग और संगठन जीवन को मजबूत बनाते हैं।

**प्रसंग की सीख** : सही लोगों के साथ जुड़ें- ऐसे लोगों का साथ चुनें जो आपको बेहतर बनने के लिए प्रेरित करें। सकारात्मक संगति आत्मविश्वास और ऊर्जा बढ़ाती है।

मदद मांगने में संकोच न करें- हर समस्या का समाधान अकेले करना जरूरी नहीं है। जरूरत पड़ने पर परिवार, मित्र, सहकर्मी या किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लें।

दूसरों की मदद करें- सहयोग केवल लेने का नाम नहीं है। जब आप दूसरों की मदद करते हैं, तो विश्वास और मजबूत संबंध बनते हैं।

अकेलेपन और एकांत में अंतर समझें- कुछ समय अकेले रहना आत्मचिंतन के लिए अच्छा है, लेकिन हर किसी से कट जाना समस्या का समाधान नहीं है।

# आखिर अतीत का मोह क्यों नहीं छूटता?

**एक ओर जीवन हमसे आगे बढ़ने के लिए कहता है, तो दूसरी तरफ हमारे भीतर बहुत हठी ऐसा कुछ है, जो बार-बार मुड़ कर पीछे देखने का आग्रह करता है। अतीत की सड़कों पर सैर करने के लिए कहता है। पुराने एल्बम देखना, बचपन के दोस्तों के बारे में बातें करना, बचपन में सुने गीत गुनगुनाना। कुल मिला कर अतीत की एक रूमानी छवि रचना और फिर उसका महिमामंडन करना- यह मन की गहरी आदतों में शामिल है।**

'कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन'- यह टीस रह-रह कर उठती रहती है। अतीत में जीना एक तरह का कर्मकांड बन गया है, जिसमें सभी देर-सवेर हिस्सा लेते हैं। अतीत को भूल जाने में कई बार लोगों के मन में अपराध बोध भी होता है। अपने किसी प्रियजन को याद न करना ग्लानिबोध पैदा कर देता है। ऐसा लगता है कि अतीत को सीने पर लाद कर चलने वाले मन के लिए वर्तमान बस एक संकरा-सा गलियारा होता है। अतीत इसमें से होकर गुजरता है, थोड़ा संशोधित होता है और भविष्य का रूप धर लेता है। वर्तमान के ठीहे पर मन रुक नहीं पाता। तुरंत व्यग्र होने लगता है, अतीत की ओर मुड़ता है, या फिर भविष्य की तरफ, जो वर्तमान के स्पर्श से संशोधित अतीत का ही एक और नाम है। अतीत की कमीज पहने हुए उसी पुराने मन का कल्पित सृजन है भविष्य।

अतीत और उससे जुड़ी स्मृतियों का बोझ साधारण नहीं होता। किसी चट्टान को पीठ पर लादे रहने के समान है यह। हमारे देखने, सुनने और यहां तक कि रोजमर्रा के हर काम में अतीत अपनी नाक घुसेड़ता रहता है। लगातार वर्तमान को अपनी भाषा में अनूदित और परिभाषित करता रहता है। अपने तरीके से उसकी व्याख्या करता चला जाता है। उसका मकसद ही यह सुनिश्चित करना है कि मन कहीं से भी, एक क्षण के लिए वर्तमान में ठहर न पाए। वर्तमान क्षण की मार उसके




लिए घातक और जानलेवा है, शायद इसका भान कहीं उसे है।

साहित्य में अतीत का महिमामंडन खूब देखा जाता है। अतीत को एक ऐतिहासिक सच के रूप में दर्ज तो करना है, पर अतीत में हुई घटनाओं को रूमानियत का जामा पहना कर, उसका बखान करना एक अलग बात है। कवि इससे प्रेरणा लेता है, यादों को संजोता है और सुव्यवस्थित, लुभावने शब्दों में उन्हें सजा कर फूला नहीं समाता। अक्सर कवि अतीत के पास वापस लौटने की असंभव जिद भी कर बैठता है। मसलन, डीएच लारेंस अपनी कविता पियानो में कहते हैं- 'एक बच्चे की तरह रोता हूं मैं, अतीत के लिए'। यह बीते हुए कल में मन का स्थिरीकरण है, जो रुग्णता का रूप भी ले सकता है। पर वर्तमान में ठहरने की बड़ी दिक्कत यह है कि रचनाकार उसे दर्ज नहीं कर सकता। वर्तमान में तो बस चुपचाप ठहरा जा सकता है।

जब कवि किसी पुरानी बात, पुराने दुख या सुख को अपनी रचना में दर्ज करता है, तो वास्तव में वह स्मृति की खरोंचों को ही दर्ज करता है। किसी अनुभव के बासी हुए बगैर उसके बारे में लिखना असंभव है। शायद इसीलिए बौद्ध कवियों ने चंद शब्दों के तीन पंक्तियों के हाइकू पसंद किए, जिसे तत्क्षण, अतीत के अनावश्यक हस्तक्षेप के बगैर लिखा जा सकता है। अतीत इसमें सिर्फ तटस्थ भाषिक ज्ञान के रूप में ही आता है।

अतीत के बारे में लिखी बातें कहीं बहुत गहरी और मन को छूने वाली भी हो सकती हैं, पर उनमें ऐसा टटकापन नहीं हो सकता है, जो वर्तमान के अवलोकन के समय होता है। अतीत से जुड़ा भाव विश्लेषण, तुलना और अन्य मानसिक और वैचारिक उठापटक के बाद उत्पन्न होता है। वह स्वतःस्फूर्त भले ही दिखे, पर उसमें वह अविलंबता बिल्कुल भी नहीं होती।

कला को स्मृतियों से मुक्त करने की वकालत नहीं की जा रही, बस इतना देखने की जरूरत है कि कलात्मक अभिव्यक्ति में स्मृतियों की बड़ी भूमिका है। ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें स्मृतियों पर निर्भरता का पूरा मामला बड़ा ही बचकाना लगता है। उनके लिए अतीत में झांकने का अर्थ है कि वर्तमान बिल्कुल खाली-खंक पड़ा है, उसमें रोचक कुछ नहीं बचा। इसके अलावा, भविष्य भी बड़ा धुंधला और परेशानियों से भरा हुआ है। ऐसे में अब अतीत के खंडहरों में घूमने-टहलने के अलावा अब बचा ही क्या है? यह सिर्फ कोरी भावुकता की वजह से नहीं होता, इसके गहरे कारण हैं चेतना में। इसे 'नास्टेल्जिया' या स्मृतिलिप्सा कहते हैं, जिसमें पुराने दिनों की मीठी और कड़वी यादें मन पर धावा बोलती हैं। कभी सुकून देती हैं और कभी बेचैन कर देती हैं।

सवाल उठता है कि क्या अतीत वर्तमान को अधिक समृद्ध बनाता है या यह बस एक तरह की आत्म-वंचना भर है? कभी-कभी तो अतीत की यादें इतनी हावी हो जाती हैं कि मन जैसे पंगु हो जाता है। दुखद यादों के साथ भी यही होता है। बुढ़ापे में अक्सर लोग इसके शिकार होते हैं। अतीत की पनाह वर्तमान से पलायन का भी एक आसान जरिया बन जाती है। कई आधुनिक मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि इसके कारण चिंताएं खत्म तो नहीं होतीं, पर उनके खत्म होने का एक भ्रम जरूर पैदा हो जाता है।

इस तरह स्मृतियां एक मनोवैज्ञानिक सहारा देती हैं, एक तरह की बैसाखी भी बन जाती हैं। खासकर तब जब हम बहुत ही कमजोर और बेसहारा महसूस कर रहे हों।

मन चित्त की आड़ी-तिरछी रेखाओं पर चलता है। इन रेखाओं को बनाने का काम है विचारों और स्मृतियों का। जीवन सरल और सहज हो इसके लिए जरूरी है कि ये रेखाएं भी सीधी रहें। मन जहां तक संभव हो, वर्तमान में ही टिका रहे। कहना तो आसान है, पर करना कठिन। फिर भी कोशिश की जानी चाहिए इसे करने की। मानसिक स्वास्थ्य और शांति के लिए बड़ा जरूरी है यह। यादों को पूरी तरह मिटा देना तो शायद संभव नहीं, बस ऐसा कुछ किया जाए कि वे आएं और चली जाएं। चाय-पानी के लिए घर में जम कर बैठ न जाएं।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
नए विचारों से लाभ और दफ्तर में आत्मविश्वास से काम करें। धन के मामले में नए विचार और कमाई बढ़ाने के मौके मिल सकते हैं। बातचीत से जुड़े काम या किसी नए माध्यम से लाभ हो सकता है।

**वृषभ**
आज आपकी प्राथमिकता वित्तीय सुरक्षा बनाए रखना रहेगी, जो बिल्कुल सही है। कन्या राशि के शुक्रदेव फालतू खरीदारी से बचने और खर्चों पर नजर रखने की सलाह देते हैं।

**मिथुन**
आज धन के मामलों में तुरंत कदम उठाने का मन करेगा। आप कमाई का नया जरिया शुरू करने या बेहतर शर्तों पर बात करने के बारे में सोच सकते हैं।

**कर्क**
आज लंबे समय के वित्तीय सुधार के प्रति भरोसा जगाएगी। किसी भरोसेमंद व्यक्ति या परिवार से धन से जुड़ी अच्छी सलाह मिल सकती है।

**सिंह**
आज आर्थिक फैसलों में स्पष्टता और सीधी बातचीत से हर मामले हल करने की कोशिश करें। धन के मामलों में सावधान रहेगा। आप किसी मुख्य वित्तीय निर्णय को खुद संभालना चाहेंगे।

**कन्या**
आज बजट में सुधार और काम में अनुशासन रखना होगा। आप अपनी वित्तीय आदतों के प्रति सजग रहेंगे। आप उन खर्चों को पहचान पाएंगे जिन्हें कम करने की जरूरत है।

**तुला**
आज लेन-देन में सावधानी और दफ्तर में तालमेल रखना होगा। आज आपको अपनी जरूरतों और जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाना होगा।

**वृश्चिक**
आज सुरक्षित योजना और काम का सही प्रदर्शन करें। आप लंबे समय की सुरक्षा को लेकर ज्यादा गंभीरता से सोचेंगे। आज का दिन जोखिम लेने के बजाय सही योजना बनाने के लिए बेहतर है।

**धनु**
आज बजट का ध्यान और काम में प्रगति के योग है। पैसों और भविष्य को लेकर सकारात्मक सोच बनी रहेगी। यह भरोसा योजनाएं बनाने में मदद करेगा। फिर भी, यह मानकर न चलें कि सब खुद ही सही हो जाएगा।

**मकर**
आज जिम्मेदारी से सुरक्षा और धीरज का फल आपको मिल सकता है। आज आप वित्तीय मामलों को अपने नियंत्रण में रखना पसंद करेंगे। दूसरों के कहने में आकर अतिरिक्त वित्तीय जिम्मेदारियां न लें।

**कुंभ**
आज तथ्यों की जांच और नई सोच से लाभ होगा। कुछ विचार काम के हो सकते हैं, लेकिन हर अवसर पर तुरंत कदम उठाना सही नहीं है। कहीं भी पैसा लगाने से पहले सही जानकारी जुटाएं और तथ्यों पर टिके रहें।

**मीन**
आज वास्तविक सोच और काम की मजबूत नींव डाल सकती है। पैसों के मामले में आज वास्तविक सोच रखनी होगी। कई जिम्मेदारियां एक साथ सामने आ सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिव मंदिर परिसर में सफाई के दौरान मिली शराब की दर्जनों बोतलें



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज नगर बाजार के चंढोस मोड़ स्थित शिव मंदिर परिसर में नगर पंचायत की ओर से मंदिर परिसर में सफाई कराया जा रहा था। सफाई के दौरान मंदिर परिसर में कचरे के बीच अंग्रेजी शराब की दर्जनों खाली बोतलें मिलीं। इससे मंदिर परिसर में नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों के जमावड़े की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मंदिर पालीगंज थाने से महज 200 फीट की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद मंदिर परिसर में शराब की खाली बोतलों का मिलना चिंता का विषय है। लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर में नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मंदिर परिसर पर विशेष नजर रखने और समय-समय पर औचक जांच व छापेमारी करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक स्थल को नशेड़ियों का अड्डा बनने से रोकने के लिए ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है। साथ ही मंदिर परिसर की नियमित निगरानी करने की भी मांग की गई है।

### आगजनी के आरोपी के घर छापा, हथियार बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नदपुरा गांव में लूटपाट और आगजनी के मामले में फरार आरोपी के घर छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है।बताया



जाता है कि नदपुरा गांव में 21 अगस्त की रात अरुण पासवान पिता भुखल पासवान के घर का ताला तोड़कर लूटपाट और आगजनी की गई थी। इस मामले में पीड़ित ने बैजू रविदास, रोहित कुमार और बिट्टू कुमार पर नामजद केस दर्ज कराया था।इसी मामले में पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी करने गई थी। तलाशी के दौरान आरोपी रोहित कुमार पिता लालदेव रविदास के घर से एक देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद हुए। छापेमारी के दौरान आरोपी रोहित कुमार मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पुलिस बनकर साइबर ठगों ने 52 हजार उड़ाए

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साइबर अपराधियों ने पुलिस बनकर एक व्यक्ति से 52 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर थाना और स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है।मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल रोड का है। पीड़ित शिव शंकर प्रसाद पिता स्व. सीताराम प्रसाद ने बताया कि सुबह उसके मोबाइल न पर फोन कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस बताया और धमकाते हुए जेल भेजने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक दफकोड भेजा। डर के कारण पीड़ित ने उस कोड को स्कैन कर दिया, जिसके बाद धीरे-धीरे आठ बार में उसके खाते से कुल 52 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए।ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही स्थानीय थाने में भी लिखित आवेदन देकर पैसा वापस दिलाने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### झंडा फहराने स्कूल गई नाबालिग अब तक लापता

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के शिबुल मजरा कोसुत गांव से एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर अपहरण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ग्राम शिबुल कोसुत की स्थाई निवासी हैं। उन्होंने थाने में दिए आवेदन में बताया कि उनकी बेटी 15 अगस्त 2026 को सुबह करीब 4 बजे झंडा फहराने के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोसुत के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदारों और आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। बाद में पता चला कि गांव के ही संदीप कुमार पिता अज्ञात मोबाइल वाला युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है।पीड़िता की मां ने थाने में लिखित शिकायत देकर बेटी की बरामदगी और आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब पीकर हंगामा करने वाले 13 गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शराब पीकर सड़क पर हंगामा मचा रहे कुल 13 लोगों को पिपरा और पुनपुन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पिपरा पुलिस ने दो अलग-अलग कांड में 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना कांड संख्या 112/26 और 113/26 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2022 की धारा 37 के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में कुरकुरी निवासी प्रकाश कुमार पिता संतोष मांझी, राजघाट नवादा निवासी राजकिशोर पासवान, पुरैनिया निवासी महेश केवट और जितेंद्र कुमार, सावरचक बेलदारी टोला निवासी प्रेम कुमार, संजय चौहान, संजीत कुमार, पप्पू चौहान और अकबरपुर निवासी सत्येंद्र ठाकुर शामिल हैं। पुलिस ने सभी को नशे की हालत में हंगामा करते हुए पकड़ा। वहीं पुनपुन पुलिस ने भी शराब के नशे में हंगामा कर रहे 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नादपुरा निवासी दामोदर कुमार पिता संजीव दास, ललन दास पिता परमेश्वर दास तथा पकड़ी निवासी सुधीर साहू पिता देवी दयाल साहू और सदन पासवान पिता स्व. शिव पासवान के रूप में हुई है।पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### हंगामा कर रहे युवक को शराब के नशे में पकड़ा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावणी सोमवार के अवसर पर मोकामा और मरांची क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु लखीसराय स्थित अशोकधाम मंदिर जाते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मरांची थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पानी वितरण की व्यवस्था की गई थी। इसी दौरान मरांची इंग्लिश के पास एक व्यक्ति के हंगामा करने की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार के अनुसार पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रामपुकार, पिता बृजनंदन सहनी, निवासी शेरपुर, थाना मरांची, जिला पटना के रूप में हुई है। पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर से जांच की, जिसमें उसके शराब पीने की पुष्टि हुई।इस मामले में मरांची थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आरोपी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### फरार आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव से रविवार देर रात पुलिस ने शराब तस्करी मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बरहपुर निवासी युगल बिंद के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि आरोपी कांड संख्या 233/26 में फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद उसके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, सुजीत कुमार इलाके में शराब तस्करी से जुड़ा हुआ था। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### मारपीट में महिला के बेटे को रॉड मारकर किया लहूलुहान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के ओरीयारा गांव में मामूली बात को लेकर हुए विवाद में एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित रणधीर कुमार उम्र 25 वर्ष पिता महादेव महतो ग्राम ओरीयारा पंचायत सोनमई ने थाने में आवेदन दिया है। उसने बताया कि 16 अगस्त को दोपहर करीब 1 बजे उसकी मां रेणु देवी घर के दरवाजे पर बैठी थीं, तभी पड़ोसी मनीषा कुमारी आकर तू-तू मैं-मैं करने लगी।आरोप है कि इसके बाद मनीषा कुमारी उम्र 24 वर्ष पति अरविंद प्रसाद, गुड्डू कुमार उम्र 19 वर्ष, धर्मेंद्र कुमार उम्र 30 वर्ष दोनों पिता नंदलाल महतो, अरविंद प्रसाद उम्र 35 वर्ष पिता उत्तमचंद्र महतो और पूजा कुमारी उम्र 27 वर्ष पति धर्मेंद्र कुमार सभी ग्राम ओईचकटा ने मिलकर रेणु देवी के साथ गाली-गलौज और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी।जब रणधीर अपनी मां को बचाने आया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। गुड्डू कुमार ने रॉड से उसके सिर पर वार किया, जिससे सिर फट गया और वह खून से लथपथ होकर दरवाजे पर गिर गया। इसी दौरान मनीषा कुमारी ने रेणु देवी के गले से सोने की जीतिया छीन ली। पीड़ित ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनरूआ में इलाज कराने के बाद 23 अगस्त को थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गंगा के रौद्र रूप से मोकामा में तबाही, कसहा दियारा की मुख्य सड़क ध्वस्त

## जंजीरा दियारा के सैकड़ों लोग पलायन को मजबूर







**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर ने मोकामा प्रखंड के कई पंचायतों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। गंगा के रौद्र रूप के कारण कसहा दियारा पंचायत की मुख्य सड़क रविवार की रात पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दरक गई और ढह गई। यह सड़क पटना, बेगूसराय और खगड़िया को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। सड़क के कट जाने से हजारों लोगों के आवागमन पर असर पड़ा है। ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय और पंचायत के दूसरे हिस्सों से संपर्क भी टूट गया है। ग्रामीणों के अनुसार, कसहा दियारा की मुख्य सड़क से कांवरियों का आवागमन भी बंद हो गया है।स्थानीय भाजपा नेता भोजल निषाद ने बताया कि सड़क के नीचे बनी पुलिया पानी के तेज बहाव के कारण तेजी से कट रही थी। शनिवार को ग्रामीणों की शिकायत पर मोकामा अंचलाधिकारी लवली कुमारी ने स्थल का निरीक्षण कर संबंधित विभाग को स्थिति से अवगत कराया था। विभाग की ओर से केवल रेत की बोरियां भेजी गईं, लेकिन सड़क और पुलिया की मरम्मत के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद पानी के तेज बहाव के कारण पुलिया के साथ सड़क का भी पूरी तरह कटाव हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का कालीकरण करीब चार माह पहले ही कराया गया था। सड़क के ध्वस्त होने से कसहा दियारा पंचायत पर बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है।इधर, गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण सिमरिया धाम स्थित निषाद घाट पूरी तरह जलमग्न हो गया है। घाट पर स्थित दुकानों और होटलों में पानी भर गया है। मोकामा के लगभग सभी घाटों तक गंगा का पानी पहुंच गया है।वहीं, औंटा पंचायत में पिछले डेढ़ महीने से गंगा कटाव रोकने और नदी की धारा मोड़ने के लिए जल संसाधन विभाग एवं बाढ़ नियंत्रण समिति की ओर से एनसी टीथ का निर्माण कराया जा रहा था। इसके लिए लाखों बोरियां भरकर गंगा किनारे रखी गई थीं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई भरी हुई बोरियों को गंगा बेसिन में ही छोड़ दिया गया, जिसके कारण संगत घाट, हिस्सातर और मोकामा घाट क्षेत्र में हजारों बोरियां बिना इस्तेमाल के गंगा में समा गईं। इससे कटाव रोकने के प्रयासों पर भी सवाल उठ रहे हैं।गंगा का जलस्तर बढ़ने से मोकामा घाट स्थित सीआरपीएफ फायरिंग रेंज भी अब नदी की जद में आ गया है। लगातार बढ़ते पानी से आसपास के इलाकों में लोगों की चिंता बढ़ गई है।दूसरी ओर, मोकामा के जंजीरा दियारा क्षेत्र में भी बाढ़ का असर गंभीर हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 700 लोग गंगा के बढ़ते जलस्तर से प्रभावित हैं। आधे से अधिक परिवार अपने घर-द्वार छोड़कर नाव के सहारे सामान लेकर मोकामा प्रखंड मुख्यालय की ओर पहुंचने लगे हैं। जंजीरा दियारा के निचले हिस्से के लोग अपने मवेशियों और जरूरी सामान के साथ सुरक्षित एवं सूखे स्थानों पर शरण लेने लगे हैं।

# आस्था का नया केंद्र बना चंडासी का अर्द्धनारीश्वर धाम

## अंतिम सोमवारी पर उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के पावन महीने में गौरीचक थाना क्षेत्र के चंडासी गांव में निर्मित 108 फीट ऊंची अर्धनारीश्वर प्रतिमा इन दिनों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पूरे सावन महीने में यहां जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा, वहीं अंतिम सोमवारी पर तो आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सावन की अंतिम सोमवारी को हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भीड़ को देखते हुए मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर मंदिर के चारों प्रवेश और निकास द्वार समेत 10 जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बताया जाता है की करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस भव्य धार्मिक परिसर का निर्माण कई वर्षों की सतत मेहनत और हजारों श्रद्धालुओं के सहयोग से पूरा हुआ है। मंदिर निर्माण में बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों के अनुभवी कारीगरों और शिल्पकारों ने अपनी कला का योगदान दिया है।भगवान शिव और माता पार्वती के संयुक्त स्वरूप अर्धनारीश्वर की 108 फीट ऊंची प्रतिमा के अलावा परिसर में भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की विशाल प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। मंदिर की स्थापत्य कला देखते ही बनती है। पटना-गया मार्ग पर जीरोमाइल के समीप स्थित यह धाम अब बिहार के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों में शामिल होने जा रहा है। बीते 26 जून को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि अर्धनारीश्वर की प्रतिमा विश्व का सबसे बड़ा प्रतिमा है और इसको देखने के लिए लोग बहुत दूर-दूर से आ रहे हैं या काफी आकर्षक का केंद्र है

### सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन की अंतिम एवं चौथी सोमवारी के अवसर पर मोकामा और घोसवरी प्रखंड के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु गंगा तट पर स्नान और जलभरी कर ह्यहर-हर महादेवह्व के जयघोष के साथ विभिन्न शिव मंदिरों में कतारबद्ध होकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना में जुटे रहे।रविवार देर शाम से ही मोकामा के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान कर जल लेकर गाजे-बाजे के साथ प्रसिद्ध अशोक धाम के लिए रवाना हुए। कांवरियों की सुविधा को देखते हुए जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए। मोकामा परशुराम सेवा समिति की ओर से बरहिया के इंदुपुर में भव्य शिविर लगाया गया, जहां श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क फल, पानी, चाय और मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई गई।मोकामा के शिवनार पंचायत स्थित प्रसिद्ध नीलकंठ महादेव मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर मोकामा और घोसवरी प्रखंड के छोटे-बड़े सभी शिवालयों को फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार,मेकरा ओपी प्रभारी अवनीश कुमार,एसआई सुनील कुमार और सौरव कुमार ने भी नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द की कामना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए तपस्वी जी गंगा घाट और शिवनार स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में मोकामा पुलिस ने कड़ी चौकसी बरती। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# शिवमय हुआ दनियावां से हिलसा मार्ग, अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन की अंतिम सोमवारी पर दनियावां से हिलसा तक पूरा सड़क मार्ग शिवमय हो गया। चारों तरफ धान के खेतों ने हरी चुनरिया ओढ़ रखी है और इसी हरियाली के बीच बराबर पहाड़ पर विराजमान बाबा सिद्धनाथ धाम के लिए फतुहा की पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा से जल लेकर डाकबम और कांवरियों का जत्था रविवार शाम से सोमवार 24 अगस्त तक रास्तों से गुजरते हुए शिव भक्ति से उसे गुलजार करता रहा। डीजे संगीत पर तेज शिव महिमा सांग्स भी बजते रहे। हिलसा कोर्ट परिसर स्थित कामना लिंग पर भोर से ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, गंगाजल, अपराजिता, गेंदा, आक, तगड़ी, शमी पत्र, मधु, रोली-चंदन,दुग्ध,दही, अबीर और फलों को उनपर अर्पित किया और जलाभिषेक कर समाज कल्याण और राज्य के विकास की कामना की। इस अवसर पर दनियावां औ हिलसा से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी एवं वरीय मीडियाकर्मी डॉ. राजीव नयन ने कहा, सावन की हरियाली और धान के लहलहाते खेत स्वयं शिव का श्रृंगार हैं। शिव को हरीतिमा, हरा रंग, हरा वस्त्र और धन का प्रतीक धान अत्यंत प्रिय है। सृष्टि का हर कण, हर बेल, हर बेलपत्र उनकी महिमा से ओत-प्रोत है। जब वे अपनी जटा खोलते हैं तभी वर्षा होती है और धरती पर यह हरियाली आती है। उनकी भक्ति के बिना मानव की आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शिव जगत के पालनहार, करुणा के स्वामी और भक्तों के दुख हरने वाले जगतगुरु हैं। इस दौरान उनकी अर्धांगिनी





नीतू कुमारी, पुत्र अविरल नयन, पुत्री शिवानी सुमन और दीपशिखा अनायरा श्री भी पूजा में उपस्थित रहीं। शिवपुरी धाम सरथुआ, दनियावां के थानेश्वर मंदिर, चौरासी, डियावां, हिलसा के बुढ़वा महादेव, बाबा नर्मदेश्वर मंदिर, दारोगा कुआं, हिलसा प्रखंड कार्यालय के समीप शिव मंदिर, पिपलेश्वर शिवालय और खाकी बाबा चौक स्थित शिवालयों में भी दिनभर भीड़ लगी रही।

# ललन सिंह और अनंत सिंह के मोकामा नगर भ्रमण की तैयारी, एनडीए ने बनाई रणनीति



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद सभागार में सोमवार को एनडीए की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 28 अगस्त को संभावित मुंगेर सांसद सह भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह के नगर भ्रमण एवं जनसंवाद कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।बैठक में तय किया गया कि सांसद ललन सिंह और विधायक अनंत सिंह का स्वागत आहार होटल के समीप फोरलेन पर किया जाएगा। इसके बाद दोनों नेता मोकामा नगर का भ्रमण कर आम लोगों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे। बैठक में मोकामा की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था, बुडको द्वारा निर्मित नाले के आधे-अधूरे कार्य सहित नगर की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनसंवाद के दौरान मंत्री और विधायक के समक्ष इन समस्याओं को रखकर समाधान की मांग की जाएगी।बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल रंजन, नगर सभापति निलेश कुमार माधव,विधायक प्रतिनिधि अनुपम कुमार कन्हैया, जदयू नगर अध्यक्ष मनोज कुमार बीजेपी बाढ़ जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रसाद ,वार्ड पार्षद शोएब खान सहित सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऑटोमोबाइल एसोसिएशन ऑफ ईस्टर्न इंडिया शाखा के डॉ. ओम प्रकाश चेयरमैन तथा दिलजीत खन्ना पुनः सचिव निर्वाचित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऑटोमोबाइल एसोसिएशन ऑफ ईस्टर्न इंडिया, पटना शाखा के संपन्न चुनाव में डॉ. ओम प्रकाश चेयरमैन तथा दिलजीत खन्ना पुनः सचिव निर्वाचित हुए। दिलजीत खन्ना चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों में सर्वाधिक मत प्राप्त कर विजयी हुए। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर रोहित सिंह एवं प्रकाश सहाय द्वारा अंतिम परिणामों की घोषणा की गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों में चेयरमैन- डॉ. ओम प्रकाश, वाइस चेयरमैन- रमन सिंधी एवं गुरमीत सिंह, सचिव- दिलजीत खन्ना, संयुक्त सचिव- सुधीर कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष- अंजन विश्वास हैं। कार्यकारिणी समिति में डॉ. वी. एन. मल्लिक, अजीत कुमार सिंह, अमित अधिकारी, अखिलेश बिहारी लाल, बरुण किशोर शरण, आलोक कुमार घई, सुधीर किशोर शरण, अनुज राज एवं एन. के. झा शामिल हैं। एएईआई 1938 से वाहन मालिकों एवं मोटरिंग समुदाय की सेवा करता आ रहा है। पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में सचिव दिलजीत खन्ना की पहल पर न्यूनतम दर पर वाहन धुलाई की सुविधा तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए EV Charging Station जैसी आधुनिक सुविधाएं शुरू की गई हैं।

# प्रेम प्रसंग को लेकर घर में लूटपाट और आगजनी, तीन नामजद समेत अन्य पर केस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नदपुरा गांव में प्रेम प्रसंग के विवाद को लेकर एक घर में लूटपाट और आगजनी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीन नामजद समेत अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित अरुण पासवान पिता मुखलु पासवान गांव नदपुरा के स्थायी निवासी हैं। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त 2026 की रात वह अपने पुश्तैनी घर आयुपुर थाना करायपरसुराय जिला नालंदा में परिवार के साथ रह रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उनके नदपुरा स्थित घर का ताला तोड़ दिया।आरोप है कि घर में रखे बर्तन, अनाज और करीब 50 हजार रुपये के जेवरात समेत अन्य सामान लूट लिया गया और जाते-जाते घर में आग लगा दी गई, जिससे बचा हुआ सामान जलकर राख हो गया।पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस घटना को बैजू रविदास उम्र 38 वर्ष पिता गुलाब चंद्र रविदास, रोहित कुमार उम्र 25 वर्ष पिता लालदेव रविदास, बिट्टू कुमार उम्र 20 वर्ष पिता रंजीत रविदास समेत अन्य लोगों ने अंजाम दिया है।घटना का कारण 7 माह पूर्व उसके पुत्र मंटू पासवान और गांव की ही प्रीति कुमारी के बीच प्रेम प्रसंग में घर से भाग जाना बताया जा रहा है। तभी से आरोपी पक्ष द्वारा गांव छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा था और जान से मारने व महिलाओं की इज्जत लूटने की धमकी दी जा रही थी। डर के कारण पीड़ित परिवार नालंदा में रह रहा था।

# सोन नदी में स्नान के दौरान डूबने से दो किशोरों की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के रानीतालाब थाना अंतर्गत एकबालगंज निसरपुरा गांव के पास सोन नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान एकबालगंज निसरपुरा गांव निवासी चंदन सिंह के 12 वर्षीय पुत्र किशु कुमार और रविशंकर कुमार के 13 वर्षीय पुत्र रौनक कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों किशोर सोन नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और दोनों की मौत हो गई थी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने रानीतालाब थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया गया। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है, वहीं मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मसौढ़ी जेल परिसर में पौधारोपण और पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल प्रशासन के निर्देशन और आर्यभट्ट परिवार मंच मसौढ़ी के सौजन्य से उपकारा मसौढ़ी प्रांगण में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने की कार्यक्रम की शुरूआत में एसडीएम, बीडीओ, सीओ, जेल उपाधीक्षक और सर्किल इंस्पेक्टर को पौधा देकर सम्मानित किया गया।गोष्ठी को

## 50 पौधे लगाए गए

संबोधित करते हुए एसडीएम धनराज कुमार ने कहा कि बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण समाज के लिए चिंता का विषय है, इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण संतुलित रहे।बीडीओ ने कहा कि जिस तेज गति से वृक्ष काटे जा रहे हैं वह आने वाले समय में संकट का कारण बनेगा, जेल उपाधीक्षक गौतम कुमार ने कहा कि आर्यभट्ट परिवार मंच द्वारा कारा प्रांगण में पौधारोपण करना सराहनीय है और हम इन पौधों को बचाकर पूरे कैंपस को हरित जोन बनाएंगे।आर्यभट्ट परिवार मंच के अध्यक्ष डॉ. एमके मंगल ने कहा कि हरित मसौढ़ी अभियान लगातार जारी रहेगा।गोष्ठी में लीड इंडिया अकादमी की छात्रा काव्या सिंह, ब्लिस जूनियर किड स्कूल की छात्रा आराध्या, भारती पब्लिक स्कूल की छात्रा श्वेता और अंजलि ने भी अपने विचार रखे।गोष्ठी के बाद परिसर में करीब 50 पौधे लगाए गए और एसडीएम ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। मौके पर इंस्पेक्टर अरविंद सहनी,शिक्षक पंकज कुमार ,पलटन सिंह, सिंदर सिंह बग्गा, सुनील वर्मा, दिलखुश राय, सदन मोहन मांझी, दीपक शर्मा, गुड्डू रंगरेज, पिंटू रजक, शहजाद आलम, विश्वनाथ केसरी, मुन्ना पासवान, शिक्षक चंदन भारती, प्रणव कुमार सिंहसहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### लावारिस बोलेरो से 302 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने दिवा गश्ती के दौरान लावारिस हालत में खड़ी एक बोलेरो गाड़ी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाने लाने के बाद उसकी तलाशी ली, जिसमें कुल 302 लीटर 400 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बताया जाता है कि एकमा-केशरी मुख्य मार्ग पर पंचुआ गांव जाने वाली सड़क के मोड़ के समीप एक बोलेरो लावारिस हालत में खड़ी थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर थाना ले आई। थानाध्यक्ष रामबालक यादव के निर्देश पर बोलेरो का गेट और डिक्की खोलकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन की पिछली सीट और डिक्की से शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, बरामद शराब में ऑफिसर्स च्वाइस ब्रांड की विभिन्न पैकिंग शामिल हैं। पुलिस ने शराब के साथ बोलेरो को भी जब्त कर लिया है। मामले में बिहार राज्य मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था।

### ईद-मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 26 अगस्त 2026 को मनाए जाने वाले ईद-मिलादुन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को एकमा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने की। बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष ने पर्व के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर उपस्थित लोगों के साथ विचार-विमर्श किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर अपने-अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। पुलिस प्रशासन ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। बैठक में सरपंच बलिराम ठाकुर, अरविंद सिंह, भगवान राय, मोहम्मद मोलाजिम अंसारी, मोहम्मद नासिर, परमहंस पांडेय, मोहम्मद शाहबुद्दीन, सुदामा राय, कलाम अंसारी, नहमुद अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### 5 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने रविवार को दिवा गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एकमा बाजार से 5 लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि दिवा गश्ती के लिए पुअनि विनायक राम के नेतृत्व में महिला पुलिस बल वीणा कुमारी एवं मनीषा कुमारी निकली थीं। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एकमा बाजार में एक व्यक्ति शराब लेकर मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और 5 लीटर देशी शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के गंज गांव निवासी ओमप्रकाश चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ बिहार राज्य मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित हुए प्रबंधन विज्ञान विभाग के छात्र

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित होकर विभाग का नाम रोशन किया है। एमबीए 2024-26 बैच से अनन्या यदुश का चयन फ्लिपकार्ट में एग्जीक्यूटिव-एफसी के पद पर हुआ है। वहीं धुपेंद्र कुमार का चयन बजाज फाइनेंस और कुंदन कुमार का चयन मनीबॉक्स फाइनेंस लिमिटेड में सेल्स रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर हुआ है। विभागाध्यक्ष प्रो. सपना सुगंधा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम और विभाग के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विभाग विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ रोजगार के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है।प्रो. सरोज रंजन ने कहा कि छात्रों की यह सफलता पूरे विभाग के लिए गर्व की बात है। उनकी मेहनत से अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे। इस अवसर पर डॉ. शिवेंद्र सिंह, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. श्रीनिवास बालगोनी, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. राजीव रंजन चौबे एवं प्रसून श्रीवास्तव ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।



### बिजली चोरी में 5 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्युत विभाग ने मसौढ़ी में बड़ी कार्रवाई की है। कनीय विद्युत अभियंता के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर 5 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। इस संबंध में मसौढ़ी थाने में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# 'बिहार विद्या साथी' ऐप का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया शुभारंभ

**बिहार विद्या साथी ऐप पर 24 घंटे एक्सपर्ट शिक्षक उपलब्ध रहेंगे, विद्यार्थी करा सकेंगे अपने डाउट्स का समाधान : जिलाधिकारी**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा बिहार विद्या साथी ऐप का शुभारंभ किया गया। यह ऐप छात्रों के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण साबित होगा। इस ऐप पर 24 घंटे एक्सपर्ट शिक्षक उपलब्ध रहेंगे जिनसे छात्र अपनी समस्या या प्रश्नों का समाधान करा सकेंगे। पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा इस ऐप का शुभारंभ किया गया जिसका लाइव टेलीकास्ट पूरे बिहार में कराया गया। पूर्वी चंपारण जिला में इसके लिए समाहरणालय मोतिहारी के एनआईसी में व्यवस्था कराई गई थी साथ ही साथ जिला के सभी 33 मॉडल स्कूल में इसके लिए व्यवस्थाएं कराई गई थी। एनआईसी मोतीहारी में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजन गिरी एवं सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) के लिए चयनित जिला स्कूल मोतिहारी के 09 वीं और 10 वीं वर्ग के छात्र उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया गया कि विद्या साथी ऐप के माध्यम से बिहार के 700 से अधिक मॉडल स्कूल के लगभग 3 लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे। मॉडल स्कूल के नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और 12वीं क्लास के बच्चे इस ऐप के माध्यम से अपना शंका समाधान, विषय अध्ययन अथवा समस्या निराकरण के लिए विद्यालय के लॉगिंग पर लॉगिंग करने पर एक ओटीपी आएगा उसके पश्चात छात्र सीधे संबंधित शिक्षक से जुड़ेंगे और अपने प्रश्नों को रखेंगे। छात्रों के प्रश्नों का सही हाल शिक्षक के द्वारा बताया जाएगा। यह व्यवस्था 24 घंटे संचालित होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्वी चंपारण जिला में 33 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) संचालित हो रहे हैं। बीएसईबी पटना द्वारा विकसित मोबाइल ऐप विद्यासाथी के माध्यम से 247 विद्यार्थी, शिक्षकों से अध्ययन कर सकते हैं और अपनी समस्या / प्रश्नों का हाल प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐप के माध्यम से नवी एवं दसवीं क्लास के बच्चे सभी विषय एवं 11वीं तथा 12वीं क्लास के बच्चे विज्ञान विषय के प्रश्नों को हल करा सकते हैं। इस ऐप के आ जाने से विद्यार्थियों को विभिन्न तरह के प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में काफी सहूलियत होगी और उन्हें योग्य शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से ही बच्चों से इंटरेक्ट करेंगे। विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। विद्यार्थी इसका पूरा-पूरा लाभ उठाएं। जिलाधिकारी के द्वारा इस अवसर पर मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों को शुभकामना दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने बताया कि अभी यह व्यवस्था मॉडल स्कूल के बच्चों के लिए प्रारंभ किया जा रहा है जिसका धीरे-धीरे विस्तार किया जाएगा ।

## रूद्राक्ष को साक्षात भगवान शिव का स्वरूप माना गया है

**एक बार पाँच लाख रूद्राक्ष के शिवलिंग पर जल चढ़ाने या रूद्राभिषेक करने से चार लखराव के बराबर फल प्राप्त होता है : आचार्य डॉ. शम्भुनाथ**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व का पहला पांच लाख रूद्राक्ष का गोल्ड प्लेटेड शिवा मुखा आकृति का शिवलिंग मनोकामना सिद्ध हनुमान आश्रम में स्थापित है। इस श्रावण मास की अंतिम सोमवारी आज के दिन प्रदोष भी है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज के दिन माताओ को भगवान शिव एवं पार्वती का व्रत रखना चाहिए तथा मंगलवार को मां मंगला गौरी का पूजन करना चाहिए जो मनवांछित फल और अखंड सौभाग्य को देता हैं। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। यह पहला शिवलिंग है, जिस पर पूजा करने, रूद्राभिषेक करने और जलाभिषेक करने की व्यवस्था की गई है। पिछले पाँच वर्षों में लाखों भक्तों के द्वारा जलाभिषेक पूजा अर्चना की गई है। रूद्राक्ष को साक्षात भगवान शिव का स्वरूप माना गया है। एक बार पाँच लाख रूद्राक्ष के शिवलिंग पर जल चढ़ाने या रूद्राभिषेक करने से चार लखराव के बराबर फल प्राप्त होता है। इस वर्ष का श्रावण मास अंतिम है। भगवान शिव की अराधना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। आचार्य डॉ. शम्भुनाथ सीकरीया द्वारा प्रत्येक सोमवार को श्रावण मास में प्रातः 08 बजे निश्चित समय से निःशुल्क रूद्राभिषेक कराया जाता है। जो भी अपनी सामग्री लाना चाहे तो ला सकते है, नही तो यहां हरिद्वार का गंगाजल और बेल पत्र उपलब्ध है, जो अपने पंडित से रूद्राभिषेक कराना चाहें तो निःशुल्क स्थान समय आरक्षित करा लें। वर्तमान में जो समय चल रहा है। वह बहुत ही ग्रहो के प्रभाव में है। ऐसे में राष्ट्रहित और अपने हित के लिए श्रद्धापूर्वक सभी से आग्रह है कि ब्रहमचर्य में रहे और भगवान शिव की अराधना करें, माता - बहने व्रत रखे। आप के द्वारा किये गये इस प्रयास से सभी लाभान्वित होंगे।

## सीमांकन विवाद को लेकर एसएच-2 जाम, ग्रामीणों ने जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** अनुमंडल क्षेत्र के दुल्हिनबाजार को नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया शुरू होते ही प्रस्तावित सीमांकन को लेकर विवाद शुरू हो गया है। सोमवार को गांवों (मौजों) के चयन पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पक्षपात का आरोप लगाया और बिहटा-पालीगंज स्ठ-2 को घंटों जाम कर दिया। इससे आवागमन बाधित रहा और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सीमांकन के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के स्थानीय नेता भी एक मंच पर नजर आए। दुल्हिनबाजार मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रणजीत यादव ,दुल्हिनबाजार पूर्वी से जिला परिषद सदस्य सर्वेश यादव , भाकपा माले के प्रखंड सचिव अमरसेन, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जसवंत कुशवाहा ,राहुल यादव और उत्कर्ष यादव ने पारदर्शी तरीके से सीमांकन कराने की मांग की। उनलोगों का कहना है कि बिना जनप्रतिनिधियों के जानकारी दिए पालीगंज अनुमंडल पदाधिकार,दुल्हिनबाजार के सीओ और बीडीओ तीनों मिलकर नगर पंचायत का सीमांकन कर रहे हैं। जबकि दुल्हिनबाजार न अस्पताल है,न ही कोई डिग्री कॉलेज है फिर भी दुल्हिन बाजार को नगर पंचायत बनाना कहां तक उचित है। इस लोगों ने मांग करते हुए कहा है कि अगर दुल्हिन बाजार को नगर पंचायत बनाना ही है तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर नगर पंचायत का सीमांकन कराया जाय। जनप्रतिनिधियों के कहा कि भौगोलिक और सामाजिक जरूरतों को ध्यान में रखकर सीमांकन नहीं हुआ तो भविष्य में विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं। वहीं, सीओ श्वेता सिन्हा ने पक्षपात के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि नगर पंचायत का प्रारंभिक ड्राफ्ट निर्धारित सरकारी मानकों के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें जनसंख्या, व्यापारिक गतिविधियों और बुनियादी सुविधाओं समेत विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि सूची अभी अंतिम नहीं है। ग्रामीण और जनप्रतिनिधि निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। आपत्तियों की जांच के बाद जरूरत के अनुसार संशोधन किया जाएगा और उसके बाद ही नगर पंचायत की अंतिम अधिसूचना जारी होगी।





## मीनापुर में जलजमाव से मिलेगी राहत, अंडरग्राउंड हाई पावर पंपिंग सिस्टम का उद्घाटन



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार कों नगर परिषद हाजीपुर क्षेत्र के वार्ड संख्या-36 स्थित मीनापुर पोखर मामू-भांजा के समीप जलजमाव की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए आधुनिक हाई पावर पंपिंग सिस्टम का उद्घाटन किया गया। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह, हाजीपुर विधायक अवधेश सिंह और नगर परिषद सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर पंपिंग सिस्टम एवं एचडीडी तकनीक आधारित भूमिगत पाइपलाइन का कार्य शुरू कराया। मीनापुर पोखर के ओवरफ्लो होने के कारण बारिश के मौसम में आसपास के इलाकों में लंबे समय तक जलजमाव की स्थिति बनी रहती थी। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन सहित कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नई व्यवस्था के तहत भारी क्षमता वाले पंप के माध्यम से पोखर और आसपास जमा पानी की निकासी की जाएगी। इसके बाद पानी को भूमिगत पाइपलाइन के जरिए सीधे सीवरेज आउटफॉल तक पहुंचाया जाएगा। हाजीपुर विधायक ने कहा की कई पुलिया जाम हो गया इसलिए मामू भांजा और मीनापुर का इलाका मे जलजमाव हो जा रहा था उसी कों लेकर अब अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिये पानी कों नदी के धारा से जोड़ कर निकाला जायेगा। नगर परिषद सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने कहा कि मीनापुर में जलजमाव से लोगों को चार-पांच महीने तक परेशानी होती थी और डेंगू समेत अन्य बीमारियों का खतरा रहता था। त्वरित राहत के लिए नगर परिषद ने अंडरग्राउंड पाइपलाइन हाई पावर पंपिंग सिस्टम लगाया है। मशीन दो दिन लगातार चलने पर पोखर का जलस्तर काफी नीचे आ जाएगा। जनता नगर परिषद कों कार्य करने मे सहयोग करे। नाला और स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज बनने तक यह व्यवस्था राहत देगी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शंभू शाह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजेश रंजन झा उर्फ बबलू बाबा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### पेटरवार ने गोमिया को हराकर जीता स्व बिनोद राणा मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार हाई स्कूल के मैदान में स्व. बिनोद राणा मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट के पांच दिवसीय आयोजन का फाइनल मुकाबला गोमिया और पेटरवार की टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें पेटरवार ने गोमिया को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

## नियमित चलेगी हापा स्पेशल ट्रेन

**वाराणसी-कटिहार रूट को लाभ**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अहमदाबाद-उज्जैन-ग्वालियर- प्रयागराज-वाराणसी-छपरा-हाजीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते गुजरात के जामनगर और अरुणाचल प्रदेश के नाहरलगुन के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 09525/09526 हापा-नाहरलगुन-हापा स्पेशल का गाड़ी सं. 19525/19526 हापा-नाहरलगुन-हापा एक्सप्रेस के रूप में नियमित परिचालन किया जाएगा । इसका नियमित परिचालन हापा से 23 सितम्बर, 2026 से सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को तथा नाहरलगुन से 26 सितम्बर, 2026 से सप्ताह के प्रत्येक शनिवार किया जायेगा। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. के 02, शयनयान श्रेणी के 15, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 तथा द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच सहित कुल 21 कोच होंगे।

## पानी में उतरा युवक करंट का शिकार, बाढ़ के बीच सुरक्षा इंतजामों पर उठे गंभीर सवाल

**बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के पानी में जहां लोगों की जिंदगी पहले ही मुसीबतों से घिरी है, वहीं बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने एक परिवार का चिराग बुझा दिया। चांदपुरा थाना क्षेत्र के आजमपुर पंचायत के खड़गपुर में पानी में प्रवाहित बिजली करंट की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक गुलशन ठाकुर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक आजमपुर वार्ड संख्या 12 निवासी रामबाबू ठाकुर का पुत्र था। जानकारी के अनुसार गंगा नदी से सटे खड़गपुर इलाके में इन दिनों बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। गुलशन मवेशी लाने के लिए बाढ़ के पानी के बीच गया था। इसी दौरान बिजली पोल के आसपास पानी में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महनार लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। एक तरफ बाढ़ का पानी लोगों के घर-द्वार और रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित कर रहा है, तो दूसरी तरफ पानी में बिजली का करंट मौत का जाल बन गया है। हादसे ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिजली व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को लेकर प्रशासन के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**पानी में जिंदगी और बिजली विभाग की बेफिक्री?**

बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिजली के पोल और तार पानी के संपर्क में आने के बाद हादसे का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली विभाग द्वारा समय रहते खतरनाक लाइनों की निगरानी की जा रही थी? क्या कहीं पानी में करंट प्रवाहित होने की सूचना के बाद बिजली आपूर्ति बंद की गई? गुलशन की मौत के बाद स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि बाढ़ के पानी में चलना पहले ही जान जोखिम में डालना है, ऊपर से बिजली का करंट लोगों के लिए अदृश्य मौत बन गया है।

## सावन महोत्सव में झूम उठीं वैशाली पीएचसी की चिकित्सा पदाधिकारी

**भोजपुरी गाने पर डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला से जुड़ा एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। जिले के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा पदाधिकारी का भोजपुरी गाने पर डांस करते हुए वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं।

**मीटिंग हॉल में आयोजित हुआ था सावन महोत्सव**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह वायरल वीडियो करीब दो दिन पुराना है। वैशाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आधिकारिक मीटिंग हॉल में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पीएचसी की चिकित्सा पदाधिकारी सीमा सरोज भोजपुरी के लोकप्रिय गाने अईसे जनी रूपवा निहारअ ए बलम, हमरा लाज लागेला' की धुन पर थिरकती हुई नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मीटिंग हॉल के भीतर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक आधिकारिक स्वास्थ्य विभाग का पोस्टर भी लगाया गया था, जिसके ठीक आगे महिला अधिकारी डांस कर रही हैं। बता दे की वैशाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो डॉक्टर की तैनाती है जिसमें एक दीपक कुमार और दूसरा सीमा सरोज की तैनाती है वही इमरजेंसी टेक अप मरीज भी वैशाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं हो पा रहा है।

**वीडियो वायरल होने के बाद उठे सवाल**

कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद किसी अन्य व्यक्ति ने इसका वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया और बाद में इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद यह तेजी से इंटरनेट पर फैल गया और इस

**Govt. of Bihar**

**Office of the Principal**
Government Polytechynic, Dehri-On-Sone
P.O: Indrapuri, Dist -Rohtas (Bihar),Pin-821308
Email: gpdehrionsone27@gmail.com

**WALK IN INTERVIEW FOR Guest Laboratory Assistant (Science & Technical) & Instructor**

Advt. No-02/2026

Government Polytechnic, Dehri-On-Sone is going to conduct a walk-in-interview for the engagement of Guest Laboratory Assistant (Science & Technical) & Instructor. Interested and eligible candidates may appear for the walk-in-interview with all their original academic certificate, category certificate, residential certificate, hard copy of CV, 02 sets of photocopy of original document/certificate and 04 recent passport size photograph as per the following schedule.

| Sr. No. | Post | Subject/ Department | Academeic Qualification | Date & Time of Interview | Walk-in-Interview venue |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Guest Laboratory Assistant (Science) | Physics & Chemistry | As per AICTE, DSTTE Norms | 07/09/2026 & 10:00AM Onword | **Board Room** Government Polytechnic, Dehri-On-Sone |
| 02 | Guest Laboratory Assistant (Technical) | Mechanical Engg., Computer Science & Engg., Electronics Engg, Civil Engg. | As per AICTE, DSTTE Norms | 07/09/2026 & 10:00AM Onword | **Board Room** Government Polytechnic, Dehri-On-Sone |
| 03 | Guest Lab Instructor | Machinist, Electrician, Welder, Surveyor,Electronics Mechanic /Mechanic Radio and TV | As per AICTE, DSTTE Norms | 08/09/2026 & 10:00AM Onword | **Board Room** Government Polytechnic, Dehri-On-Sone |

1. Payment shall be made only after the allotment is received from the concerned department.
2. Reservation rules shall be followed strictly in accordance with the prevailing government regulations.
3. The services of the Guest Laboratory Assistant & Instructor shall be terminated without prior notice if found to be unsatisfactory. No claim or representation in this regard shall be entertained.
4. The remuneration of the Guest Laboratory Assistant & Instructor shall be paid in accordance with the existing rules and directives of the Department of Science, Technology and Technical Education (DSTTE), Government of Bihar.
5. Your appointment shall automatically come to an end upon the joining of a regular employee against the position to which you have been assigned.

This information is available on **www.state.bihar.gov.in/prdbihar also**

**Principal**
**Government Polytechnic,**

**PR. No. 010416 (Sci. & Tech.) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## चौथे मंगलवार को सभी सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' का किया जाएगा आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सात निश्चय- 3 के अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के लक्ष्य को दृष्टिपथ पर रखते हुए विद्यार्थियों के लिए 25.8.2026 से प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को सभी सरकारी शैक्षिक संस्थानों यथा विश्वविद्यालय, अंगीभूत महाविद्यालय, अभियंत्रण महाविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, पैरामेडिकल महाविद्यालय, नर्सिंग स्कूल, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के छात्रावास, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के छात्रावास, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के छात्रावास, कस्तूरबा गांधी छात्रावास एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेत्रहीन मुकबधिर विद्यालय में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। चतुर्थ मंगलवार को अवकाश घोषित होने की स्थिति में यह शिविर अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जाएगा। राज्य सरकार से प्राप्त पत्र के आलोक में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा विद्यार्थी सहयोग शिविर के आयोजन को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। दिनांक 25.08.2026 का विद्यार्थी सहयोग शिविर पूर्वी चंपारण जिला के कुल 57 संस्थानों में आयोजित कराया जाएगा। विद्यार्थी सहयोग शिविर को लेकर आज पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में संबंधित पदाधिकारी, शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थी सहयोग पोर्टल की विस्तृत एवं तकनीकी जानकारी दी गई एवं स्पष्ट कर दिया गया की विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होने के 10 दिन के अंदर इसका निष्पादन करना होगा अन्यथा प्रथम स्पष्टीकरण ऑनलाइन माध्यम से स्वत ही हो जाएगा। हर हाल में पोर्टल पर/शिविर में प्राप्त परिवाद का समाधान 30 दिनों के अंदर करना होगा। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल/ विद्यार्थी सहयोग शिविर में शैक्षणिक सुधारो के संबंध में प्राप्त सुझावों को सरकारी विभाग द्वारा प्रशासी विभाग द्वारा समेकित किया जाएगा और वैसे सुझाव जो उपलब्ध योजनाओं के अधीन लागू किया जा सकते हैं उन्हें विभागीय स्तर से निर्धारित अवधि में लागू किया जाएगा और शेष सुझावों पर उच्च स्तरीय शिक्षा सुधार समिति द्वारा विचारों परांत निर्णय लिया जाएगा। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर निस्तारित किए गए शिकायतों से क्षुब्ध/ असंतुष्ट होने पर संबंधित शिकायतों की सुनवाई मुख्यमंत्री बिहार के स्तर पर प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को निर्धारित राज्य स्तरीय शिविर कार्यक्रम में की जाएगी। विद्यार्थी सहयोग शिविर से संबंधित सभी पर प्रकार की तैयारी की अनुसरण एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर मुकेश कुमार सिंहा अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण, सुश्री निधि कुमारी वरीय उप समाहर्ता पूर्वी चंपारण, राजन कुमार गिरी जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण की एक समिति का गठन किया गया है।

CMYK

# सावन की अंतिम सोमवारी पर उमगा पहाड़ पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजा क्षेत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर सोमवार को मदनपुर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक उमगा पहाड़ के गौरी शंकर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। मंदिर परिसर और उमगा पहाड़ का क्षेत्र दिनभर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा। सावन की अंतिम सोमवारी होने के कारण आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को गंगाजल, दूध, बेलपत्र, पुष्प सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। सुबह से ही मंदिर में पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर चलता रहा।

श्रद्धालुओं के बीच अंतिम सोमवारी को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। उमगा पहाड़ स्थित गौरी शंकर मंदिर में सावन की सोमवारी पर पहले भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की खबर सामने आई है। 17 अगस्त की तीसरी सोमवारी पर भी यहां भक्तों की भीड़ उमड़ी थी और श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की थी।

**आस्था के रंग में रंगा उमगा -** अंतिम सोमवारी पर उमगा पहाड़ का पूरा वातावरण शिवमय नजर आया। मंदिर की ओर जाने वाले रास्तों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भक्तों में भगवान गौरी शंकर के दर्शन और जलाभिषेक को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने उमगा पहाड़ की धार्मिक एवं प्राकृतिक छटा का भी आनंद लिया। सावन के पूरे महीने उमगा पहाड़ का गौरी शंकर मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। अंतिम सोमवारी पर उमड़ी भीड़ ने एक बार फिर यहां की धार्मिक आस्था और परंपरा को जीवंत कर दिया।

## डॉ. अरविंद कुमार सिंह को भासा के जिला सचिव की जिम्मेदारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** बिहार राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (भाषा) की जिला इकाई की कार्यकारिणी के गठन को लेकर औरंगाबाद सिविल सर्जन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह को सर्वसम्मति से बिहार राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (भाषा) के जिला सचिव पद पर चयनित किया गया।

डॉ. अरविंद कुमार सिंह के सचिव चुने जाने पर रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन चिकित्सा पदाधिकारियों के हितों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएगा।

## बाल कलाकारों के लोक गायन व लोक नृत्य की प्रस्तुति से झूम उठे लोग




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मानव घाट खिरियावां में दो दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन जिला स्तरीय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी जिसमें सुष्मिता पासवान, ओबरा के सिंगर स्मार्ट गुड्डु कुमार, गायिका सुमिति वर्मा, सिंगर राहुल कुमार सिंह एवं स्थानीय बाल कलाकारों द्वारा दुल्हन की विदाई गीत से दर्शकों के आंखों से आंसू नम कर दिए। वहीं सावन माह के अंतिम सोमवारी पर सहित विभिन्न गीतों पर कलाकारों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। महोत्सव आयोजन से इस क्षेत्र में छिपे ऐतिहासिक, धार्मिक अध्यात्मिक स्थलों का विकास करना, इसकी माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना आदि है। कार्यक्रम के अंत में महोत्सव समिति के सदस्यों द्वारा सामूहिक रुप से समाज में उल्लेखनीय कार्य करने व योगदान देने वाले लोगों को मोमोमेन्टों व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कलाकारों को मोमेंट्स व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जिससे उन लोगों का हौसला अफजाई हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी सह समिति सदस्य देवनन्दन प्रसाद, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह मुखिया प्रतिनिधि बेरी प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, ललन सिंह उर्फ विधायक जी, रविशंकर प्रसाद गुप्ता, विनय कुमार सिंह, ललन सिंह, खिरियावां पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, वार्ड सदस्य सूरजपत ठाकुर, अभय कुमार शिकारी, अयोध्या प्रसाद, शंभू प्रसाद, श्रवण चौधरी, प्रिंस कुमार, सोनम कुमारी सहित अन्य लोग शामिल थे। महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भंडारा का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरण किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिहारशरीफ। रहुई थाना क्षेत्र के भागन बीघा ओवरब्रिज पर सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के मलबीघा गांव निवासी नागेंद्र कुमार और रईस कुमार के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जवानों ने सड़क पर घायल पड़े दोनों युवकों को तत्काल अपनी गाड़ी से बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है।112 पुलिस के जवान ने बताया कि ओवरब्रिज पर मोटरसाइकिल सवारों के घायल होने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही, उनके मोबाइल फोन से परिजनों को घटना की जानकारी दी गई।पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## ब्राउन शुगर की 10 पुड़िया बरामद, एक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के ढिबरापर मोड़ के पास पुलिस ने छापेमारी कर ब्राउन शुगर की 10 पुडिया के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मोनू कुमार रू28त्न, पिता नगीना प्रसाद, निवासी ढिबरापर, थाना रहुई, जिला नालंदा के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त को दोपहर करीब 12रू25 बजे सूचना मिली कि मोनू कुमार पंचाने नदी के तटबंध पर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना का सत्यापन करने के बाद रहुई थानाध्यक्ष ने विशेष टीम गठित कर मौके पर छापेमारी की।तलाशी के दौरान आरोपी के हाफ पैंट की जेब से ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ की 10 पुडिया, छह हजार रुपये नकद और ओपो कंपनी का स्मार्टफोन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।इस मामले में रहुई थाना कांड संख्या 428/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष ललित विजय, पु.अ.नि. संतोष कुमार सुमन, पु.अ.नि. उपेन्द्र कुमार राम, पु.अ.नि. रविन्द्र कुमार राम सहित रहुई थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

## दुकान में घुसकर दो लाख रुपये व जेवर लूटने का आरोप

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र में एक महिला ने दुकान में घुसकर लूटपाट, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दी है। महिला ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनि[illegible]त कराने की मांग की है।शिकायत में महिला ने बताया कि घटना सुबह करीब 5रू30 बजे की है। उसके अनुसार, चार लोग दुकान में घुस आए। वह ऊपर के तल से नीचे आई तो आरोपित कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे और उसके साथ मारपीट का प्रयास किया।महिला का आरोप है कि आरोपित दुकान में रखे करीब दो लाख रुपये नकद के अलावा सोने की कुंडली और सिकड़ी लेकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने चार में से दो लोगों की पहचान करने का दावा किया है, जबकि दो अन्य के नाम-पते की जानकारी नहीं होने की बात कही है।महिला ने यह भी आरोप लगाया कि फरार होने से पहले आरोपितों ने मुकदमा करने पर उसके पति और बेटे को जान से मरवा देने की धमकी दी। घटना के बाद महिला ने लहेरी थानाध्यक्ष से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

## ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील



**हसपुरा औरंगाबाद।** ईद मिलादुन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को हसपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने की।

बैठक में पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी आपसी भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। सभी लोग प्रेम, सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं।उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों और उपद्रव फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने से भी बचने की सलाह दी गई। बैठक में मौजूद लोगों ने क्षेत्र में आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का भरोसा दिलाया। पुलिस प्रशासन ने किसी भी प्रकार की समस्या या अप्रिय स्थिति की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## सर्वोदय विचारक व गांधीवादी चिंतक श्याम किशोर पांडेय का निधन

**औरंगाबाद।** नवादा जिले के सिंघना गांव निवासी श्याम किशोर पांडेय का मुंबई के एक निजी अस्पताल में रविवार की रात्रि निधन हो गया। वे करीब ८० वर्ष के थे। वे किशोरावस्था से लोकनायक जयप्रकाश नारायण की संस्था ग्राम निर्माण मंडल में सेवारत रहे। इसके साथ ही कई वर्षो तक खादी ग्रामोद्योग समिति गया जिला के मंत्री रहे। वे बड़े ही मृदुल स्वभाव के व्यक्ति थे। संस्था के सभी कार्यकताओं के साथ अपनापन का भाव रखते थे। कई शिक्षण संस्थाओं द्वारा गांधी विचारक के रूप में सम्मानित किया गया। आज उनके निधन से खादी जगत में एक अपूरणीय क्षति हुई है। उनका पार्थिव शरीर मुंबई से उनके पैतृक गांव नवादा जिले के सिंघना में लाया जा रहा है जहां उनकी अंत्येष्टि होगी। बता दें कि उनके दो पुत्र और एक पुत्री है। जो सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। इधर जैसे ही उनके निधन की खबर सुनते ही खादी जगत में सन्नाटा छा गया।

## जर्जर तार व पोल से हादसे का खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ऊर्जा विभाग सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा कर रहा है परंतु नबीनगर नगर पंचायत के मुख्य बाजार क्षेत्र में जर्जर बिजली के तार और पोल लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। बस स्टैंड से शनिचर बाजार तक घनी आबादी के बीच घरों और दुकानों के ऊपर से पुराने और जर्जर तार गुजर रहे हैं। वार्ड सं- 7,8 एवं नौ के न्यू एरिया, मंगल बाजार, बस स्टैंड, सब्जी मंडी, पुरानी स्टेट बैंक रोड और शनिचर बाजार सहित करीब एक किमी क्षेत्र में कई स्थानों पर बांस की फरी के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है। वहीं तेज हवा या बारिश के दौरान तार टूटने और करंट फैलने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जर्जर तारों के कारण कई बार बिजली आपूर्ति भी बाधित होती है। पहले भी छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं बाजूद विभाग ने अबतक तार और पोल बदलने की दिशा में ठोस पहल नहीं की गई है। मुन्ना जायसवाल, रवि भगत, भूषण जायसवाल ने बताया कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई परंतु केवल आश्वासन मिला।

# नाला-सड़क निर्माण की मांग को ले युवाओं का आंदोलन तेज

### महाधरना 29 अगस्त को




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा/औरंगाबाद।** हसपुरा शहर की पुरानी थाना रोड की जर्जर स्थिति और वर्षों से जारी जलजमाव की समस्या को लेकर युवाओं और ग्रामीणों का आंदोलन तेज हो गया है। सड़क और नाला निर्माण की मांग को लेकर आगामी 29 अगस्त को महाधरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है।

इसी सिलसिले में रविवार की रात युवाओं के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में लोगों ने जाति, धर्म और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर बीडीओ, विधायक, सांसद, डीएम, मुख्यमंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को भेजने के लिए आवेदन तैयार किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर लगातार जलजमाव रहने से लोगों को गंदे पानी से होकर आवागमन करना पड़ता है। स्कूली बच्चों के गिरने के साथ साइकिल, बाइक और टेंपो के पलटने की घटनाएं भी होती रहती हैं। सड़क पर जमा गंदे पानी में सूअरों के लोटने से संक्रमण का खतरा भी बना रहता है।

**शिक्षण संस्थानों ने भी दिया समर्थन**

आंदोलन को कई शिक्षण संस्थानों का समर्थन मिला है। ग्रैंड वैली स्कूल, एनएसएसटी स्कूल, दक्ष पब्लिक स्कूल, नेशनल एकेडमी स्कूल सहित विभिन्न कोचिंग संस्थानों ने अपने लेटरपैड पर आवेदन देकर संबंधित अधिकारियों का ध्यान सड़क की समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि 29 अगस्त को प्रस्तावित महाधरना के दौरान औरंगाबाद डीएम स्वयं हसपुरा पहुंचकर सड़क और नाला की स्थिति का स्थल निरीक्षण करें। बताया गया कि यह मार्ग हसपुरा की प्रमुख सड़कों में शामिल है। इसी रास्ते से मुस्लिम समुदाय के प्रमुख धार्मिक स्थल अमझर शरीफ और प्रसिद्ध देवकुंड धाम जाने वाले श्रद्धालु आवागमन करते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्कूल और कोचिंग संस्थानों के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, करीब दो दशक से सड़क की स्थिति जर्जर है। उनका आरोप है कि अलग-अलग राजनीतिक दलों के विधायक और सांसद चुने जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ और अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा। युवाओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल के विरोध में नहीं, बल्कि हसपुरा की बुनियादी सुविधा और आम लोगों के सुरक्षित आवागमन की मांग को लेकर है। उन्होंने कहा कि सड़क और नाला निर्माण का काम शुरू होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा।

# शिक्षक ने अपने वेतन से खरीदीं किताबें, जरूरतमंद छात्राओं को किया वितरित

### आर्थिक तंगी से पुस्तक नहीं खरीद पा रही थीं इंटर की छात्राएं,खिले चेहरे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के रानी बृजराज कुमारी प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के भूगोल विषय के शिक्षक ओम प्रकाश सिंह ने जरूरतमंद छात्राओं की पढ़ाई में आर्थिक बाधा न आने देने के लिए अपने वेतन के पैसे से पाठ्य पुस्तकें खरीदकर उन्हें निशुल्क वितरित किया है।

बताया गया कि इंटरमीडिएट सत्र के तीन-चार महीने बीत जाने के बाद भी 11वीं और 12वीं कक्षा की कुछ छात्राएं आर्थिक कठिनाइयों के कारण आवश्यक पाठ्य पुस्तकें नहीं खरीद पा रही थीं। शिक्षक ओम प्रकाश सिंह लगातार छात्राओं को पुस्तक खरीदने के लिए प्रेरित कर रहे थे। विद्यालय के चेतना सत्र में भी इस संबंध में जानकारी दी जाती रही।

इस दौरान बातचीत में जब शिक्षक को पता चला कि कुछ छात्राओं के परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे पाठ्य पुस्तकें खरीद सकें, तो उन्होंने तुरंत उनकी मदद करने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने वेतन के पैसे से किताबें खरीदीं और जरूरतमंद छात्राओं के बीच निशुल्क वितरित कर दीं।

पुस्तकें मिलने के बाद छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। शिक्षक की इस पहल ने न सिर्फ उनकी पढ़ाई की राह आसान की, बल्कि यह संदेश भी दिया कि एक संवेदनशील शिक्षक अपने विद्यार्थियों के भविष्य के लिए कितनी बड़ी भूमिका निभा सकता है।

शिक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि, एक छोटी सी सहायता ने कई चेहरों पर मुस्कान ला दी। एक शिक्षक के लिए छात्र-छात्राओं की पढ़ाई और उनका सुनहरा भविष्य सबसे महत्वपूर्ण होता है। समाज के लिए कार्य करना शुरू से ही मेरी पसंद का विषय रहा है।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में व्यवस्थाओं पर चर्चा

**रफीगंज औरंगाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में रोगी कल्याण समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्वनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं एवं मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ट्यूबलाइट, पंखा, वॉशिंग/बेसिन, नल-पाइप, टूटे दरवाजे सहित अन्य आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों की समीक्षा की गई।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर अस्पताल में टोकन डिस्प्ले की सुविधा शुरू की गई है। ओपीडी, एक्स-रे एवं लैब में टोकन डिस्प्ले काउंटर लगाए गए हैं, जिससे मरीजों को अपनी बारी की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा सहित रोगी कल्याण समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# कोचिंग के लिए निकलीं दो सगी बहनें लापता

### प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के भदवा पंचायत के एक गांव से दो सगी बहनों के लापता होने का मामला सोमवार को सामने आया है। दोनों किशोरियों के अचानक गायब होने के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। मामले को लेकर किशोरियों की मां के आवेदन पर रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दिए गए आवेदन में किशोरियों की मां ने बताया है कि 21 अगस्त की दोपहर करीब 12:30 बजे दोनों बहनें रफीगंज में कोचिंग करने के लिए घर से निकली थीं। निर्धारित समय के बाद भी जब दोनों बहनें शाम तक घर वापस नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों एवं परिचितों के यहां भी जानकारी ली गई, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिला।

किशोरी की मां ने रफीगंज थाना क्षेत्र के बदोपुर गांव निवासी राजकुमार चौधरी के पुत्र कर्मवीर चौधरी को नामजद आरोपी बनाया है। परिजनों ने पुलिस से दोनों किशोरियों की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। दोनों बहनों के लापता होने के बाद परिजन लगातार उनकी तलाश में जुटे हैं।

## शराब बरामद

**हसपुरा ।** थानाक्षेत्र के कोईलवां गांव टोले करण विगहा स्थित एक घर से 25 लीटर देशी शराब हसपुरा पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि जानकारी मिली की करणविगहा में शराब बिक रहा है। जब पुलिस करणविगहा पहुंची तो पिंटू चौधरी , संगम कुमार भाग खड़ा हुआ।जब उसके घर की तलाशी ली गई तो 25 लीटर गैलन में रखा शराब बरामद हुआ। उक्त दोनों व्यक्ति के खिलाफ बिहार उत्पाद विभाग के खिलाफ कार्रवाई कि गयी।

## अंतरा के इस्तेमाल को ले स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद ।** आधुनिक गर्भनिरोधक साधन अंतरा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए जिला के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य कर्मियों का उन्मुखीकरण किया जा रहा है। अंतरा के इस्तेमाल व उपयोगिता के विषय में सदर अस्पताल और ओबरा पीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों का उन्मुखीकरण स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीएसआई द्वारा किया गया है। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों को अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन की उपयोगिता, लाभ, पात्र लाभार्थियों तथा इसके सही तरीके से उपयोग की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि अंतरा महिलाओं के लिए एक प्रभावी और सुरक्षित अस्थायी गर्भनिरोधक विकल्प है। इसके माध्यम से महिलाओं को परिवार नियोजन में अपनी पसंद के अनुसार विकल्प चुनने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को लाभार्थियों की काउंसलिंग, भ्रांतियों को दूर करने और गर्भनिरोधक साधनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि परिवार नियोजन सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने के लिए ऐसे उन्मुखीकरण कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं।

## आगामी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**रफीगंज।** थाना परिसर में आगामी पर्व ईद मिलादुन्नबी, रक्षा बंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ कुमार अश्विनी, सीओ सत्येंद्र कुमार एवं थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी तरह की अफवाह या विवादित गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस-प्रशासन को सूचित करें। अधिकारियों ने लोगों से अपराध प्रवृत्ति के व्यक्तियों को चिन्हित कर इसकी सूचना पुलिस को देने की अपील की, ताकि समय रहते ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। बैठक में शहर जेई मारुतिनंदन प्रियदर्शी, वार्ड पार्षद नूरुल होदा खान, सुबोध कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मा, हम प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, दीपक भारती, माहिद खान, टुनटुन खान, अरविंद भगत, प्रमोद यादव, सचिन यादव, राजेंद्र यादव सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आज औरंगाबाद चैम्बर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक सर्किट हाउस, औरंगाबाद में आयोजित की गई। बैठक में दोनों संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित रहे।

बैठक में व्यवसायियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से व्यवसायियों की सुरक्षा, व्यापारिक हितों एवं कर संबंधी विषयों को प्रमुखता से उठाया गया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि व्यवसायियों की सुरक्षा और सम्मानजनक वातावरण व्यापार के सुचारु संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक में दोनों संगठनों के बीच बेहतर तालमेल एवं निरंतर संवाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दिशा में प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक समन्वय बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया, ताकि दोनों संगठन आपसी सहयोग से व्यवसायियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने रख सकें और उनके समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य कर सकें।

वक्ताओं ने कहा कि समन्वय, एकजुटता और आपसी सहयोग ही संगठनों की सबसे बड़ी ताकत है। सुख-दुःख एवं आवश्यकता के समय एक-दूसरे के साथ खड़े रहकर दोनों संगठन व्यवसायिक समुदाय के हितों को और मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

इस अवसर पर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, सचिव एवं विभिन्न पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही औरंगाबाद चैम्बर ऑफ कॉमर्स के नए सदस्यों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर संगठन से औपचारिक रूप से जोड़ा गया।

कार्यक्रम के दौरान आस्था सेवा समिति के अध्यक्ष को भी पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं चैम्बर के प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# तटबंध टूटने से कई इलाकों में घुसा पानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** जिले के खरीक अंचल के शंकरपुर गांव के पास कल आधी रात को गंगा नदी के किनारे निर्मित कजिकोरैया-राघोपुर मार्जिनल तटबंध के अचानक क्षतिग्रस्त होने से राज्य के ऊर्जा मंत्री के गांव सहित अन्य क्षेत्रों में पानी घुस गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि गंगा नदी में आई बाढ़ के पानी के तेज प्रवाह से रविवार की आधी रात को काजीकोरैया - राघोपुर मार्जिनल तटबंध का करीब साठ 60 फीट हिस्सा कट कर गंगा में समा गया। जिससे बाढ़ का पानी राज्य के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल के पैतृक गांव राघोपुर और इससे सटे अन्य गांवों में घुस जाने से अफरातफरी मच गई है। यहां तक कि मंत्री श्री मंडल का घर और संपर्क पथ जलमग्न हो गया है। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी और जल संसाधन विभाग के बाढ़ नियंत्रण इकाई के अभियंताओं की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर कटाव निरोधी कार्य में जुट गए हैं। वहीं नवगछिया शहर की तरफ बढ़ रहे पानी के तेज प्रवाह को रोकने और तटबंध के लगातार कटाव होने की स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए युद्धस्तर पर निरोधात्मक कार्य जारी है। इस बीच भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि जिला प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी एवं अभियंता तकनीकी टीम के साथ मौके पर कैंप कर कटाव और पानी के तेज प्रवाह को रोकने में लगे हुए हैं। वहां पर पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ तटबंध के मरम्मती का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से अपील की गई है कि तटबंध के क्षतिग्रस्त होने पर घबराने की आवश्यकता नहीं है और न ही किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान देने की जरुरत है। पटना से जल संसाधन विभाग की तकनीकी टीम मौके पर पहुंच गई है और कटाव निरोधी कार्य की मॉनिटिरीग कर रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति सामान्य है और जिला आपदा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी राहत कार्य में जुट गए हैं। प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# जमींदारी बांध टूटने से बछवाड़ा में आयी तबाही : गरीब दास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बछवाड़ा।** प्रखंड के बेगमसराय में ओ एन एस चिमनी के सामने गंगा-बाया नदी का जमींदारी बांध टूटने से क्षेत्र में भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई। इस घटना पर जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश गरीब दास ने गहरी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि तटबंध टूटने से गांवों में पानी प्रवेश कर रहा है तथा किसानों की खड़ी फसल बर्बाद होने के कगार पर है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि तटबंधों के समय पर निरीक्षण, रखरखाव एवं सुदृढ़ीकरण में हुई जल संसाधन विभाग की कथित लापरवाही का गंभीर परिणाम है। शिव प्रकाश गरीब दास ने कहा कि बिहार में हर वर्ष बरसात के दौरान बांध एवं तटबंध टूटने से बड़े भू-भाग जलमग्न हो जाते हैं और आम जनता तथा किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। जब तटबंधों के रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी विभाग की है तथा इसके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं तो बरसात से पहले तटबंधों का नियमित निरीक्षण का काम कागजो पर किया गया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बांधों की मरम्मत एवं रखरखाव के नाम पर बड़े पैमाने पर राशि खर्च होने के बावजूद तटबंधों का टूटना गंभीर सवाल खड़ा करता है। जब बांध टूटता है तो कभी प्राकृतिक का कारण, तो कभी चूहे का कारण बताया जाता है। इन हास्यास्पद बहाने लो लोगो के सामने बताए जाते हैं।

# पिस्टल व चार कारतूसों के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस ने महेशवाड़ा चौक से एक बदमाश को पिस्टल एवं चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान महेशवाड़ा निवासी शंभू सिंह के पुत्र शिवम कुमार उर्फ लेचन के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शिवम कुमार किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम महेशवाड़ा चौक स्थित एक किराना दुकान के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल के जवानों ने खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने दुकान की तलाशी ली तो रैक के नीचे से एक पिस्टल बरामद हुआ। पिस्टल की मैगजीन में चार जिंदा कारतूस थे। गिरफ्तार युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया।थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया है। इस गिरफ्तारी में थाना अध्यक्ष के अलावा एस आई विश्वजीत कुमार के अलावा सशस्त्र बल मौजूद थे। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के प्रमुख सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को चित्रगुप्त नगर पोखड़िय स्थित रंजीत कुमार सिन्हा अधिवक्ता के निवास स्थान पर आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अभाकाम के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने की। बैठक में महासभा के संगठनात्मक विस्तार एवं मजबूती पर विस्तार से विचार विमर्श की गयी। जिलाध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित अभाकाम के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए संगठन को और संगठित एवं मजबूती के लिए संपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया।उन्होंने सदस्यों से ऑनलाइन 'के कार्ड' से जुड़ने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मति से अभाकाम वार्ड नंबर 35 के संयोजक पद पर रंजीत कुमार सिन्हा को मनोनीत किया गया। बैठक में वीरेंद्र कुमार वर्मा, जिला सहायक सचिव अखिलेश कुमार अधिवक्ता, सुनील कुमार सिन्हा अधिवक्ता, राजेश श्रीवास्तव, शशि प्रकाश, जीतेन्द्र कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा अधिवक्ता, नीरज कुमार सिन्हा, त्रिभुवन नारायण सिन्हा, नरेश कुमार सिन्हा, संजीत कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, बिपिन कुमार सिन्हा, दिलीप कुमार सिन्हा, उपेंद्र कुमार सिन्हा, उदय कुमार सिन्हा सहित दर्जनों अभाकाम के सदस्यों ने भाग लिया। अन्त में बैठक में उपस्थित सदस्यों को बहुमूल्य सुझाव एवं अपनी सक्रिय भागीदारी देने के लिए सुनील कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# श्रावणी मेला को लेकर बाबा कुशेश्वरस्थान मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का वरीय अधिकारियों ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दरभंगा।** श्रावणी मेला के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन तथा विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आज पुलिस उपमहानिरीक्षक, मिथिला क्षेत्र, दरभंगा मनोज कुमार तिवारी, जिलाधिकारी कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रड्डी, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक दरभंगा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिरौल सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक में पदाधिकारियों द्वारा बाबा कुशेश्वरस्थान मंदिर के परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्गों, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था तथा विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का स्थल पर जायजा लिया। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि श्रावणी मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह एलर्ट रहें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला अवधि में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ संचालित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से भी अपील की गई कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग एवं व्यवस्था का पालन करें, भीड़ के दौरान धैर्य बनाए रखें तथा सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मियों का सहयोग करें।

# सावन की अंतिम सोमवारी को बाबा बनखंडी में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भगवानपुर।** पवित्र सावन माह की अंतिम सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के चंदौर पंचायत अंतर्गत शिवगंज गांव स्थित प्रसिद्ध बाबा बनखंडी स्थान में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बाबा के जलाभिषेक के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों से जल लेकर पहुंचते रहे। पिछली सोमवारी की अपेक्षा अंतिम सोमवारी को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की काफी अधिक भीड़ देखी गई। श्रद्धालु तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र के मधुरापुर बोल्डर घाट, बदलपुरा गंगा घाट एवं अयोध्या धर्मराज गंगा घाट में स्नान कर गंगाजल लेकर बोल बम का जयघोष करते हुए बाबा बनखंडी स्थान पहुंचे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल ही जल लेकर मंदिर तक पहुंचे। इस दौरान अतरुआ-तेघड़ा पथ शिवभक्तों से पटा रहा। कई जत्थे डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों और बोल बम के जयघोष के साथ बाबा के दरबार की ओर बढ़ते नजर आए। श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा बाबा बनखंडी स्थान परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मंदिर परिसर में मेले जैसा नजारा देखने को मिला। परिसर में फल-फूल, खिलौने, मनिहारी सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी रहीं।सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर मंदिर परिसर में अष्टयाम का भी आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भजन-कीर्तन में भाग लिया। अष्टयाम के आयोजन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। बाबा बनखंडी स्थान परिसर में करीब एक दर्जन देवी-देवताओं के मंदिर एवं स्थान अवस्थित हैं। श्रद्धालु बाबा बनखंडी का जलाभिषेक करने के बाद अन्य देवी-देवताओं का दर्शन-पूजन और जलाभिषेक भी करते हैं।

# भारत को अखंड बनाने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** अंग भूमि की ऐतिहासिक धरा पर सनातन संस्कृति के संवर्धन, 'समृद्ध स्वर्णिम बिहार' तथा 'शक्ति सम्पन्न अखंड भारतवर्ष' के पावन संकल्प के साथ 'महाशक्ति सनातन धर्म सम्मेलन' का आयोजन किया गया। स्थानीय सैडिस कंपाउंड परिसर मे महालक्ष्मी पीताम्बरा महायज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत इस वृहद धार्मिक समागम में देशभर से एक दर्जन से अधिक शीर्ष संतों, महामंडलेश्वरों व साध्वी वृंद का जुटान हुआ, जिससे पूरा परिसर 'शक्तिलोक' के रूप में आलोकित नजर आया। कार्यक्रम का आयोजन सनातन रक्षा वाहिनी के तत्वावधान में स्मार्त परमहंस आचार्य पंकज अथर्व के कुशल निर्देशन में हुआ, जबकि मंच का संचालन दिलीप शास्त्री ने किया। इस धार्मिक समागम में बाबा बूढ़ानाथ महादेव मंदिर न्यास परिषद, अखंड आरंभ फाउंडेशन, जिला बॉस्केटबॉल एसोसिएशन, खुशहाल भारत, भगवा क्रांति, जागृत युवा समिति तथा केंद्रीय रेलवे यात्री संघ का सक्रिय सहयोग रहा। सम्मेलन से पूर्व सभी संतों ने प्राचीन बाबा बूढ़ानाथ मंदिर पहुंचकर देवाधिदेव महादेव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया। इसके बाद मंच से प्राचीन बूढ़ानाथ मंदिर के इतिहास पर आधारित पुस्तिका एवं अखंड आरंभ फाउंडेशन के आधिकारिक 'लोगो' का भव्य विमोचन किया गया। संतों को मिला 'धर्म ध्वजा' व 'बूढ़ानाथ शिव कृपा सम्मान' समारोह में सनातन संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए शीर्ष संतों को 'धर्म ध्वजा सम्मान' से विभूषित किया गया। सम्मानित होने वालों में सनातन किन्नर अखाड़ा की पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर माता कौशल्या नंद गिरी, श्री निरंजनी अखाड़ा (प्रयागराज) के महामंडलेश्वर डॉ. रमण पुरी महाराज, बाबा बूढ़ानाथ मंदिर के महंतश्री शिव नारायण गिरि महाराज, महामंडलेश्वर राज राजेश्वरी योग माता राधिका पुरी, ऋषिकेश (शुकताल) के स्वामी नरेशानंद पुरी महाराज तथा डॉ. सुनील कुमार मिश्रा शामिल रहे। इसके अलावा सनातन सप्तऋषि प्रयागराज के राजेश गिरि जी महाराज, श्री महंत दिनेश पुरी, मुकेश पुरी, आदर्श पुरी, पंकज पुरी जी महाराज, जयभोले नाथ के पीठाधीश्वर प्रमोदानंद पुरी जी महाराज, श्री निरंजनी अखाड़ा की साध्वी इंद्राणिय गिरि, जूना अखाड़ा की साध्वी कावेरी प्रज्ञा एवं सनातन किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की संध्या नंद गिरी को 'बाबा वृद्धेश्वर बूढ़ानाथ शिव कृपा सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आचार्य महामंडलेश्वर माता कौशल्या नंद गिरी ने ओजस्वी भाषण दिया। उन्होंने कहा, ''देश का शाश्वत धर्म केवल सनातन है और शेष सभी मत हैं। हिंदू समाज संगठित हो और अपनी जड़ों से जुड़े। किन्नरों को समाज में सम्मान और सेवा मिलनी चाहिए।'' उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने किन्नर कल्याण बोर्ड बनाकर उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा दिया है, जिससे समाज में यह संदेश गया कि किन्नर भी राष्ट्र और धर्म सेवा में समर्पित हैं। उन्होंने विभाजित भारत को पुनः अखंड बनाने का संकल्प दोहराया। निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर डॉ. रमण पुरी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म ही श्रेष्ठ है और देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वालों का हमेशा नमन होना चाहिए। देशभक्तों का याद करें। अपने गौरवशाली अतीत को नहीं भूलें।

# अंतिम सोमवारी पर एसडीओ ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने शहर स्थित प्रसिद्ध थानेश्वर स्थान मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने मंदिर परिसर में तैनात पुलिस बलों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से श्रद्धालुओं की भीड़ और आवागमन की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। एसडीओ ने पुलिस बलों को पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंतिम सोमवारी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए सभी कर्मी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# थानेश्वर में एक लाख से अधिक तो विद्यापतिधाम में 4 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** सावन की अंतिम सोमवारी पर जिले के प्रमुख शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर के प्रसिद्ध थानेश्वर स्थान मंदिर से लेकर विद्यापतिधाम मंदिर तक देर रात से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे। थानेश्वर स्थान मंदिर में अब तक एक लाख से अधिक शिवभक्तों द्वारा बाबा थानेश्वरनाथ का जलाभिषेक किए जाने की बात सामने आई है, जबकि विद्यापतिधाम में करीब चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया। थानेश्वर स्थान मंदिर में मध्यरात्रि से ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया था, जो अंतिम सोमवारी की सुबह तक लगातार जारी रहा। मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर जगह-जगह बैरिकेडिंग कर पुलिस बल की तैनाती की गई। प्रशासन और स्थानीय स्तर पर अनुमान जताया गया था कि अंतिम सोमवारी के अवसर पर थानेश्वर स्थान में पांच लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच सकते हैं। थानेश्वर स्थान में अंतिम सोमवारी पर जलाभिषेक की विशेष परंपरा है। समस्तीपुर और आसपास के क्षेत्रों के अलावा दूर-दराज से बड़ी संख्या में कांवरिए बेगूसराय जिले के झमटिया घाट स्थित गंगा तट से गंगाजल लेकर करीब 50 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए बाबा थानेश्वरनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं।

# सुविधाओं को बेहतर रखने का दिया गया निर्देश

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरस्वती विद्या निकेतन विद्यालयों की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समस्तीपुर समाहरणालय स्थित एनआईसी वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बैठक में भाग लिया। बैठक में शिक्षा विभाग के संबंधित पदाधिकारी एवं मॉडल स्कूल की छात्राएं भी मौजूद रहीं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान राज्य के मॉडल स्कूलों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, पठन-पाठन की व्यवस्था, आधारभूत संरचना तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई।


## पूर्व रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 88,90, 92, 95, 96 एवं 97, दिनांक 20.08.2026 (सिविल, पी.वे और अन्य कार्य)।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं.1, निविदा सं. 88-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** मंडल इंजीनियर- I/ पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक इंजीनियर / मालदा के अधीन मंडल रेलवे अस्पताल मालदा में ओपीडी ब्लॉक के उन्नयन और नवीनीकरण एवं डॉर्मिटरी के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.2,20,14,672.65, **क्रम सं.2, निविदा सं. 90-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान** : मंडल इंजीनियर- I / पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक इंजीनियर / मालदा के अधीन अमृत भारत स्कीम के तहत मालदा टाउन स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए पीएच- I के शेष कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.5,13,29,226.44, **क्रम सं.3, निविदा सं. 92-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान** : मंडल इंजीनियर- I / पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक इंजीनियर / न्यू फरक्का के अधीन अमृत भारत स्कीम के तहत न्यू फरक्का, धुलियान गंगा और जंगीपुर स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए पीएच- I के शेष कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.5,53,61,100.01, **क्रम सं.4, निविदा सं. 95-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान** : वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II /पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक इंजीनियर/भागलपुर के अधीन भागलपुर-दुमका के बीच सेक्शन में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52केजी/आर-260 (110 यूटीएस/90 यूटीएस/72 यूटीएस) न्यू/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर रेल की फ्लैश बट वेल्डिंग विधि द्वारा वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/पी.वे/बीजीपी-II के सेक्शन में स्कैटर वेल्ड और वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/पी.वे/भागलपुर-I के सेक्शन में भागलपुर-बाराहाट के बीच सेक्शन में 25 टीकेएम के माध्यम से थ्रू वेल्ड नवीनीकरण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.2,87,08,350.50, **क्रम सं.5, निविदा सं. 96-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान** : वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II /पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक इंजीनियर/भागलपुर के अधीन वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/पी.वे/भागलपुर- I के सेक्शन में अन्य सहायक कार्य के साथ बीसीएम द्वारा प्लेन ट्रैक 11 टीकेएम और मैनुअल द्वारा 0.80 टीकेएम की डीप स्क्रीनिंग के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.54,09,693.62, **क्रम सं.6, निविदा सं. 97-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान** : वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II /पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक इंजीनियर/साहिबगंज के अधीन वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/पी.वे/साहिबगंज के सेक्शन में अन्य सहायक कार्य के साथ बीसीएम द्वारा प्लेन ट्रैक 47.7 टीकेएम और मैनुअल द्वारा 0.7 टीकेएम की डीप स्क्रीनिंग के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.2,21,73,172.26, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 10.09.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 से 6 के लिए)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps .gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मालदा टाउन। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें।

MLD-171/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएच/636, दिनांक 21.08.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/31/26-27/सीएपी। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल के तहत रिले रूम, लोकेशन बॉक्स आदि का पुनर्वास एवं एक्सल काउंटर सिस्टम का सुदृढ़ीकरण। **निविदा मूल्य :** रु.4,40,42,528.18, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.8,80,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 04.09.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 18.09.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 18.09.2026 को 14.30 बजे। **विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** "डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग।"। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-192/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



## Govt. of Bihar

Principal Office
**Government Polytechnic, Aurangabad**
At- Dhanari, P.O.- Bijauli, Dist-Aurangabad-824102 (Bihar)
Email Id –principalpolyaurangabad@gmail.com, Mob. - 9818434694

**SHORT TERM RECRUITMENT NOTICE**

**WALK IN INTERVIEW FOR**
**GUEST LECTURER, GUEST LAB ASSISTANT, GUEST INSTRUCTOR**

**Advt./Req./GP AUR/01/2026-27**

Government Polytechnic, Aurangabad will have a walk-in interview for the position of Guest Lecturer, Lab Assistant, and Guest Instructor in the following department(s)/subject(s) for the current academic session. Interested and eligible candidates may appear for the walk-in-interview with all their original academic certificates, residential certificate, any academic experience, a hard copy of CV, two sets of photocopies of original documents/certificates, and two recent passport size photographs as per the following schedule.

| Guest Lecturer, Guest Lab Assistant, Guest Instructor in Department/Subject | | Date and time of interview | Venue |
|---|---|---|---|
| Mechanical Engg. | Guest Instructor (Welder, Machinist, Electrician) | 02-09-2026 | Office of the Principal, Government Polytechnic, Aurangabad At- Dhanari, P.O. - Bijauli, Dist-Aurangabad-824102 (Bihar) |
| Science & Humanities | Guest Lecturer (Mathematics) | | |
| Civil Engg. | Lab Assistant (Diploma) Surveyor (ITI) | | |
| Electrical Engg. | Guest Lecturer | | |
| Computer Science & Engg. | Lab Assistant | | |
| | Guest Lecturer | 03-09-2026 | |

**Important Instructions:**
1. Essential qualifications are as per **AICTE/UGC/DSTTE** Norms.
2. This engagement will be purely temporary and remuneration based.
3. Remuneration will be as per existing rules and directives of DSTTE, Government of Bihar.
4. The institute reserves the right to withdraw the partial or full advertisement/notification w.r.t. walk-in-interview without assigning any reason.
5. The services may be terminated without notice if found unsatisfactory and no claim will be entertained in this regard.
6. Reservation will be as per existing state government rules and directives of DSTTE, Bihar.
7. No TA/DA will be admissible.
8. Keep viewing institute website for any updates regarding any change in interview date and timing.

**Principal**
**Government Polytechnic, Aurangabad**

This information is available on website **state.bihar.gov.in/prdbihar** also
PR. No.010445 (Sci & Tech) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस, संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ेगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन और भंडारण पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ाने का फैसला लिया है। सोमवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स और जिला पर्यावरण समिति की अलग-अलग समीक्षा बैठक की। इस दौरान खनिज संपदा की सुरक्षा, सरकारी राजस्व और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। खनन, पुलिस और वन विभाग को संयुक्त रूप से नियमित जांच व छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी के साथ चेक पोस्ट और



पिकेट पर खनिज लदे वाहनों की सघन जांच करने को कहा गया। बिना वैध चालान, ओवरलोडिंग या अवैध तरीके से खनिज परिवहन करते पाए जाने वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सभी एसडीओ, एसडीपीओ और अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया क पर्यावरणीय मानकों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई जिला पर्यावरण समिति की बैठक में वायु और जल प्रदूषण, औद्योगिक इकाइयों के पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन और अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्टोन माइंस, क्रशर, औद्योगिक क्षेत्रों और अवैध डंपिंग स्थलों की नियमित जांच के निर्देश दिए क औद्योगिक इकाइयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग , ईटीपी एसटीपी के प्रभावी संचालन और औद्योगिक कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण पर जोर दिया गया। दूषित जल को उपचार के बाद ही नदी या अन्य जलस्रोतों में छोड़ने तथा औद्योगिक धुएं और प्रदूषक उत्सर्जन की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। नर्सिंग होम और स्वास्थ्य संस्थानों समेत होटल व अन्य संस्थानों में पर्यावरणीय मानकों की जांच करने तथा आवश्यक कंसट टू ऑपरेट (सीटीओ ) के बिना संचालित संस्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में विकास और औद्योगिक गतिविधियां पर्यावरणीय नियमों के अनुरूप ही संचालित होंगी। प्राकृतिक संसाधनों, जल, वायु और भूमि की सुरक्षा के लिए प्रशासन की निगरानी और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## कृषि योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने पर डीसी का जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने सोमवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक कर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को कृषि योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्रति जागरूक करने के लिए तैयार तकनीकी लिफलेट और बुकलेट का व्यापक वितरण सुनिश्चित करने को कहा। इनमें जीवामृत, बीजामृत, जैविक खेती, कीटनाशक प्रबंधन और नीम आधारित कीटनाशक से संबंधित जानकारी शामिल है।समीक्षा के दौरान सात प्रखंडों में आयोजित कृषक गोष्ठियों,



इसका सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में आत्मा के माध्यम से किसानों के लिए आयोजित प्रशिक्षण, कृषि मेला, एक्सपोजर विजिट और प्रत्यक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बताया गया कि वर्ष 2025-26 में किसानों को आईसीएआर एनआरआरआई , कटक समेत अन्य कृषि संस्थानों का भ्रमण कराकर उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। डीसी ने ऐसे कार्यक्रमों को अधिक उपयोगी और परिणामपरक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को जैविक एवं कम लागत वाली खेती के हाइब्रिड मूंग के प्रत्यक्षण और सब्जी प्रत्यक्षण कार्यक्रमों की भी जानकारी ली गई। डीसी ने सफल कृषि तकनीकों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने और योजनाओं की नियमित निगरानी का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि कृषि योजनाओं की सफलता तभी मानी जाएगी, जब किसानों को योजनाओं और आधुनिक तकनीक का वास्तविक लाभ मिले। बैठक में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी समेत कृषि विभाग एवं आत्मा के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### लातेहार में दो सड़क हादसे, पांच घायल; दो की हालत गंभीर

**लातेहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच, मेदिनीनगर रेफर किया गया। छिपादोहर थाना क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग के पास कार और बाइक की सीधी टक्कर में सचिन कुमार विश्वकर्मा और उनका साथी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को बरवाडीह अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर स्थिति में सचिन को मेदिनीनगर रेफर किया गया। वहीं, बरवाडीह के धड़धड़ी नदी पुल के पास बाइक और मोपेड की भिड़ंत में कमलेश उरांव, संतोष उरांव और अमित उरांव घायल हुए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कमलेश को एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

### काढ़ागोला घाट पर पुलिसकर्मियों से मारपीट शराब के नशे में तीन युवक गिरफ्तार

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** श्रावणी सोमवारी के दौरान काढ़ागोला गंगा घाट पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों से मारपीट करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में बरारी पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। तीनों युवक कोढ़ा थाना क्षेत्र के नवाबगंज के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस ने उनकी अपाची बाइक भी जब्त कर ली है।पुअनि शिवम कुमार चौधरी ने बताया कि सोमवार तड़के करीब 3:35 बजे तीन युवक बाइक से काढ़ागोला घाट पहुंचे। उस समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बाइक निर्धारित पार्किंग स्थल पर लगाने के लिए कहा। इसी बात पर विवाद शुरू हो गया।

### महान आध्यात्मिक चिंतक और दार्शविद कवि थे हृदय नारायण

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय-चेतना के यशस्वी कवि हृदय नारायण एक महान आध्यात्मिक-चिंतक और दर्शन के कवि थे। वे हिन्दी-साहित्य के विनम्र साधु-पुरुष थे। लेखन की दृष्टि से भी और आचरण-व्यवहार और व्यक्तित्व से भी। उनकी आध्यात्मिक और साहित्यिक साधना साथ-साथ चली। संसार में रहते हुए भी उन्होंने एक संत की भाँति तपस्या की और सिद्धि भी प्राप्त की। वे भारतीय दर्शन के सिद्ध व्याख्याता भी थे। यह बातें शनिवार को साहित्य सम्मेलन में, कल्याणोदय, पटना के सौजन्य से आयोजित जयंती-



सह-स्मृति सम्मान समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष के तप पर आधारित चिंतन के गर्भ से भारतीय-दर्शन का प्रस्फुटन हुआ। हमारा चिंतन 'सादा-जीवन और उच्च विचार' का है। हमारे महान ऋषियों के मुख से निकला हमारा दर्शन मानव जीवन को विलासिता-पूर्ण नहीं, अपितु 'आनंद-पूर्ण' और 'आनन्द-प्रद'बनाने की शिक्षा देता है। पुण्य-श्लोक हृदय जी ने अपने साहित्य में इन्हीं विचारों को अभिव्यक्ति दी है। उनकी ४० से अधिक पुस्तकों में उनका व्यापक दार्शनिक-चिंतन प्रकट हुआ है। 'गीता', 'गांधी' और'विवेकानंद' पर उनके विशेष कार्य आज भी प्रेरणा देते हैं। उन्होंने अपने साहित्य और आचरण से सिखाया कि हमें निरन्तर कर्म करना चाहिए। समारोह का उद्घाटन करते हुए, 'पद्मभूषण' से अलंकृत चिकित्सक और पूर्व केंद्रीयमंत्री डा सी पी ठाकुर ने कहा कि हृदय नारायण जी पर महात्मा गाँधी का गहरा प्रभाव था। वे जीवन पर्यंत गीता और गाँधी का अनुसरण करते रहे। उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलनों में भी भाग लिया। स्वर्गीय हृदय नारायण के चिकित्सक पुत्रों डा निगम प्रकाश नारायण, डा निर्मल प्रकाश नारायण, डा निकुंज प्रकाश नारायण, पुत्रवधु डा संगीता नारायण , सतीश चंद्र प्रसाद तथा डा शाहिद जमील ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डा निगम ने कहा कि पिताजी यह मानते थे कि साहित्य केवल ऋंगार नहीं, सत्य की साधना है। साहित्य केवल विचारों में ही नहीं आचरण में भी लक्षित होनी चाहिए।

## नशे के खिलाफ नकॉर्ड की बैठक में उपायुक्त ने दिए कड़े निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध खेती और नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाने को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने सोमवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन कमेटी (नकॉर्ड ) की बैठक की। बैठक में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, अवैध मादक फसलों की खेती की सूचना पर तत्काल



कार्रवाई करने और इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नशा उन्मूलन के लिए कार्रवाई के साथ-साथ जनजागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा और औषधि नियंत्रण विभाग को संयुक्त रणनीति के तहत काम करने तथा युवाओं और आम लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।बैठक में औषधि निरीक्षक को नशीली दवाओं के भंडारण और बिक्री की नियमित जांच करने, बिना चिकित्सकीय पर्ची दवा बेचने पर रोक लगाने तथा दवा दुकानों के अभिलेखों की जांच करने का निर्देश दिया गया। वहीं, अवैध रूप से चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित करने वाले झोलाछाप चिकित्सकों पर भी नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समेत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर मंत्री से हस्तक्षेप की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** छात्र-छात्राओं से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकरमंटू मुर्मू ने वीडियो जारी कर सरकार और संबंधित मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। वीडियो में उन्होंने छात्र-छात्राओं की समस्याओं और उनकी मांगों को गंभीरता से लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छात्रों के हित से जुड़े मामले को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है। वीडियो में उन्होंने झारखंड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से भी इस मामले में पहल करने और छात्र छात्राओं की समस्याओं का समाधान कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सरकार को संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिए, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंत्री मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करेंगे।

## तेज रफ्तार ट्रक से कुचल बाइक सवार महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबादः छोटकी खरगडीहा-नवडीह मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर देवाटांड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार 50 वर्षीय महिला शहीदन खातून की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उनके पति वसीर अंसारी मामूली रूप से घायल हुए, जबकि बहू और तीन वर्षीय पोता बाल-बाल बच गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया। करीब घंटों तक आवागमन बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र



प्रसाद वर्मा, बेंगाबाद थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह, एसआई विजय मंडल और एएसआई अशोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जाम हटाने और शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। मामले की जानकारी मिलने पर बेंगाबाद बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू ने तत्काल 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। साथ ही सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। मैयत में शामिल होने जा रहे थे परिवार के लोग बताया गया कि धोथो गांव निवासी वसीर अंसारी अपनी पत्नी शहीदन खातून, बहू और तीन वर्षीय पोते के साथ बाइक से झबदाटांड़ गांव स्थित रिश्तेदार के यहां मैयत में शामिल होने जा रहे थे। दोपहर करीब सवा 12 बजे देवाटांड़ के पास छोटकी खरगडीहा की ओर से नवडीह की तरफ जा रहे प्लास्टिक पाइप लदे ट्रक ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में शहीदन खातून की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागने लगा। स्थानीय लोगों ने पीछा कर नवडीह के पास ट्रक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

## झारखंड के खनिज संसाधनों पर हक की लड़ाई, 27 को जिला मुख्यालयों पर धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड की स्थापना इस उम्मीद के साथ हुई थी कि राज्य के खनिज एवं प्राकृतिक संसाधनों का लाभ यहां की जनता को मिलेगा। लेकिन आज केंद्र सरकार राज्य की प्राकृतिक संपदा का लाभ छीन रही है। यह बात कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव धनंजय कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के बीच संस्थाओं से संबंधित किसी भी नई व्यवस्था में झारखंड के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। खनिज से मिलने वाली



अतिरिक्त राशि केवल बजट का हिस्सा नहीं है, बल्कि इसका उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं, विस्थापित परिवारों तथा आदिवासी-मूलवासी समुदायों के विकास में किया जाता है। धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के अनुसार खनिज विकास एवं नियम संशोधन विधेयक 2026 में आवश्यक संशोधन नहीं किए गए तो इस वर्ष झारखंड को करीब 14 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है।उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी इसी मुद्दे को लेकर 27 अगस्त को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करेगी। वहीं 7 सितंबर को प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झारखंड के खनिज संसाधनों पर राज्य और यहां की जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

## तेलोडीह पंचायत सचिवालय में प्रमाणपत्र निर्माण को लेकर विशेष शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सोमवार को तेलोडीह पंचायत सचिवालय में जाति, आवासीय एवं जन्म प्रमाणपत्र बनाने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जहां सीएससी संचालकों ने प्रमाणपत्र से संबंधित आवेदन ऑनलाइन अपलोड किए। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही प्रमाणपत्र बनवाने की सुविधा मिली, जिससे उन्हें प्रखंड



कार्यालय का चक्कर लगाने से राहत मिली। शिविर को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया शब्बीर आलम, सभी वार्ड प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खेतों में उतरे जिला कृषि पदाधिकारी खुद किया डिजिटल क्रॉप सर्वे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** किसान हित में संचालित फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने प्राणपुर, कटिहार, बरारी समेत विभिन्न प्रखंडों का क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में पहुंचकर स्वयं करीब 30 खेतों का डिजिटल क्रॉप सर्वे किया और करीब 25 किसानों की फार्मर आइडी जेनरेट की।उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि इससे भूमि एवं कृषि संबंधी विवरण डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। नई जमाबंदी होने पर संबंधित खेत का क्षेत्रफल भी पूर्व से जारी फार्मर आइडी में जुड़ जाएगा। इसलिए किसानों को भूमि एवं जमाबंदी का विवरण अद्यतन रखने की सलाह दी गई।प्राणपुर बीज उत्पादन प्रक्षेत्र में



संकर धान और उरद की फसल का निरीक्षण किया गया। उडद में भुआ कीट का प्रकोप मिलने पर अनुशंसित कीटनाशी के छिड़काव का निर्देश दिया गया। संकर धान की फसल की स्थिति संतोषजनक मिली। संभावित सुंडी कीट के प्रकोप को देखते हुए बर्ड पर्च और रस्सी चलाने जैसी समेकित एवं यांत्रिक कीट प्रबंधन विधियां अपनाने को कहा गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि रविवार को जिले में कुल 400 किसानों की फार्मर आइडी जेनरेट की गई। उन्होंने अधिकारियों-कर्मियों को किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाकर लक्ष्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

## किसानों का हल्ला बोल, मंत्री के नाम 7 सूत्री मांगों का ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** संयुक्त किसान सभा के देशव्यापी आह्वान के तहत सोमवार को अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश नेता पूरन महतो और मजदूर नेता राजेश सिन्हा ने झारखंड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के नाम झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों और मजदूरों से जुड़ी सात प्रमुख मांगों के साथ गिरिडीह की स्थानीय समस्याओं को भी उठाया गया। किसान नेता पूरन महतो ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों से किए वादों को पूरा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि 9 दिसंबर 2021 को किसान आंदोलन के बाद एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्ज माफी, बिजली निजीकरण रोकने और मुकदमे वापस लेने सहित कई आश्वासन दिए गए थे, लेकिन अब तक उन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि किसान अब अपने अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष करेगा। मजदूर नेता राजेश सिन्हा ने



कहा कि किसान और मजदूर अपने अधिकारों के लिए एकजुट हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने की चेतावनी देते हुए कहा कि 2029 में किसान मजदूर सरकार की नीतियों का जवाब देंगे।ज्ञापन की प्रमुख मांगों में सभी फसलों पर सी2+50 प्रतिशत के आधार पर कानूनी एमएसपी और खरीद की गारंटी, किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी, किसान आत्महत्या से प्रभावित परिवारों को ₹25 लाख मुआवजा, चार श्रम संहिताओं को रद्द कर ₹31 हजार न्यूनतम मजदूरी लागू करना, मनरेगा में 200 दिन काम और ₹700 दैनिक मजदूरी देना शामिल है। इसके अलावा भारत अमेरिका एफटीए समेत मुक्त व्यापार समझौतों को रद्द करने, बिजली निजीकरण विधेयक 2025, बीज विधेयक और खाद्य सुरक्षा संशोधन वापस लेने तथा जबरन भूमि अधिग्रहण रोकने की मांग की गई। प्रतिनिधियों ने एलएआरआर 2013, एफआरए 2006 और पेशा 1996 को प्रभावी रूप से लागू करने की भी मांग उठाई। गिरिडीह की स्थानीय समस्याओं को लेकर आदिवासियों को तत्काल वनपट्टा देने, गैरमजरुआ जमीन की रसीद काटने की गारंटी, औद्योगिक क्षेत्र में बर्बाद फसलों का मुआवजा, हाथियों से बर्बाद फसल पर दोगुना मुआवजा और हाथी हमले में मौत होने पर ₹25 लाख मुआवजा देने की मांग की गई। औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण पर नियंत्रण की भी मांग उठाई गई। किसान महासभा ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो 26 नवंबर 2026 से किसान एक बार फिर बड़े आंदोलन की शुरूआत करेंगे।

# आदर्श विद्यालय के रूप में जिले के 14 विद्यालय विकसित

## सभी आदर्श विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा राज्य के सभी प्रखंडों में स्थापित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के संबंध में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा राज्य के 38 जिलों के 700 सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालयों में 24X7, 1:1 इंटरैक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म 'बिहार विद्या साथी' का शुभारंभ किया गया है। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले में कुल 14 विद्यालयों को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में विकसित किया गया है। समीक्षा बैठक में निर्देश दिया गया कि जिले में संचालित सभी सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं एवं शैक्षणिक व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करते हुए आवश्यक कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आदर्श विद्यालयों में विद्यार्थियों को नीट की तैयारी हेतु कोचिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया, ताकि इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं अवसर उपलब्ध हो सके। सभी आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ जिलाधिकारी द्वारा नियमित बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। इन बैठकों के माध्यम से विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, उपलब्ध संसाधनों, आवश्यकताओं एवं विद्यालय से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की नियमित समीक्षा की जाएगी। प्रधानाध्यापकों को अपने-अपने विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया गया, ताकि विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं विद्यालय से संबंधित विषयों पर अभिभावकों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित किया जा सके। बैठक में सभी मॉडल स्कूलों के लिए एक-एक वरीय पदाधिकारी को नामित करने का निर्देश दिया गया। नामित वरीय पदाधिकारी संबंधित विद्यालय का नियमित अनुश्रवण एवं निरीक्षण करेंगे तथा विद्यालय की आवश्यकताओं एवं समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उक्त सभी व्यवस्थाओं एवं निर्देशों को सितंबर माह के प्रथम सप्ताह से प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया गया है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आदर्श विद्यालयों में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का भी निर्देश दिया गया। इसके साथ ही विद्यालय की कक्षाओं में क्लास मॉनिटर प्रणाली लागू करने को कहा गया, ताकि विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास हो सके। जिला प्रशासन द्वारा इन सभी निर्देशों के अनुपालन की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) में विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आवश्यक सुविधाएं एवं अनुशासित विद्यालयी व्यवस्था प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जा सके।

# डीएम ने जनता दरबार में लोगों की सुनीं समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान जीवन आसान पहल के तहत डीएम अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

## छापेमारी में कोढ़ा गैंग के सदस्य के घर से 2.90 लाख रुपये बरामद

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा थानांतर्गत एक महिला से छिनतई के कांड में ओबरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की हैं। कार्रवाई के फलस्वरूप कोढ़ा गैंग के सदस्य के घर से 2 लाख 90 हजार रुपये बरामद किया गया है। जानकारी के फलस्वरूप 19 अगस्त को एक महिला ओबरा के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 3,00,000 रुपये निकालकर अपने घर जा रही थी। इसी दौरान कारा मोड़ के आगे बाइक सवार दो अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा महिला से रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। इस संदर्भ में महिला के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा के द्वारा दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम के द्वारा छिनतई में शामिल एक अपराधी की पहचान सुप्रसिद्ध 'कोढ़ा गैंग' के सदस्य के रूप में की गई। चिन्हित अपराधी की गिरफ्तारी और रुपयों की बरामदगी के लिए गठित विशेष टीम द्वारा कटिहार के कोढा क्षेत्र में अभियुक्त के घर पर सघन छापेमारी की गई।

# सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

### योजना का उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ एवं किफायती बिजली उपलब्ध कराना

## योजना के व्याप्क प्रचार प्रसार पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति, पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन की प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में अब तक हुई प्रगति, लाभुकों को योजना से जोड़ने की स्थिति, सोलर रूफटॉप प्लांट के अधिष्ठापन तथा लंबित मामलों के निष्पादन की बिंदुवार समीक्षा की गई। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को इसका लाभ उपलब्ध कराने के लिए विभागीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ एवं किफायती बिजली उपलब्ध कराना तथा उन्हें बिजली की बढ़ती लागत से राहत प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप प्लांट की स्थापना के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के साथ-साथ राज्य सरकार द्वारा भी अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह ने बैठक में योजना के निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना के संबंध में आम नागरिकों को सरल एवं स्पष्ट रूप से जानकारी उपलब्ध कराते हुए पात्र परिवारों को सोलर रूफटॉप प्लांट की स्थापना के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि अधिकाधिक परिवार योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी जिला परिषद सदस्यों से भी अपने-अपने क्षेत्र में आम नागरिकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना की जानकारी उपलब्ध कराने एवं सोलर रूफटॉप लगाने हेतु प्रेरित करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के क्रियान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें तथा प्रगति प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराएं। बैठक में वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा कुमार, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग प्रियंका कुमारी सहित जिला स्तरीय संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों की हर समस्या का होगा समाधान

## 'विद्यार्थी सहयोग पोर्टल' की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार से राज्य के 38 जिलों के 700 सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालयों में 'बिहार विद्या साथी' का शुभारंभ किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बिहार विद्या साथी' के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई और अधिक सरल एवं सुगम होगी। विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन शिक्षक उपलब्ध रहेंगे। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क लाइव शिक्षा के साथ अपनी पसंद के शिक्षक से पढ़ने की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से 700 मॉडल विद्यालयों के करीब 3 लाख विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। 24 घंटे वन-टू-वन लाइव ट्यूटर सपोर्ट के लिए लगभग 75 हजार शिक्षक उपलब्ध रहेंगे। पढ़ाई के दौरान पाठ से संबंधित किसी भी समस्या का निःशुल्क एवं त्वरित समाधान, असीमित अध्ययन तथा डिजिटल टूल्स के माध्यम से कॉन्सेप्ट लर्निंग की सुविधा भी विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि 'बिहार विद्या साथी' के माध्यम से बिहार बोर्ड की पढ़ाई के साथ-साथ जेईई एवं एनईईटी की तैयारी तथा डिजिटल अध्ययन सामग्री की सुविधा भी विद्यार्थियों को प्राप्त होगी। यह पहल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उनकी शैक्षणिक क्षमता को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में 'बिहार विद्या साथी' के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विद्यार्थियों तक इसकी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पात्र विद्यार्थियों को प्लेटफॉर्म की जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें इसका नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए तथा तकनीकी अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के अलावा तीन अन्य के घरों में चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के वास्तु विहार सोसाइटी में चोरों ने एक ही रात में चार बंद मकानों को निशाना बनाकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरी की वारदात बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के बंद मकान में भी हुई। इसके अलावा सोसाइटी के तीन अन्य घरों के ताले तोड़कर चोरों ने सामान खंगाला। राजेश राम एक दिन पहले ही अपने आवास में ताला लगाकर पटना के लिए रवाना हुए थे। सोमवार को चोरी की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस नेता सूरज राय मौके पर पहुंचे। घर के मुख्य दरवाज़े का ताला टूटा हुआ मिला। हालांकि, राजेश राम के आवास से कितने सामान की चोरी हुई है, इसका आकलन अभी नहीं हो सका है। पुलिस ने घटना के बाद सोसाइटी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में चार संदिग्ध बाउंड्री फांदकर सोसाइटी के अंदर प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि संदिग्ध करीब एक घंटे तक सोसाइटी के अंदर रहे। चोरी के बाद वे उसी रास्ते से बाहर निकल गए। आवास की देखरेख करने वाले कर्मा रोड निवासी केयरटेकर जीतन रविवार शाम घर में ताला लगाकर अपने गांव चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने राजेश राम के घर के अलावा संतोष सिंह, प्रदीप सिंह और बृजेश कुमार के बंद मकानों को भी निशाना बनाया। इनमें सबसे बड़ी चोरी संतोष सिंह के घर में हुई है। वहां से करीब 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने की बात सामने आई है। संतोष सिंह फिलहाल देवघर गए हुए हैं, जबकि उनकी पत्नी कर्मा रोड स्थित अपनी बहन के घर गई थीं। सुबह घर लौटने पर मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर अलमारी भी टूटी हुई थी और उसमें रखे गहने गायब थे। वास्तु विहार सोसाइटी में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। करीब 14 महीने पहले भी फ़ेज-1 और फ़ेज-2 में चोरी की वारदात सामने आई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछली घटना के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। एक ही रात में चार मकानों में चोरी के बाद सोसाइटी के लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर चोरों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। थानाध्यक्ष भवन बैठने बताया कि घटना के सभी बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक जांच की जा रही है।

# पर्चा की जमीन को लेकर मारपीट मामले के पांच अभियुक्तों को कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय आनंदिता सिंह ने कुटुंबा थाना की एक कांड में सज़ा के बिन्दू पर सुनवाई करते हुए सभी पांचों अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। एपीपी मदन प्रसाद ने बताया कि थाना क्षेत्र के बसडिहा निवासी अभियुक्त रमेश राम, प्रमोद राम, विनोद राम, धिरेन्द्र राम एवं लालदेव राम को भादंवि धारा -341/149 में एक माह की सजा, धारा 323/149 में छह महीने की सजा, धारा 324/149 में दो साल की सजा, धारा 147 में छह महीने की सजा, धारा 148 में एक साल की सजा और 307/149 में पांच साल की सजा और 15 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्तों को उल्लेखित धाराओं में 17 अगस्त को दोषी ठहराया गया था और अन्य चार महिला अभियुक्त चिंता देवी, कुंती देवी, मरच्छी देवी एवं सुनीता राम को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। इस वाद के सूचक विजय राम ने 6 अप्रैल 2013 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि 3 अप्रैल 2013 को 1:30 बजे दिन में एक फोन आया कि तुम्हारे बेटे जितेन्द्र को कुछ लोग मार देंगे तो दोडकर देखने गए। इस दौरान सभी अभियुक्तों ने मिलकर हम पर हमला कर दिया जिससे हमारा सिर फट गया और मैं बेहोश हो गया।

# 41 शिक्षण संस्थानों में आज लगेगा प्रथम सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले में प्रथम विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन 25 अगस्त को चिन्हित 41 विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों एवं विभिन्न छात्रावासों में किया जाएगा। गौरतलब है कि 17 अगस्त को मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा विद्यार्थी सहयोग पोर्टल का लोकार्पण किया गया है। विद्यार्थियों द्वारा अपनी शिकायतें एवं सुझाव इसी पोर्टल के माध्यम से समर्पित किए जाएंगे। संबंधित शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों के वास्तविक छात्र-छात्राएं ही विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर निबंधन कर सकेंगे। विद्यार्थी सहयोग शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक एवं संस्थागत समस्याओं तथा सुझावों को उचित स्तर पर रखने का अवसर प्राप्त होगा तथा प्राप्त शिकायतों के निर्धारित प्रक्रिया एवं समय-सीमा के अंतर्गत प्रभावी समाधान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण करते हुए उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन जिले के संबंधित सरकारी शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों में किया जाना है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालयों, अंगीभूत महाविद्यालयों, अभियंत्रण महाविद्यालयों, चिकित्सा महाविद्यालयों, पोलीटेक्निक, आईटीआई, पारा मेडिकल महाविद्यालय, नर्सिंग स्कूल, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के छात्रावासों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के छात्रावासों, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के छात्रावासों, कस्तूरबा गांधी छात्रावासों तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेत्रहीन एवं मूकबधिर विद्यालयों में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद अभिलाषा शर्मा द्वारा विद्यार्थियों की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु जिले में विद्यार्थी सहयोग शिविर के आयोजन के लिए अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता तथा दयाशंकर, जिला शिक्षा पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। विद्यार्थी सहयोग शिविर के प्रशिक्षण एवं उससे संबंधित तकनीकी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को ससमय सुनिश्चित करने हेतु ऋतिक आनंद, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी तथा प्रदीप कुमार, जिला आईटी प्रबंधक को प्राधिकृत किया गया है।

# दिनदहाड़े गल्ला दुकान से रुपयों से भरा बक्सा ले भागे चोर

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोमवार को कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबा-नवीनगर मुख्य पथ पर स्थित आदर्श गल्ला भंडार से चोर दिनदहाड़े करीब 45 हजार रूपये नकदी से भरा बक्सा लेकर फरार हो गया। इस घटना से बाजार के दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। वहीं लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं और काफी नाराजगी है। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार अरविंद साव ने कुटुंबा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को करीब 11 बजे दुकान से सटे अपने घर में आवश्यक कार्य से गए थे। कुछ देर बाद लौटे तो गल्ले में रखा नकदी वाला बक्सा गायब था। आशंका है कि उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर चोर दुकान में घुसा और बक्सा लेकर भाग निकला।

# क्षतिग्रस्त मेंह पुल पर किसी भी परिस्थिति में नहीं होगा भारी वाहनों का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय के सभा कक्ष में बारूण-नवीनगर पथ के 11वें किमी में ग्राम मेंह के पास सोन उच्चस्तरीय नहर पर स्थित क्षतिग्रस्त उच्चस्तरीय पुल से भारी वाहनों के परिचालन एवं वैकल्पिक यातायात व्यवस्था को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में क्षतिग्रस्त मेंह पुल की वर्तमान स्थिति, पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध, वैकल्पिक मार्गों से वाहनों के परिचालन तथा प्रमुख स्थलों पर यातायात व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने पुल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षतिग्रस्त मेंह पुल से भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रखने तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि एनटीपीसी एवं बीआरबीसीएल, नवीनगर से निकलने वाले तथा जपला की ओर से आने वाले भारी वाहनों को नवीनगर-अम्बा-चतरा होते हुए एनएच-2 के निर्धारित वैकल्पिक मार्ग से परिचालित कराया जाए। भारी वाहनों का परिचालन मुख्यतः रात्रि 8 बजे से प्रातः 7 बजे तक नियंत्रित रूप से कराने का निर्देश दिया गया, ताकि दिन के समय सामान्य यातायात पर न्यूनतम प्रभाव पड़े तथा क्षतिग्रस्त पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश को प्रभावी रूप से रोका जा सके। रात्रि के समय नवीनगर से औरंगाबाद तथा औरंगाबाद से नवीनगर की ओर आने-जाने वाले हल्के एवं छोटे वाहनों को चतरा मोड़-माली-चतरा मोड़-जयहिंद तेंदुआ होते हुए नवीनगर जाने वाले मार्ग से परिचालित कराने की व्यवस्था की गई है। बसन बिगहा मोड़ पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को निर्देशित किया गया कि रात्रि 8 बजे से प्रातः 7 बजे तक आवश्यकता के अनुसार हल्के एवं छोटे वाहनों को नवीनगर-माली-चतरा मोड़ मार्ग से नियंत्रित एवं सुचारु रूप से परिचालित कराना सुनिश्चित करें। अम्बा चौक के समीप सड़क संकरी होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन से जाम की संभावित स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी, कुटुंबा एवं थानाध्यक्ष, अम्बा थाना को संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर अवैध/अनावश्यक अतिक्रमण हटाने तथा यातायात को सुगम बनाने का निर्देश दिया। साथ ही, अम्बा चौक से भारतमाला परियोजना से संबंधित वाहनों के दिन के समय सुचारु एवं नियंत्रित आवागमन हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक, यातायात को आपसी समन्वय से आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# हत्या के प्रयास मामले में औरंगाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक व्यक्ति पूर्व में इसी मामले में प्रयुक्त हथियार अपने एक नाबालिग साथी के पास रखने की बात स्वीकार कर चुका है। जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त को पौथू थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि पौथू थाना कांड संख्या-81/26, हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के मामले का नामजद आरोपी पिंटू कुमार बिना नंबर की मोटरसाइकिल से गोह-घेजना के रास्ते पौथू की ओर जा रहा है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पौथू थाना पुलिस ने अंबा मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस ने नामजद आरोपी पिंटू कुमार को बिना नंबर की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पिंटू कुमार ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि उसने 17 अगस्त को अपने साथी सन्नी कुमार के साथ मिलकर ग्राम मंझौली में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। उसने यह भी बताया कि घटना में प्रयुक्त हथियार को छिपाने के लिए उसने अपने साथी सन्नी कुमार को दे दिया था। पुलिस ने इसके बाद बंदेया थाना पुलिस के सहयोग से बंदेया थाना क्षेत्र के ग्राम सोसुना में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि घटना में प्रयुक्त हथियार उसके एक विधि-विरुद्ध साथी के पास रखा गया है। इसके बाद औरंगाबाद पुलिस ने सन्नी कुमार की निशानदेही पर संबंधित बालक के घर छापेमारी की। तलाशी के दौरान एक अवैध देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने मामले में बालक को भी निरुद्ध कर लिया है। इस संबंध में बंदेया थाना कांड संख्या-97/26, दिनांक 24 अगस्त 2026 के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि निरुद्ध बालक को नियमानुसार न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पिंटू कुमार, उम्र करीब 22 वर्ष, पिता रामपुकार यादव, ग्राम एड़ी, थाना उपहारा तथा सन्नी कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता

## विभिन्न मामलों में 43 गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार, एससी-एसटी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत सात तथा अन्य मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 83.5 लीटर देसी शराब, एक बाइक एवं सिलेंडर गैस बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 819 वाहनों की जांच की गई।

# सूने कैंपस से मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सोमवार की सुबह 40 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। मामला औरंगाबाद शहर के राम लखन सिंह यादव कॉलेज के समीप चहारदीवारी के अंदर की है। मृतक की पहचान झारखंड के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआडा गांव निवासी फकीरा मेहता उर्फ शिव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, फकीरा मेहता औरंगाबाद शहर के पोखरा मोहल्ले में अजय मेहता के मकान में किराये पर रहते थे। वह ठेला लगाकर गुपचुप बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। शनिवार की शाम वह रोज की तरह अपना ठेला लेकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद उसकी पत्नी रेखा देवी और अन्य परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। अहले सुबह राम लखन सिंह यादव कॉलेज के समीप कुछ लोगों की नजर चहारदीवारी के अंदर पड़े शव पर पड़ी। शव दिखाई देने के बाद लोगों ने शोर मचाया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। स्थानीय लोगों ने शव की पहचान फकीरा मेहता के रूप में की और उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखकर रोने लगे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।